हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

रांची, औरंगाबाद एवं आरा से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.sonvarshavani.com

● रांची ● वर्ष -04 ● अंक - 233 ● शनिवार 05 अक्टूबर 2024 ● रजि नं. - JHAHIN/2022/82776 ● पृष्ठ -12 ● मूल्य : 2 रुपये

### तृतीय मां चंद्रघंटा



देवी मां के तृतीय ईश्वरीय स्वरूप का नाम मां चन्द्रघण्टा है।'चंद्र' हमारी बदलती हुई भावनाओं, विचारों का प्रतीक है (ठीक वैसे ही जैसे चन्द्रमा घटता व बढ़ता रहता है)। 'घंटा' का अर्थ है जैसे मंदिर के घण्टे-घड़ियाल।

## कैलास मानसरोवर के दर्शन को भक्तजनों को नहीं होगी टेंशन

### चीन नहीं अब अपने देश 'भारत' की धरती से होंगे दर्शन

**पिथौरागढ़ (एजेंसी)।** भगवान 'भोले' के दर्शन को अब भक्तजनों को किसी भी बात की टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। चीन नहीं बल्कि अब अपने देश भारत की धरती से ही श्रद्धालु कैलास के दर्शन कर सकेंगे। उत्तराखंड सरकार की इस पहल से तीर्थ यात्रियों के पहला जत्था दर्शन कर सकुशल वापस लौट आया है। भारत की धरती से पहली बार दर्शन को निकला पांच सदस्यीय दल पवित्र कैलास पर्वत के दीदार कर वापस गुंजी लौट आया है। कैलास दर्शन यात्रा के प्रस्तावित कार्यक्रम से एक दिन पहले ही यात्रियों को ओल्ड लिपूलेख व्यू प्वाइंट ले जाया गया। यहां से उन्होंने शिव के धाम कैलास पर्वत को निहारा। यात्रियों ने कहा कि कैलास पर्वत के दर्शन कर उन्हें स्वर्ग जैसी अनुभूति हुई। गुंजी से गुरुवार सुबह पांच बजे राजस्थान, चंडीगढ़ और मध्य प्रदेश के यात्री नीरज मनोहर लाल चौकसे, मोहिनी नीरज चौकसे, अमनदीप कुमार जिंदल, केवल कृष्ण व नरेंद्र कुमार पहले वाहन और फिर करीब ढाई किमी की पैदल यात्रा की। पैदल यात्रा कर आठ बजे के आसपास ओल्ड लिपूलेख स्थित व्यू प्वाइंट पहुंचे।



## रिजल्ट से पहले ही कश्मीर में ऐक्टिव हो गई है बीजेपी

- एनसी और भाजपा के गठजोड़ के चर्चे शुरू, बीजेपी प्रतिनिधि से मिले फारुक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्या नेशनल कॉन्फ्रेंस की भाजपा के साथ चुनाव बाद गठबंधन के लिए बातचीत चल रही है। विधानसभा चुनाव नतीजों से ठीक पहले जम्मू-कश्मीर में ये चर्चाएं तेज है। इसे लेकर अब नेशनल कॉन्फ्रेंस का बयान आया है। इसमें उसने कहा कि हम पीछे के दरवाजे इंडिया अलायंस से बाहर एक अलग गठबंधन की चर्चाओं को खारिज करते हैं। हम जनता से अपील करते हैं कि वह ऐसे फर्जी दावों पर भरोसा न करे, जिन्होंने हम पर यकीन किया है। हम ऐसी अफवाहों को खारिज करते हैं और लोगों से अपील है कि ऐसी चर्चाओं पर यकीन न किया जाए। यह चर्चा इस बात से शुरू हुई थी, जिसमें श्रीनगर के पूर्व मेयर जुनैद अजीम मट्टू ने एक पोस्ट में ऐसा दावा किया था। मट्टू ने एक्स पर लिखा था, भाजपा के किस प्रतिनिधि से अब्दुल्ला की दो बार मुलाकात हुई है।

## केजरीवाल ने 9 साल बाद छोड़ा मुख्यमंत्री आवास

### एएपी सांसद के बंगले में शिफ्ट हुए दिल्ली के पूर्व सीएम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फ्लैग स्टाफ रोड स्थित सीएम आवास खाली कर दिया है। वे शुक्रवार दोपहर लुटियंस दिल्ली में फिरोजशाह रोड पर बंगला नंबर-5 में शिफ्ट हो गए। यह बंगला पंजाब से एएपी के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल को दिया गया है। केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल, माता-पिता और दोनों बच्चों के साथ शिफ्ट हुए हैं। अशोक मित्तल और उनकी पत्नी ने सभी का अपने घर में स्वागत किया। मित्तल ने न्यूज एजेंसी से कहा कि केजरीवाल गेस्ट के तौर पर मेरे घर में शिफ्ट हुए हैं। केजरीवाल ने 17 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने सीएम आवास और सभी सरकारी सुविधाएं छोड़ने का ऐलान किया था। एएपी ने कहा था कि केजरीवाल नया घर देख रहे हैं। वे ऐसी जगह ढूंढ़ रहे हैं, जहां रहने में कोई विवाद न हो। एएपी ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार से केजरीवाल को नेशनल पार्टी के प्रमुख के तौर पर आवास मुहैया कराने की मांग की गई थी।



## चिटफंड घोटाला मामले में ईडी का ताबड़तोड़ ऐक्शन

### कोलकाता और दिल्ली समेत कई शहरों में जबरदस्त छापेमारी

**कोलकाता (एजेंसी)।** चिटफंड मामले में शामिल लोगों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच जारी है। मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत ईडी शुक्रवार को 24 से अधिक जगहों पर छापेमारी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि कोलकाता, पंजाब, दिल्ली और मुंबई में



अलग-अलग ठिकानों पर रेड पड़ी है। इस बारे में और अधिक जानकारी का इंतजार है। दूसरी ओर, सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में आशीष पांडे को गिरफ्तार किया। ऐसा समझा जाता है कि आशीष पांडे तृणमूल कांग्रेस का युवा नेता है। पांडे घोष के करीबी बताए जाते हैं।

# कश्मीर में कैसे पहुंच रहे अमेरिकी हथियार

### जानेगी सेना

### एम-4 कार्बाइन राइफलें हुई बरामद, सेना को मिला जांच का जिम्मा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना अमेरिकी हथियारों का दस्तावेजीकरण कर रही है, जो संभवतः अफगानिस्तान के रास्ते कश्मीर पहुंचे हैं। घाटी में सेना के शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। श्रीनगर स्थित चिनार कोर के जनरल ऑफीसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया कि ऐसे हथियारों का पता लगाने के लिए अमेरिका के साथ यह मुद्दा उठाने के प्रयास किए जा रहे हैं। घाटी की सुरक्षा के लिहाज से इसे चिंताजनक माना जा रहा है। घई ने अफगानिस्तान से आए अमेरिकी हथियारों की घाटी में बरामदगी पर चिंताओं के बारे में पूछे गए सवाल पर यह जबाव दिए। लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कहा, मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता, क्योंकि यह हमारी खुफिया एजेंसियों के विशिष्ट क्षेत्र के अंतर्गत आता है। मेरा मानना है कि वे इस बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने में सक्षम होंगे कि ये हथियार कहां से आ रहे हैं और वे हमारे देश के प्रति शत्रुतापूर्ण रुख रखने वाले लोगों के हाथों में कैसे पहुंच रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल घई ने इन हथियारों का दस्तावेजीकरण करने और लोगों की ओर से इसके बारे में जानकारी मांगने के संबंध में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह निश्चित रूप से जारी है और मैं इसकी पुष्टि कर सकता हूं। यहां एम4 कार्बाइन असॉल्ट राइफलें बरामद की हैं।



## भारत में भी दौड़ेगी हवा से बात करने वाली हाइड्रोजन ट्रेन

### रेलवे का बड़ा प्लान, बहुत जल्द शुरू हो सकता है ट्रायल रन

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत में जल्द ही हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन पटरी पर दौड़ने वाली है। जर्मनी की कंपनी ट्रेन को लेकर सुरक्षा के लिए सेफ्टी ऑडिट करवाने वाली है। इस मामले के जानकार लोगों का कहना है कि दिसंबर 2024 में ही ट्रेन का ट्रायल रन शुरू हो सकता है। इसके साथ ही भारत जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन और चीन के साथ लिस्ट में शामिल हो जाएगा। इन देशों में पहले से ही हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित टावर कार भी बनाई जाएंगी। इसकी एक यूनिट में 10 करोड़ से ज्यादा का खर्च आएगा। रिपोर्ट के मुताबिक रेलवे पहले 35 ट्रेनों का संचालन करेगा। एक ट्रेन पर 80 करोड़ का खर्च आएगा। वहीं इसका ग्राउंड इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने में भी 70 करोड़ रुपये खर्च होंगे। एक अधिकारी ने कहा कि सिस्टिम एकीकृत यूनिट बैटरी और दो फ्यूल इनिट का टेस्ट सफलतापूर्वक किया जा चुका है। यह ट्रेन सबसे पहले जींद-सोनीपत सेक्शन पर चली जा सकती है। पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेंब्रेन इलेक्ट्रोलाइजर से मिलेगी।



## पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर भारत की पैनी नजर

- प्रधानमंत्री मोदी ने बुलाई टॉप-लेवल सिक्योरिटी मीटिंग




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में नए सिरे से पैदा हुए तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की बैठक की अध्यक्षता की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया में तनाव और पेट्रोलियम उत्पादों के व्यापार व आपूर्ति पर पड़ने वाले प्रभाव पर मीटिंग में चर्चा की गई। भारत ने पश्चिम एशिया में सुरक्षा स्थिति बिगड़ने पर गहरी चिंता जाहिर की। गुरुवार की बैठक के बाद नई दिल्ली की ओर से कहा



गया कि संघर्ष को व्यापक रूप नहीं लेना चाहिए। भारत ने सभी मुद्दों को बातचीत और कूटनीति के माध्यम से सुलझाने का भी अपील की। प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की समिति ने मध्य पूर्व को लेकर गहराई से चर्चा किया। इस दौरान मिडिल-ईस्ट की मौजूदा शत्रुता और ईरान के इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद बदलते हालात पर बातचीत हुई। टॉप लेवल कमेटी ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों को चिंताजनक बताया। साथ ही, समिति ने बढ़ते संकट से उत्पन्न होने वाले विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बल भी पश्चिम एशिया की स्थिति पर बारीकी से नजर बनाए हुए हैं।

# सोमनाथ मंदिर के पास अवैध निर्माण पर बुलडोजर ऐक्शन

### सुप्रीम कोर्ट का रोक लगाने से इनकार, गुजरात सरकार से मांगा जवाब



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात में सोमनाथ मंदिर के पास जारी बुलडोजर ऐक्शन पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

कोर्ट ने सोमनाथ मंदिर के पास ईदगाह और दरगाह समेत कई अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण पर बुलडोजकर कार्रवाई करने को लेकर आज गुजरात सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट अब इस मामले में अगली सुनवाई को 16 अक्टूबर को करेगी।


सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सोमनाथ मंदिर के पास गुजरात के प्रभास पाटन में दरगाह और मस्जिदों समेत कई ढांचों को गिराए जाने के खिलाफ यथास्थिति बनाए रखने का आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। हालांकि, कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि अगर अदालत के पिछले निर्देश का उल्लंघन पाया गया तो राज्य के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। जस्टिस भूषण आर. गवई और केवी विश्वनाथन की बेंच ने चेतावनी दी कि तोड़फोड़ पर उसकी रोक के आदेश के उल्लंघन का गंभीर परिणाम होगा।



### करोड़ों की आस्था का मामला

## अब तिरुपति लड्डू विवाद की जांच करेगी एसआईटी

**अमरावती (एजेंसी)।** तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रासद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यह करोडों लोगों की आस्था का सवाल है और अगर आरोपों में जरा भी सच्चाई है तो यह अस्वीकार्य है। कोर्ट ने कहा है कि किसी वरिष्ठ केंद्रीय अधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी गठित करके फ्रेश जांच करवाई जाए। इससे लोगों को भरोसा बढ़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने पांच सदस्यीय एसआईटी गठित करने का आदेश दिया है जिसमें सीबीआई, पुलिस और एसआईटी के अधिकारी शामिल होंगे। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि राज्य की एसआईटी अब मामले की जांच ननहीं करेगी। उन्होंने कहा कि आरोप-प्रत्यारोप में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है। अदालत का इस्तेमाल सियासत के लिए नहीं होने दिया जाएगा। जस्टिस गवई ने कहा, हमने अखबार में पढ़ा है कि मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर जांच कराई जाए तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजनीति करोड़ों लोगों की आस्था पर हावी हो रही है।



## चीन एलएसी पर तेजी से कर रहा बुनियादी ढांचे का निर्माण

- आईएएफ चीफ ने कहा-किसी भी भावी सुरक्षा चुनौती से निपटने के लिए तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि चीन एलएसी पर बुनियादी ढांचे का तेजी से निर्माण कर रहा है। हम भी अपना बुनियादी ढांचा डेवलप कर रहे हैं। आईएएफ चीफ ने कहा कि किसी भी भावी सुरक्षा चुनौती से निपटने के लिए स्वदेशी हथियार प्रणाली का होना महत्वपूर्ण है। साथ ही, उन्होंने बताया कि एस-400 मिसाइल प्रणालियों की 3 यूनिट्स की सप्लाई हो गई है। रूस ने अगले साल तक बाकी 2 यूनिट्स देने का वादा किया है। वायुसेना प्रमुख ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि साल 2047 तक भारतीय वायुसेना का पूरा सामान भारत में ही तैयार होना चाहिए। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने हमारे पास विदेशी जमीन पर अपने दुश्मनों पर हमला करने की पूरा क्षमता मौजूद है।



उन्होंने कहा कि हमने बालाकोट एयर स्ट्राइक के जरिए यह दिखाया भी है। अग्निवीर योजना को लेकर वायुसेना प्रमुख ने कहा कि अग्निवीरों पर हमारी प्रतिक्रिया बहुत सकारात्मक है। हमसे पूछा गया कि क्या 25त्न से अधिक अग्निवीरों को रखा जा सकता है और इसके जवाब में हमने कहा कि ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसे लेकर फैसला तो सरकार को लेना है। एपी सिंह ने कहा,हम सतह से हवा में लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम कुश जैसे हथियारों को शामिल करेंगे।

### इजरायली हमले का खौफ

## हसन नसरल्लाह को ढंग से कब्र भी नहीं हुई नसीब

- गुपचुप तरीके से दफन किया गया हिजबुल्लाह का टॉप नेता

**बेरूत (एजेंसी)।** इजरायली हमले में मारे गए हिजबुल्लाह नेता हसन नसरुल्लाह को ढंग से अंतिम संस्कार भी नसीब नहीं हुआ है। हसन नसरल्लाह को अस्थायी रूप से एक गुप्त स्थान पर दफनाया गया है। हिजबुल्लाह के एक करीबी सूत्र ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि उन्हें डर था कि इजरायल अंतिम संस्कार को निशाना बना सकता है। परिस्थितियां ठीक होने पर नसरल्लाह का सार्वजिनिक रूप से अंतिम संस्कार किया जाएगा। सूत्र ने कहा कि हसन नसरल्लाह को तब तक अस्थायी रूप से दफनाया गया गया है, जब तक कि परिस्थितियां सार्वजनिक अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं देतीं। पिछले सप्ताह एक इजरायली हमले में हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की मौत हो गई थी। इजरायल ने हवाई हमले में उन्हें तब निशाना बनाया था, जब वह दक्षिणी बेरूत में हिजबुल्लाह के भूमिगत मुख्यालय में शीर्ष नेताओं के साथ बैठक कर रहे थे। पिछले तीन सप्ताह में इजरायली हमले में हिजबुल्लाह के लगभग सभी शीर्ष नेता मारे जा चुके हैं। इनमें फौद शुकर, इब्राहिम अकील और मोहम्मद अली कराकी जैसे समूह के शीर्ष सैन्य कमांडर शामिल थे, जिन्हें नसरल्लाह का बेहद करीबी माना जाता था।



## दिल्ली ड्रग केस में कांग्रेस की संलिप्तता बेहद शर्मनाक

### अमित शाह बोले-युवाओं को ड्रग्स के दलदल में धकेला

### सीएम सैनी बोले-चुनाव में खर्च हुए ड्रग रैकेट के यह पैसे

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव की वोटिंग से पहले बीजेपी 5600 करोड़ रुपए के ड्रग केस को लेकर कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। शुक्रवार को इस मामले पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा है, एक ओर जहां मोदी सरकार नशामुक्त भारत के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ रुपए की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है। दरअसल 2 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस ने ड्रग्स की बड़ी खेप पकड़ी थी, और इसी मामले में एक आरोपी की तस्वीर कांग्रेस सासंद दीपेंद्र हुड्डा के साथ सामने आई थी। तभी से बीजेपी इस मामले में कांग्रेस और हुड्डा परिवार पर सवाल खड़े कर रही है। तो वहीं, हरियाणा के कार्यवाहक सीएम नायब सिंह सैनी ने भी इस मामले पर अमित शाह के ट्वीट पर रिट्वीट करते हुए लिखा-सवाल ये है कि राजनीतिक रसूख की बदौलत ये परिवार क्या ड्रग कारोबारियों को बचा रहा था या फिर इतने बड़े ड्रग रैकेट से आने वाला अकूत धन हरियाणा के चुनाव में इस्तेमाल हो रहा है। शाह ने लिखा-कांग्रेस नेता द्वारा अपने राजनीतिक रसूख से युवाओं को ड्रग्स के दलदल में झोंकने का जो पाप किया जाना था, उन इरादों को मोदी सरकार कभी पूरा नहीं होने देगी। हमारी सरकार, ड्रग्स के कारोबारियों का राजनीतिक पद या कद देखे बिना, ड्रग्स के पूरे तंत्र का विनाश कर नशा मुक्त भारत बनाने के लिए संकल्पित है। सैनी ने लिखा-5,600 करोड़ के ड्रग्स रैकेट में कांग्रेस पार्टी द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper

# शहीद एसपी अजय कुमार सिंह के शहादत के कारण आज लोहरदगा नक्सल मुक्त है और लोग भय मुक्त होकर यहां रहते हैं:डीसी

## जाबांज एसपी डॉ अजय कुमार सिंह की कुर्बानी बेकार नहीं जाएगी: एसपी

संवाददाता

**लोहरदगा।** शहीद एसपी डॉ अजय कुमार सिंह की शहादत दिवस पर अजय उद्यान में शुक्रवार को शहीद अजय कुमार सिंह ट्रस्ट तथा नगर परिषद द्वारा पुष्पांजलि सह सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहीद एसपी अजय कुमार सिंह के पिता रामाश्रय सिंह , उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीडीसी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। शहीद अजय कुमार सिंह ट्रस्ट और नगर पर्षद लोहरदगा के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर उनके बलिदान को याद किया गया। लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा लोहरदगा को नक्सल मुक्त बनाने की शुरुआत शहीद एसपी अजय सर ने किया था उनके बलिदान के कारण आज लोहरदगा नक्सल मुक्त है और



लोग भय मुक्त होकर यहां रहते हैं। उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी भुलाया नही जायेगा। मौके पर एसपी कार्यालय परिसर में स्थित शहीद एसपी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए एसपी हारिश बिन जमां ने कहा कि लोहरदगा में पदस्थापित तत्कालिक जाबांज एसपी डॉ अजय कुमार सिंह ने जिले में नक्सलियों के खात्मे तथा अमन चैन के लिए लोहरदगा जिले अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र पेशरार के जंगलों में नक्सलियों से लोहा लेते हुए 04 अक्टूबर 2000 को पूलिस सेवा के सर्वोच्च बलिदान देकर किया। हम उनकी कुर्बानी को ब्यर्थ नहीं जाने देगें। हम सभी पुलिस के जवान उनसे प्रेरणा लेते हुए नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रखेगें। उन्होंने भटके लोगों से जल्द राष्ट्र के मुख्य धारा में लौटने को कहा। साथ ही साथ जिला वासियों से आह्वान किया कि जिले में अमन चैन, सद्भावना तथा विकास के लिए पुलिस का सहयोग करें। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि अजय उद्यान पार्क पहले अजय ट्रस्ट के द्वारा चलाया जा रहा था, लेकिन अब नगर परिषद के देख-रेख में चल रहा है। उन्होंने कहा कि शहीद अजय कुमार सिंह की कुर्बानी व वीर गाथा को जीवंत बनाये रखने के





लिए पार्क को और विकसित किया जाएगा। सभा को सीआरपीएफ के कमांडेंट राहुल कुमार व अन्य ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व सशस्त्र जवानों द्वारा सलामी दी गई। तत्पश्चात एसपी हारिस बिन जमां, शहीद एसपी अजय कुमार सिंह के पिता रामाश्रय सिंह, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी, ट्रस्ट सचिव चन्द्रशेखर अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जायसवाल, भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह, महिला कालेज के प्राचार्य स्नेह कुमार, राजकिशोर महतो, राजेश महतो तथा पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं समाज के गणमान्य नार्गरिकों के



द्वारा शहीद अजय कुमार सिंह की प्रतीमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। मौके पर शहीद अजय कुमार सिंह के पिता



रामाश्रय सिह समेत अन्य को शॉल देकर सम्मानित किया गया। सभा की समाप्ति राष्ट्र गान के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन अजय प्रसाद व सीटी मैनेजर विजय कुमार ने किया।

# प्रदेश कांग्रेस ने की विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी की नियुक्ति



संवाददाता

**रांची।** चुनावी अभियान जनसंवाद- लक्ष्य 2024 को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के जरिये विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी की नियुक्ति की गई है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि सभी नियुक्त विधानसभा प्रभारी को विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड अध्यक्ष मंडल अध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर बूथ कमेटी को मजबूती प्रदान करवाने और जन संवाद लक्ष्य 2024 को सफल बनाने का निर्देश दिया गया है। नियुक्त प्रभारियों में पाकुड़ से एनुल हक,जामताड़ा से मनोज कुमार, जरमुंडी से मुन्नम संजय, पोड़ैयाहाट से अशोक वर्मा, महागामा से श्यामल किशोर सिंह, बरही से मनोज सहाय पिंकू, बड़कागांव से आभा सिन्हा, हजारीबाग से राजेश गुप्ता छोटू, रामगढ़ से नरेश वर्मा,मांडू से विजय यादव,सिमरिया से आबिद अंसारी, बगोदर से शशि मोहन सिंह, जमुआ से मृत्युंजय शर्मा, बेरमो से वैभव सिन्हा, बोकारो से परविंदर सिंह,धनबाद से महेंद्र मिश्रा, झरिया से प्रीतम रवानी, बाघमारा से चितरंजन चौधरी, जमशेदपुर ईस्ट से अमरिंदर सिंह, जमशेदपुर वेस्ट से शशि भूषण राय, जगन्नाथपुर से विजय खान,खिजरी से शिवकुमार भगत, जमील अख्तर,हटिया से निजाम अंसारी, कांके से अखिलेश यादव, मांडर से जगदीप भगत, सिमडेगा- रमा खलको, कोलेबिरा से रोशन बरवा, लोहरदगा से दीनानाथ तिवारी, मनिका से पप्पू अजहर, पांकी से धर्मराज राम, डाल्टनगंज से आशिक अंसारी, विश्रामपुर से राम लखन सिंह, भवनाथपुर से ज्योतिष यादव शामिल है।

# हिंडालको द्वारा मजदूरों का शोषण और क्षेत्र का दोहन अब नहीं करने दिया जाएगा : सुखदेव भगत

- सांसद ने कहा की मजदूरों एवं जनता का उनका अधिकार दिलाना उनका नैतिक जिम्मेदारी है
- मजदूरों ने हिंडाल्को के कार्यालय में प्रदर्शन कर हिंडाल्को के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा के सांसद सह कोयला, इस्पात एवं खनन मंत्रालय लोकसभा के स्थायी समिति के सदस्य सुखदेव भगत हिंडालको द्वारा संचालित कुजाम ,न्यू अमती पानी चिरोडिह, अमतीपानी एवं गुरदारी मांइस क्षेत्र का दौरा कर मजदूरों एवं ग्रामीणों से रूबरू हुए । इस दौरान मजदूरों ने सांसद को बताया कि मांइस क्षेत्रों में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। जिन मजदूरों का जमीन लिया गया है उसका ट्रक है लेकिन उसका नंबर नहीं दिया जा रहा है। शेड कैंटीन नहीं है। अस्पताल में दवाई नहीं है नर्स के भरोसे अस्पताल चल रहा है ।चिरोडिह माइंस मैनेजर मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं इत्यादि अनेक समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निदान करने की मांग किये। मौके पर सांसद ने उपस्थित मजदूर एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंडालको कंपनी को मजदूरों का जितना शोषण करना था तथा क्षेत्र का जितना दोहन करना



था कर लिया अब कंपनी को ऐसा करने नहीं दिया जाएगा। मजदूरों के साथ पूरा न्याय होगा तथा कंपनी को क्षेत्र का विकास करना होगा। सांसद ने कहा कि यह क्षेत्र पांचवी अनुसूचि में आता है। वर्षों से हिंडालको कंपनी यहां के रहने वाले भोले भाले आदिवासियों का शोषण एवं क्षेत्र का दोहन करते आए हैं। उनका हक उन्हें नहीं दिया गया जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता ने उसे वोट देकर सांसद बनाया है। जनता का उसका अधिकार दिलाना उनका नैतिक जिम्मेदारी है ।श्री भगत ने कहा कि जमीन मालिक, हिंडालको कंपनी और उपायुक्त के बीच जो एग्रीमेंट हुआ है उस एग्रीमेंट में जो बातें हैं उसे हर हाल में हिण्डाल्को कंपनी को पूरा करना होगा। हिंडालको कंपनी ठेकेदारी प्रथा के माध्यम से उत्खनन कार्य करवाकर क्षेत्र एवं मजदूरों का दोहन कर रही है। जमीन मालिक हिंडालको से एग्रीमेंट करता है और कंपनी ठेकेदार के यहां मजदूरों का काम दिलवाकर उसका हक को छीन रहा है । बैठक के दौरान मजदूरों ने न्यू अमती पानी चिरोडिह माइंस की समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। सांसद ने माइंस मैनेजर को सूचना देकर मजदूरों के समझ उन्हें बुलाया ।माइंस मैनेजर मजदूरों के बीच आने की जगह माइंस छोड़कर भाग गया। इस बात की जानकारी मिलते ही वहां पर उपस्थित मजदूर आक्रोशित हो गए। सैकड़ो मजदूरों ने सांसद के नेतृत्व में चिरोड़ीह हिंडालको कार्यालय का घेराव किया। मौके पर सांसद ने हिंडाल्को मुख्यालय लोहरदगा के पदाधिकारी सुधीर जी से वार्ताकर उन्हें कहा कि अगर शीघ्र माइंस मैनेजर यहां नहीं आता है तो मजदूर ऑफिस में तालाबंदी करने को बाध्य हो जाएंगे फिर माइंस मैनेजर कार्यालय पहुंचा। सांसद ने कहा कि अपने व्यवहार में सुधार लाएं और मजदूरों का काम करें। भविष्य में शिकायत मिलने पर सीधे कार्रवाई किया जाएगा।इस दौरान मजदूरों ने कार्यालय में जमकर हिंडाल्को के खिलाफ नारे बाजी की। मौके पर सांसद ने मजदूरों एवं ग्रामीणों को आश्वसन दिये कि आपने जो समस्याएं से अवगत कराया है उसे निदान करने का प्रयास करेंगे ।इस दौरान काफी संख्या में मजदूर ,ग्रामीण, प्रमुख, मुखिया, प्रखंड अध्यक्ष सहित कांग्रेस पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ताउपस्थित थे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल, रिम्स रेफर



**भंडरा।** रांची लोहरदगा मुख्य पथ नवडीहा मोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना गुरुवार देर रात की बतायी जाती है। बाइक सवार रांची की ओर जा रहा था। इसी क्रम में रांची लोहरदगा रोड के नवडीहा मोड़ पर विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान मंन्हो गांव निवासी राजकुमार उरांव के रूप मे हुई. घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने घायल युवक राजकुमार उरांव को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचया. जहाँ डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया ।

# शराब के नशे में युवक ने किया यूरिया का सेवन, सदर रेफर

**भंडरा।** कैरो प्रखंड के चाल्हो महवारी मे एक युवक ने शराब के नशे मे यूरिया खा लिया। जिसके बाद वह अचेत हो गया। इस घटना के बाद परिजनों ने गंभीर अवस्था में उसे भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिये लोहरदगा सदर रेफर कर दिया. जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला कैरो प्रखंड के चाल्हो महवारी गांव का है। यूरिया खाने वाले युवक का नाम शाहदेव उरांव पिता गोपाल उरांव है, वह शराब पीने का आदी है। बताया गया कि शराब पीने को लेकर घर में उसका विवाद हुआ था, जिसके बाद आवेश में आकर उसने नागजुवा बाजार मे यूरिया का सेवन कर लिया। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई, परिजनों ने बिना देरी किए शाहदेव की को गंभीर अवस्था में भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचाया गया जहां डाक्टरो द्वारा प्राथमिक उपचार कर लोहरदगा रेफर कर दिया।

# सेवानिवृत सैनिक का आदिवासी रीति रिवाज से हुआ स्वागत

## 24 वर्ष देश सेवा का अवसर प्राप्त कर पैतृक गांव लौटे सैनिक राजेश भगत, युवाओं के लिए बनेंगे प्रेरणा दायक

संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेवानिवृत भारतीय थल सेना के जवान को ग्रामीणों ने आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार भव्य स्वागत कर क्षेत्र के लिए मिशाल पेश किया। विदित हो सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत के बेड़ा टोली निवासी जीतराम भगत के पुत्र राजेश भगत देश की सेवा कर घर लौटने पर परिजन एवं ग्रामीणों ने सेवानिवृत फौजी को गाजा बाजा व आदिवासी नृत्य के साथ तिरंगा रैली निकाल कर किया। गांव के युवाओं ने लोहरदगा स्टेशन से मोटरसाइकिल जुलूस



में एक हाथ में तिरंगा के साथ साथ देश भक्ति गीत के माध्यम से स्वागत करते हुए कल्हेपाट तक पहुंचे जहां जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुनैना कुमारी पूर्व मुखिया प्रकाश उरांव पंचायत समिति सदस्य अमन उरांव ने बुके एवं पुष्प माला पहना कर स्वागत किया.सेवानिवृत जवान राजेश भगत ने घर में प्रवेश करने से पहले भगवान बिरसा मुंडा का प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और युवाओं के लिए प्रेरणा दायक बने। उन्होंने कहा कि देश की सेवा सब से अच्छा सेवा है. बताते हुए राजेश भगत ने कहा की 19 साल के उम्र में बिहार रेजीमेंट में रांची में वर्ष 2000 में बहाली हुआ था.दानापुर में प्रशिक्षण लिया उसके बाद भारत के सीमा क्षेत्र गुजरात से लेकर जम्मू कश्मीर तक सीमा पर तैनात रहकर देश की सेवा 24 वर्ष करने का मौका मिला और आज हमारे सेवानिवृत पर गांव वाले काफी प्यार दिए है उसका आभार प्रकट करता हूँ. सैनिक सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा की प्रखंड में पहली बार फौजी के सेवानिवृत होने पर भव्य स्वागत समरोह का आयोजन किया गया.अयोजन समिती को बधाई देते हुए युवक युवती से अपील करता हु की आप भी कड़ी मेहनत करें और देश सेवा के लिए युवक युवतियां लक्ष्य बनाएं।

# जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन कल

## कई दिग्गज कांग्रेसी नेता होंगे शामिल

संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन 6 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11.30 बजे किस्को प्रखण्ड के ग्राम नारी नवाडीह



(धुर्वा मोड़) में एवम भंडरा ब्लॉक में नौडीहा चौक भंडरा में अपराह्न 2.00 आयोजित किया जाना है। यह जानकारी जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने देते हुए बताया की उपरोक्त कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार बलमुचू , पूर्व सांसद सह झारखंड चुनाव कैंपेन कमिटी के चेयरमैन सुबोध कांत सहाय , स्थानीय सांसद सुखदेव भगत, सांसद कालीचरण मुंडा,स्थानीय विधायक सह मंत्री रामेश्वर उरांव,पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ,पूर्व विधायक बंधु तिर्की , विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक नमन विक्सल कोंगड़ी, विधायक भूषण बाड़ा , विधायक राजेश कच्छप , डॉ अजय नाथ शाहदेव,प्रदीप तुलिस्यान, मदन मोहन शर्मा, अमूल नीरज खलखो, रामा खलखो सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। सुखैर भगत ने लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, ओबीसी प्रकोष्ठ, एससी, एसटी प्रकोष्ठ, सभी प्रखण्ड अध्यक्ष, सभी पंचायत अध्यक्ष, सभी बूथ अध्यक्ष, एवम वरिष्ठ नेताओं से निवेदन किया है कि उपरोक्त दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सुविधानुसार अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

# सड़क दुर्घटना में मामा और दो भांजे गंभीर रूप से घायल, ट्रैक्टर की चपेट में आने से दोनो बच्चे की स्थिति गंभीर

संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में लगातार सड़क दुर्घटना की घटना देखने को मिल रही है। जहां तेज रफ्तार वाहन के चपेट में आकर लोग असमय काल के गाल में समा जा रहे हैं। शुक्रवार को जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत ईटा बाजार टांड़ में स्कूल जा रहे मामा और दो भांजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दोनों बच्चों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। गंभीर हालत को देखते हुए दोनो बच्चो को रिम्स रेफर किया गया है। बताया जाता है की ईटा गांव निवासी चंद्र कुमार स्कुटी में सवार होकर अपने दो भांजे 7 वर्षीय अमन कुमार साहू और 14 वर्षीय युवराज कुमार साहू को लेकर यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल रिजल्ट लेने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से तीनों को लोहरदगा सदर अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों बच्चों को रिम्स रेफर कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर परिषद के पदाधिकारियों के लापरवाही के कारण आम लोगो को हो रही है दिक्कत : मनोज कुमार दास

**झुमरी तिलैया।** मनोज कुमार दास ने जानकारी देते हुए कहा है की नगर परिषद क्षेत्र मे नगर परिषद के द्वारा असनाबाद मे नाली का निर्माण की जा रही है जो मुख्य रूप से नगर पालिका के पदाधिकारी के द्वारा और ठेकेदार के मिली भगत से नाली निर्माण कार्यों में अनियमितता बरती जा रही है। उक्त जानकारी मनोज कुमार दास ने देते हुए कहा है की यह कार्य लगभग 18 से 20 लाख के लागत से निर्माण की जा रही है जो की वहां के स्थानीय लोगों के द्वारा जब नगर पालिका के कनियअभियंता दिपक जी को शिकायत की गई पर नाली निर्माण कार्य पर कोई जांच करने नहीं पहुंचे वही पुरी ईंट के जगह टुकड़े दि जा रही है बालु की जगह डस्ट देकर नाली की बेस की ढालाई की जा रही है जिससे आने वाले बरसात के दिनो मे वहा के स्थानीय लोगो के नाले में पानी की जमावड़ा बनने की सम्भावना हो जाता है जिससे स्थानीय लोगों की कई तरह की समस्या का सामना करनी पड़ेगी और ऐ सब तब सम्भव होता है जब नगर परिषद के पदाधिकारी के द्वारा मिली भगत से सरकारी फंड की बंदरबांट होती है। वही उन्होंने कहा कि उपायुक्त से कहना चाहूंगा हूं की अपने संज्ञान में लेते हुए तत्वरित कारवाई करें जिससे वहां के लोगो का हित में कार्य हो सके।

### मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा लाभुकों को वाहन प्रदान किया गया

**कोडरमा।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा लाभुकों को वाहन की चाभी प्रदान किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों को वाहन प्रदान किया गया। इससे सभी लाभुक स्वरोजगार से जुड़ सकेंगे। इनके आय के स्रोत इजाफा होगा। मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत तीन लाभुकों को ट्रैक्टर, एक लाभुक को बोलेरो व एक लाभुक को कार प्रदान किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला कल्याण पदाधिकारी अनूप कुजूर व अन्य मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा लाभुकों को वाहन प्रदान किया गया

**कोडरमा।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा लाभुकों को वाहन की चाभी प्रदान किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों को वाहन प्रदान किया गया। इससे सभी लाभुक स्वरोजगार से जुड़ सकेंगे। इनके आय के स्रोत इजाफा होगा। मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत तीन लाभुकों को ट्रैक्टर, एक लाभुक को बोलेरो व एक लाभुक को कार प्रदान किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला कल्याण पदाधिकारी अनूप कुजूर व अन्य मौजूद रहे।

### बारह सौ छात्र छात्राओं के बीच साईकिल बितरण

**गोला रामगढ़ः** शुक्रवार को प्रखंड परिसर गोला में गोला प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के 8 क्लास में पढ़ रहे 1200 छात्र छात्राओं के बीच कल्याण विभाग के द्वारा साईकिल का वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से गोला प्रखंड के उप प्रमुख विजय कुमार ओझा प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सांडिल्य अचंलाधिकारी शमशेर सिंह भंडारी प्रखंड प्रभारी कल्याण पदाधिकारी एवं 26 स्कूलों के प्रधानाध्यापक शिक्षक और समाजसेवी उपस्थित हुए बच्चे साइकिल पाकर बहुत खुश हुए और ऐसा पहली बार हुआ है की 8 क्लास में रहते हुए बच्चों को साइकिल उपलब्ध हो सका है यह वित्तीय वर्ष 2024 _25 की योजना है जो स समय बच्चों को उपलब्ध कराया जा रहा है जो की रामगढ़ जिला और गोला प्रखंड परिवार का सराहनीय प्रयास है ।



### जोगता मे अखंड हरी कीर्तन पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ समापन हुवा

**कतरास.सिजुआ** 10 नंबर मोड़ भव्य कलश यात्रा मे शामिल सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुषों ने लिया भाग और श्री राम की भक्ति में झूम कर दिये भक्ति का परिचय जिसमें शामिल समाजसेवी एवं मजदूर नेता छोटू रवानी एवं उनकी धर्मपत्नी और सैकड़ो की संख्या में महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।उपस्थित लोगों में भरपूर उमंग देखा गया 3,10,2024, से प्रारंभ श्री अखंड हरी कीर्तन 4,10,2024 को पूर्णहाती होंगी एवं भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है।आप सभी भक्तों से निवेदन है कि अखंड हरी कीर्तन में उपस्थित होकर पुण्य के भागी बने और हमें आशीर्वाद दें कि इस साल की तरह हर साल अखंड कीर्तन क्षेत्र में होता रहे।

### सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के आलोक में सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम बिरसा सांस्कृति भवन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु सुदीप सहाय द्वारा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सभी प्रकार के पहलुओं की जानकारी दिया गया। मतदान केंद्र पर सारी मूलभूत सुविधाएं, मतदान से पहले की प्रक्रिया, मतदान दिवस के दिन की प्रक्रिया, संवेदनशील मतदान केंद्रों, वनरेबल मैपिंग इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी और जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव से संबंधित दिया जा रहा प्रशिक्षण का हर पहलुओं की अच्छे से प्रशिक्षण ले ताकि चुनाव प्रक्रिया में बेहतर तरीके से कराया जा सके। इसके अलावा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित EVM Awareness हेतु उप विकास आयुक्त के कार्यालय स्थित सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। EVM Awareness से संबंधित सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण को प्रशिक्षण दिया गया।




### प्रेस क्लब में पत्रकार साहिल भदानी को दी गई श्रद्धांजलि

**कोडरमा।** प्रेस क्लब कोडरमा के द्वारा शुक्रवार को क्लब में जिले के दिवंगत पत्रकार साहिल भदानी के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पत्रकारों ने दुख व्यक्त करते हुए इसे जिले के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। मौके पर पत्रकारों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रखकर प्रार्थना की। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष सतीश कुमार, महासचिव गौतम राणा, विकास कुमार, संजीव समीर, मनोज कुमार झुन्नु, कुमार अमित, उमा शंकर, कुंतलेश पांडेय, गजेंद्र बिहारी सिन्हा, किशोर यादव, अनिल झा,अरुण वर्णवाल,भोले शंकर, पीयूष सिंह, अजीत कुमार, ओम प्रकाश, लखन सिंह, विक्की केसरी, विक्रम कुमार, संध्या आंचल, मनोज सिंह, राजेश यादव, महेश भारती, आर्यन श्रीवास्तव, संतोष राणा, सुनील कुमार राम समेत अन्य उपस्थित थे।



# मुस्कान से आसान होती है जीवन की मुश्किलें : विवेक प्रधान

- *श्री अग्रसेन स्कूल में मना विश्व मुस्कान दिवस*
- *हंसे-खिलखिलाए बच्चे, बनाया स्माइली फेस*

संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुक्रवार को विश्व मुस्कान दिवस के अवसर पर बच्चों के साथ विशेष सेशन का आयोजन किया गया। अलग-अलग कक्षाओं में शिक्षकों ने बच्चों को हंसने- खिलखिलाने का फायदा बताया। बच्चों को बताया गया कि एक प्यारी सी मुस्कान न केवल आपके कठिन से कठिन मुश्किल को आसान कर देती है, बल्कि आपके चेहरे की मुस्कान को देखकर दूसरे लोग भी खुश हो जाते हैं। ऐसे में जीवन को सेहतमंद बनाने के लिए हंसना जरूरी है। हंसने-खिलखिलाने से मूड अच्छा होता है, तनाव घटता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है, हृदय रोग का खतरा घटता है। हमारा आत्मविश्वास भी बढ़ता है। यदि हम उदास, चिंता और तनाव में रहेंगे, तो कई बीमारी की चपेट में आ जाएंगे। यदि खुश रहेंगे, तो स्वस्थ रहकर लंबा जीवन जी सकेंगे। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि मुस्कान हमारे जीवन की सफलता की चाबी है। यह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। मुस्कान दुखी दिल के घावों को भरने वाला मरहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम भी। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा मुस्कुराना कम हो रहा है। मुस्कान एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है। मोटिवेटर मुख्तार सिंह ने मदर टेरेसा के कथन शांति की शुरुआत मुस्कुराहट से होती है। आपकी खुशी आपके होठों से शुरू होती है पर चर्चा करते हुए कहा कि मुस्कुराना कभी न भूलें। यह संक्रामक होता है और आपके चारों ओर एक सकारात्मक वातावरण तैयार करता है।


बच्चों को हंसने के फायदे से अवगत कराते विवेक प्रधान

## कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनभर कार्यकर्ताओं ने थामा आजसू पार्टी का दामन




*ईचागढ़ का सर्वांगीण विकास ही हमारा लक्ष्य : हरेलाल महतो*

संवाददाता

**चांडिल :** कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार कपिला के नेतृत्व में दर्जनभर कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। शुक्रवार को चिलगु स्थित आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में मनीष कुमार कपिला व कांग्रेस के हैंसाकोचा पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जितेन सिंह मुंडा समेत कांग्रेस व झामुमो को छोड़कर गुरुपद टुडू, अभिराम टुडू, रामप्रसाद टुडू, राजू मांझी, बुधराम सिंह मुंडा, प्रल्हाद सिंह मुंडा, युधिष्ठिर मांझी, बलराम सिंह मुंडा, मिठू बास्के, सुखदेव सिंह मुंडा, अनिल सिंह मुंडा ने आजसू का दामन थामा। इस अवसर पर आजसू केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो सदस्यता ग्रहण करने वालों का स्वागत किया तथा पार्टी के विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का अपील किया। मौके पर हरेलाल महतो ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा का सर्वांगीण विकास ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अब यहां पैंतरेबाजी की राजनीति नहीं चलेगी, बल्कि यहां की जनता नेताओं के समाजसेवा व चरित्र का आकलन करेगी और चुनाव करेगी। इस अवसर पर दुर्योधन गोप, गौरी लायक, माधव सिंह मुंडा, दिलीप प्रमाणिक, गुरुचरण महतो, सनत महतो आदि मौजूद थे।

# भाजपा सरकार संविधान को खत्म करना चाहती है। डॉ रामेश्वर उरांव

संवाददाता

**मनिका प्रतिनिधि।** कांग्रेस पार्टी का जन संवाद अभियान 2024 के तहत शुक्रवार को हाई स्कूल मैदान में जनसभा कार्यक्रम आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि केंद्र में बैठे भाजपा की सरकार हमारे हिस्से का पैसा देने में आनाकानी कर रही है झारखंड के साथ केंद्र सरकार का सौतेला व्यवहार रहा है।भाजपा सरकार आरक्षण विरोधी है। संविधान विरोधी है। भाजपा आरक्षण और संविधान को खत्म करना चाहता है इसीलिए लोकसभा के चुनाव में 400 पर का नारा दिया था। श्री उरांव ने कहा कि देश के जनता भाजपा के झूठी बात को पकड़ लिया और भाजपा को करारा जवाब देने का काम देश के जानते ने किया है। 2024के पहले भाजपा वाले कहते थे की केंद्र मे भाजपा की सरकार है। अब कहते है एन डी ए की सरकार है। आज झारखंड के माता बहन को मईया समान योजना का लाभ मिल रहा है।वही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा की मनिका विधानसभा मे लगातार 10वर्ष तक भाजपा के विधायक रहे है लेकिन कोई विकास का कार्य नहीं हुआ। सड़क की स्थिति काफ़ी ख़राब थी। जिसको हम बनवाने का काम कर रहे है। मौके पर पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी,जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव,मानस सिन्हा,दीनानाथ पांडे, ऋषिकेश जी, रविन्दर सिंह,धनंजय तिवारी, सुरेंदर पासवान, पंकज तिवारी, विश्वनाथ पासवान, दरोगी यादव, विन्दविहारी यादव, मो कौशर आंसारी, सुरेंदर भारती, कामेश्वर यादव, अमित यादव, तस्लीम अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।




## आदिवासी रैयतों ने स्टोन माइनिंग लीज के लिए धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने का लगाया आरोप, डीसी से शिकायत कर लीज पर रोक लगाने की किया मांग

संवाददाता

**पाकुड़।** स्टोन माइनिंग के नाम पर आदिवासी रैयतों की जमीन का इकरारनामा कागजात पर दस्तक करा मुआवजा की राशि देने के नाम पर फर्जीवाड़ा करने का मामला सामने आया है। यह मामला लिट्टीपाड़ा ब्लॉक के जीतलपुर गांव से जुड़ा है, जीतालपुर गांव के आधे दर्जन से अधिक आदिवासी रैयत शुक्रवार को डीसी ऑफिस पहुंचकर लीज धारी अनवर हुसैन के विरुद्ध लिखित शिकायत कर लीज पर रोक लगाने की मांग की है। डीसी के नाम संबोधित आवेदन में रैयत बाबूधन बेसरा,कुंवर बेसरा, लुखी राम बेसरा सहित आधे दर्जन रैयतों ने बताया कि हमारा पैतृक जमीन मौजा जीतालपुर जमाबंदी नंबर 25 जिसका खतियान रैयत छोटा गुमडा बेसरा, बड़ा गुमदा और लेट बिसरा है। उनके हम लोग वंशज हैं, हमारी जमीन पर स्टोन माइनिंग करने के लिए बरहरवा थाना क्षेत्र के जामपुर गांव के अनवर हुसैन पिता इकरामुल हक ने 7 जून 2024 को पाकुड़ के राजा बागान में बुलाकर शपथपत्र पर 17 लाख रकम 17 लाख 17 बीघा जमीन का प्राप्ति रसीद पर दस्तक करने बोला, हम लोगों ने पैसा मांगा तो कहा कि पहले दस्तक करो तब पैसा देंगे। हम लोग विश्वास में आकर कागजात पर दसकत कर दिए। उसके बाद मात्र 66000 हम लोगों को पैसा दिया शेष रुपया मांगने पर धमकी और कहा जा रहा है कि जहां जाना है जाओ ।हमारे साथ धोखाधड़ी की गई है उस जमीन पर रैयतो ने लीज पर रोक लगाने की मांग डीसी से की। रैयतों के साथ आए गांव के सामाजिक कार्यकर्ता रॉबिन, उपायुक्त मुख्यालय से बाहर रहने के कारण रैयतों ने अपना आवेदन सामान्य शाखा प्रभारी को सौंपा है।



## नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डो में नियमित साफ सफाई, सभी बिजली खम्बो में लाइट लगाने के साथ ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव को लेकर केबीएसए ने प्रशासक को सोपा स्मार पत्र

- *प्रशासक ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए अपनी टीम के साथ नगर का भ्रमण किया और संबंधित कर्मी को तुरंत करवाई करने हेतु दिशा निर्देश दिया*
- *दशहरा के पूर्व पूर्ण रूप से रोड, नाली ,गली की नियमित साफ सफाई,लाइट, ब्लीचिंग पाउडर की छिड़काव नही होता है तो जन सहयोग के माध्यम से संघर्ष को तेज करेंगे : केबीएसएस*

संवाददाता

**कोडरमा।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डो में नियमित साफ सफाई , सभी बिजली खम्बो में लाइट लगाने के साथ ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव को लेकर कोडरमा बचाओ संघर्ष समिति (KBSS) जिला संयोजक मनोज कुमार झुन्नू,जिला सह संयोजक महेश भारती,अजय पांडे ने संयुक्त रूप से नगर पंचायत कोडरमा प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा से मिलकर स्मार पत्र सोपते हुए। कहा कि कोडरमा जिला में डेंगू का प्रकोप काफी तेजी से पांव पसार रही है, जिसके कारण देखा गया है की जिला अंतर्गत पत्रकार सहित कई लोगो की जान भी जा चूंकी है। इसके कारण पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वही दशहरा का समय में नप क्षेत्र अंतर्गत किसी भी वार्ड में ना तो सही से सफाई होती है और ना ही लाइट की समुचित व्यवस्था किया गया है। जिससे आम जनों को काफी दिक्कत हो रही है। जिसे प्रशासक ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए अपनी टीम के साथ नगर का भ्रमण किया और संबंधित कर्मी को दो दिनों के अंदर साफ सफाई ,लाइट, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करने का दिशा निर्देश दिया। वही लाइट से संबंधित प्रशासक ने कहा कि जो कंपनी ने लाइट बनाने का टेंडर लिया वह कभी भी पूर्ण रूप से कार्य नही करते है जिस संदर्भ में कई बार विभाग को पत्र लिखा जा चुका है। जिस कोई करवाई नही होती है और ऐसे कंपनियों का मनोबल बढ़ते जा रहा है। वही नेतागण ने कहा की दशहरा के पूर्व पूर्ण रूप से रोड, नाली ,गली की नियमित साफ सफाई,लाइट, ब्लीचिंग पाउडर की छिड़काव नही होता है तो केबीएसएस जन सहयोग के माध्यम से संघर्ष को तेज करेगा।



## सरायकेला व्यवहार न्यायालय में एलएडीसीएस के चीफ तथा सहायक अधिवक्ताओं ने लिया पदभार



संवाददाता

**सरायकेला :** झालसा रांची के निर्देशानुसार एलएडीसीएस सरायकेला में चीफ एलएडीसीएस के पद पर अधिवक्ता दिलीप कुमार साव और सहायक एलएडीसीएस के पद पर अधिवक्ता अम्बिका चरण पाणी एवं अधिवक्ता विजय कुमार महतो ने प्रभार लिया। बता दें कि सरायकेला एलएडीसीएस में उक्त पद पिछले कई दिनों से खाली थे, जिसके बाद माननीय झालसा रांची के आदेशानुसार इन अधिवक्ताओं का चयन किया गया। वही एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में झालसा रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्रधिकार रामाशंकर सिंह के निर्देश पर जिले के सभी थानों में पारा लीगल वॉलंटियर की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## करोड़ों रुपए के लागत से बने स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ शोभा का पात्र है, दीपनारायण

संवाददाता

धनबाद. जदयू पार्टी ने प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग का पुतला दहन किया। पार्टी के सभी कार्यकर्ता गोमो बिजली ओफिस से जुलूस के शक्ल में स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय विधायक के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए स्टेशन मोड़, शिव मंदिर के पास पहुंच कर स्वास्थ्य विभाग का पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है। गोमो, तोपचांची जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र के जीतपुर और साहूबहियार पीएचसी में डोक्टर और दवा की व्यवस्था नहीं है। पिछले दिनों पानी में डुबकर घायल हुए गोमो, अंबेडकर नगर निवासी सोनू राज, पिता - अशोक राम का निधन जीतपुर और साहूबहियार पीएचसी में डोक्टर नहीं होने के कारण हो गया। करोड़ो के लागत से बने स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ सौभा के पात्र है । स्थानीय विधायक को इससे कोई लेना-देना नहीं है। वे सिर्फ और सिर्फ सम्पत्ति बनाने में लगे हुए हैं। आप लोग जदयू पार्टी से जुड़े और टुंडी विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव में विधायक को बदलकर पार्टी को विजय बनाने का काम करें, पार्टी टुंडी विधानसभा का तकदीर और तस्वीर बदले का काम करेगी। पुतला दहन कार्यक्रम में जदयू टुंडी विधानसभा चुनाव प्रभारी सह पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह,जदयू तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पाण्डेय, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष अहमद रजा, दीपक महतो , बिंदु देवी,कमलेश मंडल, प्रकाश चंद्र मंडल, फुलचंद दास,तारा बाबू, प्रदीप सिंह, बैजनाथ ठाकुर,पंकज सिंह,प्रकाश मंडल ,अमित राम,महेंद्र दास, सपन दुबे , नियमुदिन , अरमान , सोनू , आदि सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।




## ईचागढ़ मुक्ति संकल्प सभा पार्ट - 2 में उमड़ा हजारों की संख्या में जनसैलाब

संवाददाता

**चांडिल (सम्भू सेन) :** अनुमंडल क्षेत्र के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के कुकड़ु हाट मैदान में ईचागढ़ मुक्ति संकल्प सभा का आयोजन किया गया। मुक्ति संकल्प सभा में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी,समाजसेवी सह स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के संस्थापक सुखराम हेंब्रम उपस्थित हुए। सुखराम हेंब्रम को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। सभा का संचालन लालू हाजाम ने किया।वहीं सभा में झाड़ग्राम के शिल्पी तपोती महतो एवं पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वक्ताओं के अभिभाषण के बीच बीच में लोगों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मनोरंजन भी कराया गया। वहीं समाज सेवी सुखराम हेम्ब्रम ने विशाल जनसमुह को संबोधित करते हुए कहा कि आज ईचागढ़ को क्षेत्रीय नेता का जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाहर के नेताओं से ईचागढ़ को मुक्ति दिलाने के लिए चुनाव लड़ने का घोषणा किया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों का हुजूम से ही पता चल रहा है कि लोग ईचागढ़ में बदलाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यहां सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा ,रोजगार आदि का घोर अभाव है। उन्होंने कहा कि हम अपना क्षेत्र का विकास करने के लिए सक्षम है। माटी का लाज बचाने के लिए हमें इस गुलामी से आजाद करना होगा। उन्होंने कहा कि समाज के दबे कुचले लोगों के लिए ईचागढ़ को मुक्त करना होगा। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों के बाद भी यहां के किसी भी जन प्रतिनिधि चांडिल डैम के विस्थापितों का हक अधिकार नही दिला पाया। 40 वर्षों बाद भी विस्थापितों का समस्या जस का तस है।उन्होंने कहा कि चुनाव के समय बड़े बड़े वादे किए जाते हैं और चुनाव जितने के बाद विस्थापितों को जलमग्न कर डुबाने का काम करते हैं। जन प्रतिनिधि इस समस्या का समाधान करना ही नहीं चाहते। उन्होंने कहा कि मजदूरों का अन्य प्रदेशों में पलायन को रोका जाएगा। हर खेतों को सालों भर पानी पहुंचाया जाएगा । उन्होंने कहा कि चुनाव में जिताने का काम करें, वादा करता हूं कि विस्थापितों का मुद्दा ही खत्म कर दिया जाएगा। क्षेत्र में एक भी अच्छा स्कूल कालेज नही है,जन प्रतिनिधि नही चाहते कि यहां का बच्चा उच्च शिक्षित हो। मौके पर अशोक उरांव,लाल मोहन गोराई, प्रमुख गुरूपद मार्डी, राम प्रसाद महतो,विश्वनाथ मंडल , देवेन्द्र नाथ बेसरा,सहित कई वक्ताओं ने मंच को संबोधित किया।



# नियमों को दरकिनार कर कालीदासपुर मौजा में हो रहे क्रशरों का संचालन

- क्रशर मालिक अधिक माल खपाने के चक्कर मे ट्रैक्टरों में ओवरलोड चिप्स लोड
- सरकारी राजस्व का हो रहा है नुकसान, बावजूद विभाग मौन
- क्रशर मालिकों को नही है विभाग का डर
- कालीदासपुर मौजा में क्रशर मालिक नही कर रहे है नियमों पालन





**पाकुड़:** जिले के कालीदासपुर मौजा में नियमों को दरकिनार कर क्रशरों का संचालन हो रहा है। सारे नियमों को ताख पर रखकर क्रशर मालिक के द्वारा क्रशर का संचालन किया जाता है। क्रशर मालिक को तनिक भी प्रशासन का भय नहीं है। क्रशर में मजदूरों के सुरक्षा का भी ध्यान नही रखा जाता है। मजदूरों के जान के साथ भी क्रशर मालिक खिलवाड़ कर रहे है। विभाग के अनदेखी का क्रशर मालिक खुलकर फायदा उठा रहे है। विभाग के द्वारा क्रशरों का नियमित रूप से निरीक्षण नही किया जाता है। जिस कारण क्रशर मालिक अपने मनमानी ढंग से क्रशर का संचालन करते है।


**ओवरलोड का भी चल रहा है खेल:** मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र के कालीदासपुर मौजा में संचालित क्रशर से ट्रैक्टरों में ओवरलोड चिप्स लोड किया जाता है। क्रशर मालिक अधिक माल सेल करने के चक्कर में ट्रैक्टरों में 100 सेफ्टी क्षमता वाले ट्रैक्टर में 500 सेफ्टी चिप्स लोड करते है। अधिक ट्रैक्टर तो बिना माइनिंग चालान के ही ट्रैक्टर में चिप्स को लोड करते है। इससे सरकारी राजस्व में भी काफी नुकसान हो रहा। बावजूद विभाग मौन है।


**बंगाल पहुंचाया जाता है चिप्स:** कालिदासपुर में संचालित क्रशरों का चिप्स अधिकांश बंगाल में खपाया जाता है। चेकनाका से बचने के लिए माफिया अपना अलग रास्ता तैयार किया है। इस रास्ता का माफिया खुलकर फायदा उठा थे। इस सब के पीछे कुछ स्थानीय दलाल का भी हाथ है जो ओवरलोड ट्रेक्टर को सुरक्षित बंगाल पहुंचने का काम करते है। ऐसा नही है इस बात का विभाग को जानकारी नही है। विभाग भी स्थानीय माफिया को संरक्षण देने का काम करती है।

**क्या कहते है अधिकारी:** खान निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि क्रशर से ट्रैक्टर में ओवरलोड चोप्स लोड करने की जानकारी नहीं है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# पाकुड़ रेलवे स्टेशन का हर कोना होगा तीसरी आंख से लैस है-ईजरप्पा







**पाकुड़ :** ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन हावड़ा मंडल के द्वारा यात्रियों के सुरक्षा के निमित्त लंबे समय से पाकुड़ रेलवे स्टेशन एवं परिसर के आसपास में सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग किया जा रहा था।जिसे मंडल रेल प्रबंधक,पूर्व रेलवे हावड़ा के द्वारा सुरक्षा की दृष्टिकोण से स्वीकृत कर दिया गया है।बहुत जल्द ही पाकुड़ रेलवे स्टेशन में सीसीटीवी कैमरा लगाने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।निर्भया फंड के तहत पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर के हर कोने में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा।ईजरप्पा के सचिव अध्यक्ष हिसाबी राय ने बताया कि पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर में कुल 38 सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे।इन कैमरा की मदद से पाकुड़ रेलवे स्टेशन की सुरक्षा चाक चौबंद हो जाएगी।इन कैमरा से फुट ओभर ब्रिज की सीढ़ियां को भी कभर किया जाएगा।जिन स्थानों को कैमरा नेटवर्क में शामिल किया जा रहा है उनमें रेलवे स्टेशन का मुख्य द्वार, पार्किंग एरिया,आरक्षण केन्द्र प्रणाली, बुकिंग काउंटर,फुट ओवर ब्रिज समेत और कई स्थान भी शामिल है।इनमें अलावे प्लेटफार्म नंबर एक और दो पर हर यात्री सेड में भी सीसीटीवी कैमरा लगाए जाएंगे।

**क्या कहते हैं रेलवे दूरभाष के कन्या अभियंता संजय कुमार ओझा।** रेलवे दुरभाष विभाग के कनिय अभियंता संजय कुमार ओझा ने बताया कि पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था के निमित्त रेलवे स्टेशन में सीसीटीवी कैमरा लगाने का आदेश हावड़ा मंडल से दिया गया है तथा एजेंसी भी कैमरा लगाने के लिए आ गई है।पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर में 38 कैमरा लगाए जाएंगे।इसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है।कैमरा लग जाने के उपरांत पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर हो रही हर गतिविधि को रेलवे के अधिकारी हावड़ा से ही देख सकेंगे। इसके लिए रेलवे सुरक्षा बल कार्यालय पाकुड़ में कंट्रोल रूम बनाया गया है।कंट्रोल रूम के माध्यम से पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर लगे हर सीसीटीवी कैमरा को सीधे डीआरएम कार्यालय से जोड़ दिया जाएगा।पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर हो रही हर छोटी बड़ी गतिविधियों पर नियंत्रण कक्ष की पैनी नजर रहेगी। पाकुड़ रेलवे स्टेशन में सीसीटीवी कैमरा लगने को लेकर ईजरप्पा ने खुशी व्यक्त करते हुए मंडल रेल प्रबंधक पूर्व रेलवे हावड़ा एवं वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दुरभाष अभियंता, पूर्व रेलवे, हावड़ा को धन्यवाद ज्ञापन किया है।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने विक्रम टुडु को परगनैत (परगना) सनद उपाधी प्रदान की



**पाकुड़ :** शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर पाकुड़ में अनुमंडल पदाधिकारी श्री साईमन के द्वारा पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत मोंगलाबाद निवासी विक्रम टुडु को परगनैत (परगना) सनद उपाधी प्रदान की गई। ज्ञात हो कि संताल जनजाति में समाजिक व्यस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए सदियों से पारंपारिक व्यवस्था चलते आ रहा है जिसमें एक ग्राम का मुख्य प्रधान होता है 'कई ग्रामों को मिलाकर मोंडे मांझी होते हैं जो लगभग 5/7 ग्रामों के विवादों का निपटारा करते है उनके ऊपर परगना या परगनैत होते है जो 20/40 ग्रामों के सरदार के रूप में भूमिका निभाते हैं और ये सभी प्रकार मैं चल-अचल संपति के विवादों का निपटारा पारंपारिक रूप / संवैधानिक रूप से करते आ रहे है।

# बाबुधन मुर्मू ने चलाया नवाडीह गांव में जनसंपर्क अभियान





**लिट्टीपाड़ा:** पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पाकुड़ बाबूधन मुर्मू लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत के नवाडीह गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर ग्रामीणों का हाल चाल जाना। और ग्रामीणों का विभिन्न जनसमस्या से भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू ने रूबरू हुए,ग्रामीण महिलाओं ने बताई मईया सम्मान योजना का फॉर्म ऑनलाइन तो हुआ,होने के बाद मेसेज आता है,लेकिन बहुत सारी माताओं बहनों का खाता में पैसा नही आया,महिलाओं ने बताई कागज वहां यहां जमा करके परेशान है, वृद्धा पेंशन महिला मूली चोंडे, होपनमय, कोमोली मड़ैया, सांझली हेमब्रम, सांजली सोरेन, को पांच महीना बीत गया,लेकिन अभी तक पैसा आने का नाम नहीं, अबुवाक आवास योजना से भी बहुत सारे लोग वंचित है,किसानों ने सिंचाई के लिए डिप बोरिंग का मांग की,डिप बोरिंग होने से रवि फसल और खरीफ फसल का खेती करने में मदद मिलेगी,ग्रामीण महिला पुरुष ने बात कही गठबंधन सरकार गलत नीति नियम से परेशान है,अबकी बार मन बना चुका है,झारखंड में गटबंधन सरकार को उखाड़ कर फेकने मन बना लिया है,भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू ने ग्रामीणों का जनसमस्या सुनकर संबोधन में कहा लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में अबकी बार भारतीय जनता पार्टी को जिताएं ,भाजपा पार्टी आप सबका हर दुख तकलीफ में साथ खड़ा रहेगी,ओर भाजपा सरकार कोना कोना हर व्यक्ति का विकास होगा,मौके पर विचामहल एसटी मोर्चा अध्यक्ष बियान मुर्मू, बीचामहल मंडल उपाध्यक्ष कृष्णा मड़ैया,भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता शिव मुर्मू,लिट्टीपाड़ा मंडल उपाध्यक्ष रामेशोल टुडू, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री शिव प्रसाद पहाड़िया, मताल मुर्मू,छोटा मताल मुर्मू, बाबूधन मड़ैया,अनिल मड़ैया,गोपाल मड़ैया,गंगेश मुर्मू, बेटका मुर्मू,विजय सोरेन,आदि उपस्थित हुए।

# जिला परिषद की बैठक में विकास कार्यों को ससमय पूर्ण करने पर चर्चा की गई





**पाकुड़ :** सूचना भवन सभागार में शुक्रवार को जिला परिषद अध्यक्ष जुली खिष्टमनी हेम्ब्रम की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की समीक्षा की गई। सभी प्रखंडों के जिला परिषद सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्रों की समस्या से सदन को अवगत कराया। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने व आम लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने अपने इलाके में होने वाली समस्या को लेकर चर्चा किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष जुली खिष्टमनी हेम्ब्रम ने कहा कि जिला परिषद सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया कि विकास कार्यो को शीघ्र पूरा करने के लिए आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें, ताकि लंबित पड़े विकास कार्यो को शीघ्र पूरा किया किया जा सके।

बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री अशोक कुमार भगत के द्वारा बिजली, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि, आपूर्ति, मत्स्य, सहकारिता, शिक्षा विभाग, पशुपालन समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई एवं संबंधित अधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह, पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि, महेशपुर विधायक प्रतिनिधि समेत अन्य पदाधिकारी एवं जिला परिषद सदस्य उपस्थित थे।

# नगर परिषद ने शिकायत के लिए जारी किया संपर्क नंबर 7903236557

नगर परिषद ने शिकायत के लिए जारी किया संपर्क नंबर 7903236557

**पाकुड़ :** दुर्गापूजा महोत्सव के मद्देजर नगर परिषद, पाकुड़ ने नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष शिकायत निवारण संपर्क नंबर जारी किया है। दुर्गापूजा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा, शिकायत या सुझाव के लिए आम जन 7903236557 पर नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। यह नंबर दुर्गापूजा के दौरान नगर परिषद से संबंधित सभी प्रकार की शिकायतों के निवारण के लिए सक्रिय रहेगा। नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। सभी नगरवासियों से अनुरोध है कि वह इस सेवा का सदुपयोग करें और अपने नगर क्षेत्र में किसी भी समस्या की जानकारी शीघ्र नगर परिषद को दें, जिससे त्यौहारों का संचालन सुचारु रूप से किया जा सकें।

# पश्चिम बंगाल के तर्ज पर झारखंड में हजार प्रति बीड़ी मजदूरी 202/-रूपया निर्धारित हुआ हैं :- मो0 आसराफुल शेख



**पाकुड़ :** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष माननीय मो0 आसराफुल शेख ने कहा कि बीडी श्रमिकों के लिए खुश खबरी हैं ! मुख्यमंत्री माननीया ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल सरकार ने सभी बीड़ी कंपनी (मर्चेंट) के साथ समन्वय स्थापित कर गरीब बीड़ी मजदूरों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एवं खाद्य सामग्री के मूल्य वृद्धि को देखते हुए बीडी मजदूरी पहले 178/- रुपया प्रति हजार था ! बीड़ी मजदूर माता-बहनों के दुःख दर्द और कठिन परिश्रम को ध्यान में रखते हुए प्रति हजार बीड़ी मजदूरी प्रति हजार बीड़ी के 24/- रूपया वृद्धि किया गया है ! आगामी नवंबर 2024 से प्रति हजार बीड़ी की मजदूरी 202/- रुपया लागू किया गया है ! पश्चिम बंगाल के तर्ज पर जिला पाकुड़,साहिबगंज झारखण्ड प्रदेश सहित सभी बीड़ी मजदूरी प्रति हजार 202/- नवंबर 2024 से लागू की गई है !अधिकांश बीड़ी कंपनी पाकुड़ जिला संलग्न जिला मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) के है ! माननीया ममता दीदी के निर्देशानुसार सभी बीड़ी कंपनी निर्धारित तिथि से बीड़ी मजदूरी प्रति हजार 202/- रूपया की दर से देने के लिए तैयार है ! पाकुड़ विधान सभा क्षेत्र में मो0 आसराफुल शेख ममता दीदी का सिपाही हैं ! पश्चिम बंगाल के तर्ज पर पाकुड़ विधान सभा क्षेत्र के सभी बीड़ी मजदूरों को आगामी नवंबर 2024 से प्रति हजार की मजदूरी 202/-रूपया देना होगा ! खासकर पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के 90% परिवार बीड़ी पर निर्भर है ! मो0 आसराफुल शेख स्वंय अधिवक्ता है ! बीड़ी मजदूरों के अधिकारों के लिए जो बीड़ी कर्मकार ( नियोजन की शर्तें ) अधिनियम 1966 के तहत जो देश भर में लागू है ! मो0 आसराफुल शेख ने कहा कि मैं पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के तमाम बीड़ी मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए तैयार है ! पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के गरीब बीडी मजदूरों को दोहन-शोषण करने नहीं देंगे ! जो कानूनन प्रावधान है,उसे धरातल पर उतरना है ! मो0 आसराफुल शेख बीड़ी मजदूरों के साथ खड़ा है !


# डीआरडीए का जिला परिषद में विलय, सभी कर्मी एवं पदाधिकारी जिला परिषद में समाहित



**पाकुड़ :** सूचना भवन के सभागार में हुई बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के संकल्प पर चर्चा की गई। बताया गया कि ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के लिए जिला ग्रामीण विकास शाखा के गठन की स्वीकृति दी गई है। सूचना भवन सभागार में जिला परिषद की हुई बैठक में डीआरडीए का जिला परिषद में विलय का निर्णय लिया गया है। केंद्र प्रायोजित डीआरडीए प्रशासन योजना के बंद होने तथा पंचायती राज अधिनियम 2001 की धारा 77 ख के आलोक में विलय का यह निर्णय लिया गया है। इस बात की घोषणा जिला परिषद अध्यक्ष जुली खिष्टमनी हेम्ब्रम ने की। बताया गया कि ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के लिए जिला ग्रामीण विकास शाखा के गठन की स्वीकृति दी गयी है। बता दें कि डीआरडीए की स्थापना वर्ष 1980 में हुई। उस समय कई केंद्रीय योजनाओं का संचालन डीआरडीए के माध्यम से किया जाता था। इन योजनाओं के संचालन हेतु डीआरडीए में तृतीय व चतुर्थ वर्ग के पदों में नियुक्ति भी की गयी। लेकिन राज्य सरकार के निर्णय के आलोक में डीआरडीए को विघटित कर दिया गया। डीआरडीए प्रशासन के सभी अस्थायी कर्मी अब जिला परिषद में समाहित हो जायेंगे। समाहित किये जाने वाले कर्मियों एवं पदाधिकारी के लिए जिला परिषद में सरकार द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुरूप वेतन भुगतान किया जायेगा।

**डीआरडीए में थे 6 कर्मी 1 पदाधिकारी पदस्थापित:** जिले में डीआरडीए में छः कर्मी एक पदाधिकारी पदस्थापित थे। जिला परिषद में विलय के साथ ही इन कर्मियों एवं पदाधिकारी को जिला परिषद में ले लिया गया है। अब जिला परिषद में इन्हें काम पर लगाया जायेगा। बताया गया कि डीआरडीए में सृजित पदों के विरूद्ध कार्यरत कर्मियों एवं पदाधिकारी की सेवा समाप्त नहीं की जायेगी। उन्हें उसी रूप में जिला परिषद के अंतर्गत कोषांग में पदस्थापित किया जायेगा। मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत, सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, महेशपुर/पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 21 घंटे से कम सप्लाई में बिल पर मिलेगी छूट



## कनेक्शन कटा तो पुश बटन दबाइए बिजली आ जाएगी, रात में अचानक नहीं कटेगी लाइट

**पटना,एजेंसी।** बिहार में स्मार्ट बिजली मीटर पर पॉलिटिक्स जारी है। लोगों का आरोप है कि बिजली बिल पहले से ज्यादा आ रहा है। विपक्षी दल भी इसके खिलाफ लगातार आंदोलन कर रहे हैं। आरजेडी, कांग्रेस, भाकपा-माले का आरोप है कि इसके जरिए आम जनता को लूटा जा रहा है। पैसा नहीं रहने पर बिजली काट दी जाती है। क्या सच में स्मार्ट मीटर से बिजली बिल बढ़ गया है? क्या बैलेंस नहीं रहने पर बिजली काट दी जाएगी। ये पारदर्शी है या नहीं? क्या बिजली बिल के नाम पर साइबर फ्रॉड भी हो रहे हैं? ऐसे तमाम सवालों के जवाब पटना के डीएम डॉ. चंद्रशेखर और बिजली विभाग के अधिकारियों ने दिए हैं...

### नवंबर तक पटना में सभी घरों में लग जाएंगे स्मार्ट मीटर

नवंबर तक पूरे पटना जिले में 100त्न उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगा दिए जाएंगे। 21 घंटे से कम बिजली मिलने पर बिल में छूट दी जाएगी। हर घर में स्मार्ट मीटर लगाना जरूरी है। आप जितनी राशि का रिचार्ज कराएंगे, उतना ही इस्तेमाल कर सकेंगे। पटना में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 12 लाख उपभोक्ता हैं। करीब 7.25 लाख लोगों के यहां स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है। नवंबर अंत तक 100त्न लोगों के घरों में इस नए मीटर को लगा दिया जाएगा।

### पुश बटन 20 सेकेंड तक दबाने पर सप्लाई चालू हो जाएगी

कनेक्शन कटने के बाद पुश बटन 20 सेकेंड तक दबाने पर सप्लाई चालू हो जाएगी। बैलेंस नहीं रहने या माइनस में होने पर भी 3 दिन तक बिजली नहीं कटेगी। आपको रिचार्ज के लिए एक सप्ताह का समय मिलेगा। रात में अब अचानक बिजली नहीं कटेगी। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच ही कटेगी।

डीएम ने आगे कहा कि मीटर में लगे पुश बटन के माध्यम से उपभोक्ता पैसा नहीं रहने या बैलेंस माइनस में रहने के बाद भी एक सप्ताह तक इस्तेमाल कर सकते हैं। कनेक्शन कटने के बाद मीटर में लगे पुश बटन को 20 सेकेंड तक दबाए रखिए। कनेक्शन रिस्टोर हो जाएगा। एक महीने में एक ही बार ही इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

### मीटर बंद रहने पर भी पैसे कटते हैं ये अफवाह है

डीएम डॉ. चंद्रशेखर ने कहा कि स्मार्ट मीटर की खूबियों को जाने बिना अफवाह फैलाई जा रही है। जैसे स्मार्ट मीटर तेज चलता है। बिल ज्यादा आ रहा है। बंद रहने पर भी पैसा कटता है। कभी भी बिजली काट दी जाती है। बिल के जरिए साइबर फ्रॉड हो रहा है। इन सब बातों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। ये पूरी तरह से पारदर्शी है।

### पुराने मीटर में शिकायतें मिल रही थीं, इसलिए लाया गया स्मार्ट मीटर

ऐसी चर्चा है कि नए और पुराने दोनों मीटर एक ही तरह का रीडिंग करता है। अब सवाल उठता है कि आखिर जब सब कुछएक जैसा ही है तो इसकी जरूरत क्या है। इस पर डीएम ने कहा कि पहले बिल में गड़बड़ी की शिकायतें बहुत आ रही थी। लोग कहते थे कि हमारा घर बंद था, फिर भी बिल ज्यादा आ गया। इस समस्या को दूर करने के लिए नए मीटर को लगाया जा रहा है। ताकि सब कुछ पारदर्शी रहे। पुराने मीटर के रीडिंग में बहुत मैन फोर्स लग रहा था। घर बंद रहने पर दोबारा कर्मियों को रीडिंग के लिए जाना पड़ता था। इसके बाद भी कोई नहीं मिलने पर पुराने बिल के आधार पर ही नया बना दिया जाता था। पुराने मीटर में टेम्परिंग की भी शिकायत रहती थी। तमाम समस्याओं को दूर करने के लिए स्मार्ट मीटर लाया गया है।

### 21 घंटे से भी कम बिजली सप्लाई तो बिल में मिलेगी छूट

स्मार्ट मीटर लगने के बाद अगर किसी उपभोक्ता को 21 घंटे से भी कम बिजली दिया जा रहा है, तो उन्हें बिल में कुछ छूट भी दी जाएगी। पुराने मीटर में ऐसी कोई सुविधा नहीं थी, लेकिन नए मीटर में ये सुविधा मौजूद है। साथ ही लोड बढ़ने पर लगने वाले फाइन को भी 6 महीना तक के लिए बढ़ा दिया गया है। मतलब तत्काल फाइल नहीं लगेगा। इसके लिए विभाग आपको 6 महीने का समय देगी। 6 महीने में आप लोड कम कर लीजिए। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग बिल का प्रावधान है। शहरी इलाकों में 100 यूनिट तक 4.57 प्रति यूनिट और 100 से ऊपर 6.06 पैसा प्रति यूनिट रखा गया है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में 50 यूनिट तक प्रति यूनिट 2.90 रुपए और 50 से ऊपर प्रति यूनिट 3.10 रुपए चार्ज रखा गया है।

### स्मार्ट मीटर तेज क्यों चलता है

बिहार में सितंबर 2019 से इसकी शुरुआत की गई थी। टेस्टिंग के लिए सबसे पहले बिजली ऑफिस, बिजली बोर्ड के कर्मचारी, बिजली विभाग से जुड़े लोगों के यहां लगाया गया। नॉर्मल मीटर में जितना बिल आता था, उतना ही बिल नए मीटर में भी आ रहा था। इसके बाद ही इसको आम उपभोक्ताओं के यहां लगाया गया।

उपभोक्ता के यहां लगाने से पहले इसकी टेस्टिंग की जाती है। इसके बाद इसे इन्स्टॉल किया जाता है। इसके बावजूद अगर लोगों को लगता है कि उनका मीटर तेज चल रहा है तो एनएबीएल और बीओआईएस जैसे लैब में मीटर की रैंडम टेस्टिंग करा सकते हैं। साथ ही उपभोक्ता जांच के लिए कुछ दिनों तक नए मीटर के साथ पुराने मीटर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### कटिहार के लाभा स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी में लगी आग:देखने गया युवक झुलसा

**कटिहार,एजेंसी।** कटिहार-मालदा रेल खंड के लाभा स्टेशन पर गुरुवार को प्लेटफार्म 3 पर खड़ी एक मालगाड़ी में अचानक आग लग गई। स्टेशन मास्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मालगाड़ी कटिहार से क्रॉसिंग के लिए रुकी थी, तभी आग लग गई, जिससे अफरातफरी मच गई। आग की सूचना मिलने पर रेल प्रशासन ने फायर ब्रिगेड को बुलाया, जिसने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

इस घटना से कई ट्रेनें घंटों लेट हो गईं। आग देखने गए लाभा गांव के युवक मोहम्मद फैसल आग की चपेट में आकर झुलस गए, जिन्हें इलाज के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेजा गया। बताया गया कि मालगाड़ी में डीजल लदा था, जो ब्लास्ट हो गया और आग लग गई। आग से क्षतिग्रस्त बोगियों को ट्रेन से अलग कर दिया गया। घटना के बाद स्थानीय यात्री और ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। रेलवे के वरीय अधिकारियों को सूचित कर ट्रेन परिचालन बहाल कर दिया गया है।

### पुलिस टीम पर हमला करने में शामिल पांच आरोपितों ने किया आत्मसमर्पण

**गया,एजेंसी।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रेलवे ओवरब्रिज के पास डायल 112 की पुलिस टीम पर हमला कर पिस्टल छिनने के मामले में गुरुवार को पांच आरोपियों ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया है। पुलिस की दबिश बढ़ने के बाद आरोपियों ने आत्मसमर्पण किया। इसकी जानकारी एसएसपी आशीष भारती ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम हमला मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका था। अन्य पांच फरार चल रहे थे। इनलोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिसिया दबिश बढ़ने के बाद अन्य पांच आरोपियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वालों में रघु कुमार, कारू मांझी, बबलू मांझी, शिवा मांझी व भोला मांझी शामिल है। बतादें कि बीते 10 सितंबर की देर रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रेलवे ओवर ब्रिज के पास 10 की संख्या में रहे अपराधियों ने डायल 112 के टीम पर हमला कर दिया था। इस क्रम में अपराधियों ने पुलिस की बाइक और सर्विस पिस्टल छीनी ली थी।

### तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दंपत्ति को रौंदा:पत्नी की मौत, पति गंभीर

**पोठिया, एजेंसी।** कटिहार के पोठिया थाना क्षेत्र में एसएच-77 सड़क पर गुरुवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। घटना नरहिया पेट्रोल पंप के पास की है। बताया जा रहा है कि चंदन कुमार मंडल और उनकी पत्नी सरिता देवी रहटा से समेली जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, समेली लाया गया, जहां चिकित्सकों ने सरिता देवी को मृत घोषित कर दिया। चंदन कुमार मंडल गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज चल रहा है।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे थे विधायक :सीतामढ़ी में लोगों ने घेरा

**सीतामढ़ी,एजेंसी।** सीतामढ़ी में बागमती नदी का तटबंध टूटने से लगभग 40 गांवों की दो लाख से अधिक आबादी बाढ़ की चपेट में आ गई है। बेलसंड और रुन्नीसैदपुर प्रखंड के कई गांवों में तटबंध टूटने से बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। इससे सैकड़ों परिवारों को घर




छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी है। प्रभावित लोग एनएच-77 या ऊंचे स्थानों पर रहने को मजबूर हैं।

बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों को मवेशियों के चारे और सुरक्षित स्थान की समस्या हो रही है। सड़कों पर पानी भरने से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। प्रशासन की तरफ से राहत कार्य शुरू होने में देरी के कारण लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। रुन्नीसैदपुर से जेडीयू विधायक पंकज मिश्रा जब बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे तो नाराज ग्रामीणों ने उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विधायक के सामने ही मुर्दाबाद के नारे लगाए गए, जिसके बाद उनका वहां से कटते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। स्थानीय लोग राहत सामग्री और प्रशासनिक सहायता की कमी से परेशान हैं।

# एनसीईआरटी का प्लान -कोचिंग-ट्यूशन का चक्कर खत्म, घर बैठे पोर्टल पर मुफ्त पढ़ाई

**भागलपुर,एजेंसी।** अब पोर्टल से घर बैठे बिहार के विद्यार्थी निशुल्क पढ़ाई करेंगे। इससे उनकी कोचिंग और ट्यूशन की निर्भरता खत्म हो जाएगी। इसकी पहल राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने की है। इस बाबत देशभर के 25 केंद्रीय विद्यालय और 25 अन्य स्कूलों के शिक्षकों को मुक्त शैक्षिक संसाधन (ओईआर) का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों की मदद से स्कूलों में बच्चों को सभी मुक्त शैक्षिक संसाधनों के बारे में बताया जाएगा।

मुक्त शैक्षिक संसाधन का मतलब सीखने और पढ़ाने की ऐसी सामग्री, जो किसी के भी उपयोग के लिए ऑनलाइन निशुल्क उपलब्ध हो। इनमें निष्ठा, स्वयं व दीक्षा समेत सभी पोर्टल की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण पानेवालों में बिहार के केन्द्रीय विद्यालयों के पांच शिक्षक भी शामिल हैं। इन्हें मास्टर ट्रेनर बनाया गया है। पटना रीजन के छह क्लस्टर के पांच-पांच शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। ये पांच शिक्षक अब पटना रीजन के छह क्लस्टर से पांच-पांच शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे।



बीते 30 अगस्त को पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम केन्द्रीय विद्यालय कंकड़बाग में हुआ। इसमें पटना रीजन के कुल छह क्लस्टर बरौनी, कटिहार, मुजफ्फरपुर, पटना, सोनपुर और गया से कुल 30 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें उन्हें एनसीईआरटी के सभी ऑनलाइन पोर्टल के बारे में बताया गया, जिस पर बच्चे पढ़ाई कर सकते हैं।

### इंटरनेट से बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे

इस मामले में केन्द्रीय विद्यालय कहलगांव की प्राचार्य डॉ. जया पांडे मिश्रा ने बताया कि इंटरनेट के माध्यम से बच्चे अच्छे तरीके से पढ़ाई कर सकेंगे। एनसीईआरटी के ऐसे कई पोर्टल हैं, जो घर बैठे बेहतर तैयारी कराते हैं। अन्य माध्यमों से पाठ्य सामग्री ढूंढ़ने में उन्हें परेशानी नहीं होगी। शिक्षक बच्चों के स्वअध्ययन के लिए मार्गदर्शन करेंगे। विशेषज्ञ शिक्षक बच्चों की आवश्यक मदद करेंगे। उन्हें कोचिंग की जरूरत नहीं होगी। एनसीईआरटी की कोशिश है कि बच्चों की सभी जरूरतें पोर्टल पर या विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से पूरी की जाएंगी।

# नालंदा में 6 अक्टूबर को सम्मानित होंगे सैकड़ों खिलाड़ी

## बिहार अवार्ड सेरेमनी का होगा आयोजन, राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर कार्यक्रम

**नालंदा,एजेंसी।** नालंदा के हरनौत में 6 अक्टूबर को एक ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है। यहां 24वीं बिहार अवार्ड सेरेमनी 2024 का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों पैरालंपिक और सामान्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में योगेंद्र सिंह (निदेशक, माध्यमिक शिक्षा), विजय प्रकाश मीणा (निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग), शशांक शुभंकर (जिलाधिकारी, नालंदा), भारत सोनी (पुलिस अधीक्षक, नालंदा) और पूर्व निशक्त आयुक्त डॉ. शिवाजी कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति शिरकत करेंगे। यह संभवतः आजादी के बाद पहली बार है जब हरनौत में बिहार स्तरीय इतना बड़ा खेल का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन के माध्यम से दिव्यांग खिलाड़ियों को सम्मानित करके उनके हौसले को बढ़ावा दिया जाएगा और उन्हें प्रेरित किया जाएगा।



### कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है

आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन ने पूरी तरह से तैयारियां शुरू कर दी है। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। आयोजन स्थल को साफ-सुथरा रखने के लिए भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह आयोजन दिव्यांगों के लिए एक मंच प्रदान करेगा जहां वे अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे और सम्मानित हो सकेंगे। यह आयोजन दिव्यांगों के प्रति समाज के नजरिए को बदलने में भी मदद करेगा।

### ये करेंगे कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम का आयोजन बिहार स्पोर्ट्स एसोसिएशन, स्पेशल ओलंपिक भारत-बिहार, बिहार डिसएबल स्पोर्ट एकेडमी, बिहार दीफ स्पोर्ट्स एसोसिएशन, बिहार ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन, इंडियन स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ सेरेबरल पलसी, इंडियन स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ ऑटिस्म, बिहार एसोसिएशन ऑफ पीडब्ल्यूडी, पाटलिपुत्र पेरेंट्स एसोसिएशन ऑफ समर्पण और एक्शन फॉर ऑल चाइल्ड कंसर्न के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

## गंडक के जलस्तर में कमी से बाढ़ पीड़ितों को राहत :मोतिहारी में किसानों ने मुआवजे की मांग की

- **बोले-सैकड़ों एकड़ में लगी फसल हुई बर्बाद**

**मोतिहारी,एजेंसी।** मोतिहारी के संग्रामपुर प्रखंड के पूछरिया गाँव में पांच दिनों तक बाढ़ का पानी कम होने के बाद तबाही का मंजर सामने आया है। बाढ़ से खेतों और घरों में भारी मलवा जमा हो गया है। किसानों के घर टूट गए हैं, और उनकी फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं।



किसानों ने नाव पर टीम से बातचीत में बताया कि प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं मिली है, और उनकी सारी उम्मीदें अब बह गई हैं। खेतों में बाढ़ ने तीन बार कहर ढाया है, जिससे फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। अब किसानों के सामने यह सवाल है कि आने वाले दिनों में वे क्या खाएंगे। किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है ताकि उनकी फसल बर्बादी की भरपाई हो सके।

**सौ एकड़ में लगी फसल बर्बाद:** जगदेव साह और नीरज सिंह ने कहा कि सरकार को न केवल मुआवजा देना चाहिए, बल्कि नदी से होने वाले कटाव पर भी तुरंत काम शुरू करना चाहिए, जिससे भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सके। लगभग सौ एकड़ से अधिक धान और गन्ने की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं।

# मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गया और पटना के बीच वंदे भारत चलाने का प्लान

- **त्योहारों में बिहारियों का घर आना होगा आसान**

**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** बिहार के लोगों के लिए खुशखबरी है। त्योहार पर उत्तर बिहार के रेलयात्री वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेन में सफर का मजा ले सकते हैं। दीपावली और छठ के मौके पर दिल्ली से बिहार के लिए चार वंदे भारत या अमृत भारत पूजा स्पेशल चलाने की तैयारी रेलवे कर रहा है। यह दोनों गाड़ियां बिहार की पटरियों पर कब से दौड़ेगी, रेलवे बोर्ड ने फिलहाल यह तय नहीं किया है। इसमें एक सप्ताह से अधिक का समय लग सकता है।



त्योहार पर नई दिल्ली से बिहार खासकर मुजफ्फरपुर और दरभंगा बड़ी संख्या में लोग आते हैं। ऐसे में उत्तर बिहार आने वाली ट्रेनें ओवरलोड होती हैं। सामान्य रिजर्वेशन में टिकट मिलना तो दूर तत्काल टिकट भी नहीं मिल पाता है। ऐसे में रेलवे बोर्ड ने यात्रियों की सहूलियत के लिए दिल्ली से मुजफ्फरपुर, दरभंगा के साथ गया और पटना के बीच एक-एक वंदे भारत या अमृत भारत त्योहार स्पेशल चलाने की तैयारी की है। इसे लेकर संबंधित जोन को रेलवे बोर्ड की ओर से तैयारी करने को कहा गया है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि रेलवे की ओर से नहीं की गयी है।

## मुजफ्फरपुर में गोदाम सील शराब की बोतलें होती थी पैक

**मुजफ्फरपुर,एजेंसी।** ु जफ्फरपुर में उत्पाद विभाग की टीम ने एक गोदाम सील किया है। यहां शराब पैकिंग होती थी। टीम ने मौके से भारी मात्रा में स्प्रिट से तैयार शराब, अर्द्ध निर्मित शराब, विदेशी शराब की बोतलें, पैकेट, रैपर, ढक्कन, मुहर, बॉटलिंग मशीन और वाटर प्लांट जब्त किए गए हैं।

टीम ने शराब तस्कर धीरज कुमार को भी गिरफ्तार किया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। अन्य की धंधेबाजों की पहचान की जा रही है। विभाग ने लदौरा के पास डुमरी पुल के पास कार्रवाई की है। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर शिवेंद्र कुमार ने बताया कि लगातार शराब धंधेबाजों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि विदेशी



शराब की बोतल पैकेजिंग का काम चल रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद उत्पाद विभाग की विशेष टीम ने मौके पर छापेमारी की। इस दौरान एक की गिरफ्तारी हुई है।

## बाइक के धक्के से महिला की मौत, बाइक छोड़कर भागा

**छपरा,एजेंसी।** छपरा-मशरक मुख्य मार्ग पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेंनुआ गांव के समीप तेज गति से जा रहे बाइक सवार ने एक महिला को धक्का मार दिया। गंभीर रूप से घायल महिला की मौत हो गई। मृतका स्थानीय थाना क्षेत्र की चंदा देवी बताई जाती है। शव का पोस्टमार्टम छपरा सदर अस्पताल में हुआ। घर के रहने वाले महेश राय ने बताया कि वह बाजार से घर आ रही थी तभी बाइक सवार में टक्कर मार दी और वह गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। ? बाइक सवार तेजपुरवा गांव का रहने वाला बताया जाता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

उधर घटना की सूचना मिलते ही परिवार में चीख पुकार और कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार को ढांढस आसपास के महिलाओं ने घर पर पहुंचा कर दिया। लोगों का कहना था कि बाइक सवार तेज गति से गाड़ी चला रहा था। यही वजह है कि महिला की जान चली गई।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### बिहार में तबाही की कल्पना डरा रही

विडंबना यह है कि जब भी नेपाल में बारिश और बाढ़ अधिक होती है, तो इसकी मार अनिवार्य रूप से बिहार पर पड़ती है। अगर बांधों के दरवाजे न खोले जाएं, तो बांध के ही टूटने का खतरा बढ़ जाएगा, जिसके बाद की तबाही की कल्पना भी डरा देती है। यह आशंका पहले से थी कि नेपाल में भारी बरसात का बिहार पर भी व्यापक असर पड़ सकता है। अब नेपाल में बांधों से बड़े पैमाने पर पानी छोड़े जाने के बाद बिहार में जैसी तबाही मची है, उससे गहरी चिंता पैदा हो गई है। बिहार के कई जिलों की नदियों में उफान आ गया है और अब बाढ़ का पानी जितने बड़े दायरे में फैल गया है, उसे देखते हुए राज्य में अतीत में आई बाढ़ की त्रासद स्मृतियां ताजा हो गई हैं। गौरतलब है कि नेपाल में इस बार की बरसात का दबाव इतना ज्यादा है कि वहां कोसी बांध के कई दरवाजे खोलने की नौबत आ गई।नतीजतन, बिहार में कई नदियों के तटबंध टूट गए और अब उन्नीस जिलों में बाढ़ का पानी का फैल चुका है, सैकड़ों गांवों में पानी भर गया है और दस लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इससे पहले 2008 में समूचे कोसी क्षेत्र में भयावह बाढ़ आई थी, जिससे हुई व्यापक तबाही को इस बार याद किया जा रहा है, लेकिन बताया जा रहा है कि 1967 के बाद कोसी में और 2003 के बाद गंडक नदी में इतना पानी पहली बार आया है।विडंबना यह है कि जब भी नेपाल में बारिश और बाढ़ अधिक होती है, तो इसकी मार अनिवार्य रूप से बिहार पर पड़ती है। अगर बांधों के दरवाजे न खोले जाएं, तो बांध के ही टूटने का खतरा बढ़ जाएगा, जिसके बाद की तबाही की कल्पना भी डरा देती है। करीब सात दशक पहले भारत और नेपाल के बीच बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए कोसी नदी परियोजना की शुरुआत की गई, मगर अब भी यह त्रासदी कायम है।बरसात के मौसम में उफन कर जानमाल को व्यापक नुकसान पहुंचाने वाली नदियों को तटबंध बना कर नियंत्रित करने की कोशिश की गई, लेकिन बाढ़ के पानी के दबाव में जब ये तटबंध टूटते हैं, तब कई बार सामने पड़ने वाली समूची बस्तियां बह जाती हैं। सवाल है कि कई दशकों से कायम इस समस्या के समाधान के लिए सरकारों की ओर से कब कोई ऐसी योजना सामने आएगी, जिससे इतने बड़े इलाके में थोड़ी राहत महसूस की जा सके।

### भारत ने पश्चिमी एशियाई देशों को भेजा अमन का पैगाम

पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर हमारे प्रधानमंत्री ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत की। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि दुनिया में आतंकवाद का किसी भी रूप में समर्थन नहीं किया जा सकता, पर पश्चिम एशिया में शांति को लेकर भारत प्रतिबद्ध है। बंधकों की सुरक्षित रिहाई भी सुनिश्चित होनी चाहिए। भारत सदा से आतंकवाद के विरुद्ध रहा है। अमेरिका के विश्व व्यापार केंद्र पर आतंकी हमले के बाद जब दुनिया के अनेक देशों ने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध छेड़ने की प्रतिबद्धता जाहिर की थी, तब भारत उनमें अगली कतार में शामिल था। मगर अभी तक दुनिया भर में चले अभियानों का इस दिशा में कोई उल्लेखनीय नतीजा नजर नहीं आया है। मगर भारत जहां भी मौका मिलता है, इस जरूरत को रेखांकित करता रहता है।पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय मंचों से कह चुके हैं कि कुछ देश अपनी विदेश नीति में आतंकवाद का समर्थन करते और कुछ देश आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई रोकने का परोक्ष प्रयास करते हैं। दरअसल, भारत खुद आतंकवाद से पार पाने की कोशिशों में जुटा हुआ है। इजराइल को उसके पड़ोसी फिलिस्तीन, लेबनान और यमन के आतंकी संगठनों से चुनौती मिलती रही है। इन दिनों वह उनसे आरपार की लड़ाई में जुटा हुआ है।मगर जिस तरह इजराइल हमास, हिजबुल्लाह और हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमले कर रहा है, उसमें बहुत सारे बेगुनाह लोग मारे गए हैं और मारे जा रहे हैं। उसमें अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियमों की भी अनदेखी हो रही है। अस्पतालों, स्कूलों तक को निशाना बनाया जा रहा है। बहुत सारे रिहाइशी इलाके ध्वस्त किए जा चुके हैं। बीमार और लाचार लोगों तक जरूरी सुविधाएं भी नहीं पहुंच पा रहीं। हिजबुल्लाह के कमांड हसन नसरल्लाह को मार गिराने के बाद इजराइल ने अपना रुख यमन के हूती विद्रोहियों की तरफ केंद्रित कर दिया है।वहां भी वैसी ही तबाही की आशंका है, जैसी फिलिस्तीन के गाजा पट्टी और लेबनान के बेरूत में देखने को मिली है। इसमें सारी दुनिया की चिंता मानवाधिकारों के हनन को लेकर पैदा हो गई है।

## भ्रष्टाचारियों की ढाल बनी केंद्र और राज्यों की सरकारें

**(योगेंद्र योगी)**

केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों ने 212 मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए 543 अफसरों व कार्मिकों पर अभियोजन स्वीकृति लंबित है। भ्रष्टाचार को लेकर राजनीतिक दल बड़े-बड़े दावे करते हैं। वादे हैं वादों क्या, भ्रष्टाचार को लेकर कुछ ऐसी ही हालत भारत की है। भ्रष्टाचार को लेकर राजनीतिक दल बड़े-बड़े दावे करते हैं। भाजपा गठबंधन ने लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। इसी तरह विपक्षी दलों ने भी केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार को निशाने पर रखा था। सत्ता पक्ष और विपक्ष के भ्रष्टाचार पर एक-दूसरे पर जबरदस्त प्रहार के बावजूद यह मुद्दा सुरसा के मुंह की तरह लगातार फैलता ही जा रहा है। भ्रष्टाचार की इस गंगोत्री से कोई अछूता नहीं है। भ्रष्टाचार का जड़ से खात्मा करना तो दूर बल्कि सत्तातंत्र भ्रष्टाचारियों की ढाल बन कर खड़ा है। इसमें कोई भी राजनीतिक दल पीछे नहीं हैं। देश को खोखला करने वाले इस धीमे जहर को संरक्षण देने में केंद्र और राज्यों की सरकारों पीछे नहीं हैं। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों ने 212 मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए 543 अफसरों व कार्मिकों पर अभियोजन स्वीकृति लंबित है। सीबीआई के कामकाज पर निगरानी रखने वाले केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की रिपोर्ट के मुताबिक इनमें राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) की सरकारों में अभियोजन स्वीकृति के 41 मामले शामिल हैं जिनमें 149 अधिकारी भ्रष्टाचार के दोषी पाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल भ्रष्टाचार की सबसे अधिक शिकायतें रेलवे कर्मचारियों के खिलाफ की गईं। इसके बाद दिल्ली के स्थानीय निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के खिलाफ शिकायतें

> *सीवीसी की रिपोर्ट में उन मामलो का भी जिक्र किया है जिनमें जांच में दोषी पाए गए अफसरों के खिलाफ आयोग की सिफारिशों को भी दरकिनार कर दिया गया। इनमें विभिन्न मंत्रालयों और केंद्र सरकार के अधीन संस्थाएं (पीएसयू-बैंक आदि) शामिल हैं। सीवीसी केंद्रीय मंत्रालयों और पीएसयू-बैंकों में मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) के जरिये भ्रष्टाचार व अनियमितताओं पर नजर रखता है।*

मिलीं। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में सभी श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की कुल 74,203 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 66,373 का निपटारा कर दिया गया और 7,830 शिकायतें लंबित हैं। सीवीसी की रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार में वित्त मंत्रालय के विभिन्न विभागों में अभियोजन स्वीकृति के सबसे ज्यादा 75 मामले लंबित हैं जिनमें 197 भ्रष्ट अफसर-कार्मिक फंसे हैं। इनमें वित्तीय सेवा विभाग के 53 मामलों में मुकदमा चलाने की अनुमति लंबित है। वित्त मंत्रालय के बाद रक्षा, रेल, शिक्षा तथा कार्मिक मंत्रालयों में लंबित मामलों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा है। राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों में भ्रष्टाचार के मामलों में सैकड़ों अफसरों के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति नहीं दी जा रही है। राज्यों/केंद्रशासित राज्यों में कुल 41 भ्रष्टाचार के मामलों 149 अधिकारी आरोपित हैं। इनमें महाराष्ट्र में 3 मामलों में 41 अधिकारी, उत्तर प्रदेश में 10 मामलों में 31, प.बंगाल में 4 मामलों 25, केंद्रशासित जम्मू-कश्मीर में 4 में 19, पंजाब में 4 में 6, मध्यप्रदेश में 1 भ्रष्टाचार के प्रकरण में एक अधिकारी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक नियमों के अनुसार सीबीआइ से प्रस्ताव भेजे जाने के बाद अधिकतम तीन माह में अभियोजन स्वीकृति देने का प्रयास किया जाना चाहिए लेकिन लंबित मामलों में 249 अधिकारियों के खिलाफ 81 मामले तीन माह की अवधि से अधिक पुराने हैं। सीवीसी की रिपोर्ट में उन मामलो का भी जिक्र किया है जिनमें जांच में दोषी पाए गए अफसरों के खिलाफ आयोग की सिफारिशों को भी दरकिनार कर दिया गया। इनमें विभिन्न मंत्रालयों और केंद्र सरकार के अधीन संस्थाएं (पीएसयू-बैंक आदि) शामिल हैं। सीवीसी केंद्रीय मंत्रालयों और पीएसयू-बैंकों में मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) के जरिये भ्रष्टाचार व अनियमितताओं पर नजर रखता है। सीवीसी ने कहा है कि कुछ संगठन आयोग की सलाह पर अमल करने और आरोपी अधिकारी को चार्जशीट जारी करने में देरी करते हैं। इससे कई मामलों में दोषी अधिकारी सेवानिवृत्त हो जाता है और समय सीमा चूकने के कारण कोई भ्रष्ट अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाती। गौरतलब है कि सरकारी विभागों में विषबेल की तरह बढ़ते भ्रष्टाचार पर भारत विश्व में कलंकित हो रहा है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 के लिए भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 180 देशों में 93वें स्थान पर रहा। जबकि वर्ष 2022 में भारत की रैंक 85 वीं थी। अर्थात भारत में भ्रष्टाचार की रफ्तार थमी नहीं है। इसमें तेजी आई है। इस सूचकांक में भारत आठ पायदान आगे बढ़ गया। वर्ष 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण एशिया में पाकिस्तान (133) और श्रीलंका (115) अपने अपने कर्ज के बोझ तले दबे हैं और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि हालांकि दोनों देशों में मजबूत न्यायिक निगरानी है, जो सरकार को नियंत्रण में रखने में मदद कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन (76) ने पिछले दशक में भ्रष्टाचार के लिए 37 लाख से अधिक सार्वजनिक अधिकारियों को दंडित करके अपनी आक्रामक भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई से सुर्खियां बटोरीं। भ्रष्टाचार से देश एक भी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश अछूता नहीं है। केंद्र हो या राज्यों में चाहे किसी भी राजनीतिक दल की सरकारें हों, किन्तु एक भी सत्तारुढ़ दल यह दावा नहीं कर सकता की कोई भी एक विभाग पूर्णतः भ्रष्टाचार से मुक्त हो सका है। देश की तरक्की मे बाधक बना यह मुद्दा सिर्फ शोर-शराबे तक ज्यादा सीमित है। जमीनी स्तर पर कोई भी राजनीतिक दल इसके जड़ सहित खात्मे की दिशा को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार के मामलों सिर्फ नौकरशाह ही शामिल हैं। राजनेता भी इसमें पीछे नहीं हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो दोनों के गठजोड़ के कारण ही भ्रष्टाचार लगातार बढ़ता जा रहा है। केंद्र और राज्यों की सरकारें विकास और पारदर्शिता के चाहे जितने दावे कर लें, जब तक भ्रष्टाचार मौजूद है तब तक देश इस मुद्दे पर शर्मसार होता रहेगा।

## संभावना से भरी पहाड़ी सड़कों पर आपदाओं की आशंका

**(वीरेंद्र कुमार पैन्यूली, पर्यावरण कार्यकर्ता)**

किसी भी देश-समाज में सड़कें विकास की निशानी होती हैं, मगर हमारे देश में पहाड़ की सड़कों को, कम से कम स्थानीय लोगों के परिप्रेक्ष्य में, आपदाओं की उत्प्रेरक के रूप में भी देखा जाता है। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश के कई जिलों और उत्तराखंड के चमोली, टिहरी, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, बागेश्वर के अनेक गांवों में गिरते शिलाखंडों, धंसती जमीनों और मलबों से लोग भयभीत हैं। इन जिलों के सौ से भी अधिक भयभीत गांवों के लोग अन्यत्र पुनर्वासित होने पर विचार करने लगे हैं। अपने कष्ट का कारण ये लोग गांव के ऊपर या नीचे से जाने वाली सड़कों को मानते हैं, विडंबना यह है कि वे इन सड़कों के करीब रहने के लोभ से बच भी नहीं पाते। निस्संदेह, सड़कें बेहतर भविष्य की आस जगाती हैं और उनके बनने के बाद आस-पास की जमीनों के भाव भी बढ़ जाते हैं। मगर पहाड़ों में सड़कें जब चौड़ी की जाने लगती हैं, तो इसके लिए चट्टानों को ज्यादा गहराई तक काटना पड़ता है। विस्फोट से पहाड़ों के हिस्से उड़ाने पड़ते हैं। ऐसे में, सड़क संबंधी आपदाएं भी ज्यादा गहराने और पसरने लगती हैं। आप खुद देख सकते हैं कि जगह-जगह ऐसे बोर्ड लगे हैं, जिन पर लिखा है, सड़क के इन हिस्सों में रुकना खतरनाक है। ऐसी कई घटनाएं घट चुकी हैं, जब खड़े वाहनों या सड़क पर चलते लोगों के ऊपर पहाड़ से मलबा-पत्थर आ गिरा और लोग मारे गए। पहाड़ों में तीर्थयात्रियों व पर्यटकों के फंसने के क्रम में ही प्रायः सड़कें खबर बनती हैं। उन सड़कों के कारण आने वाली आपदाओं पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। विडंबना यह है कि सड़कों को जल्द से जल्द खोलने के जो उपाय किए जाते हैं, उनसे भी कई बार समस्याएं बढ़ जाती हैं। बड़ी-बड़ी मशीनों का इस्तेमाल कर गहराई तक पहाड़ों को काटकर रास्तों को तत्काल साफ तो कर दिया जाता है, लेकिन इससे जो स्थिर ढालें अस्थिर हो जाती हैं, उनको स्थिर करने की आवश्यकता पर काम नहीं किया जाता है। ऐसी स्थिति में भारी बोल्डर्स लुढ़कते रहते हैं। सड़कों के समीप बसे अधिकांश ग्रामीणों का यही कहना है कि सड़कों पर रोक दीवार अवश्य बनाई जानी चाहिए। आखिर पहाड़ों में सड़क बनाने का उद्देश्य क्या है? वे यहां के निवासियों की जरूरतें पूरी कर रही हैं या फिर बढ़ा रही हैं? पहाड़ों में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं व चिंतकों को एक सवाल दशकों से बेचैन किए हुए है कि ऐसा क्यों होता है कि पहाड़ों में अंतराल तक तो छोटे-बड़े मालवाहक वाहन भर-भरकर पहुंचते हैं, परंतु वहां से लौटते हुए अधिकांश खाली ही होते हैं? यह इस बात का भी संकेत है कि पहाड़ प्रमुखतः खरीदार है, विक्रेता नहीं। यह किसी भी क्षेत्र की अनुकूल आर्थिक दिशा नहीं हो सकती। पहाड़ों के संदर्भ में एक विडंबना यह भी है कि जरूरी नहीं, मोटर सड़कों से दूरियां कम हो गई हों। ऐसे अनेक उदाहरण आपको यहां मिल जाएंगे, जहां दो गांवों के बीच की पैदल दूरी आधा किलोमीटर है, किंतु मोटर सड़कों से सात किलोमीटर हो गई है। अब इन्हीं सड़कों के अवरोधित होने पर उन दूरियों को पैदल तय करने के बजाय घंटों सड़क खुलने का इंतजार करते लोग मिल जाएंगे। सड़कों पर अति-विश्वास के कारण पहाड़ी किसानों व बागवानी करने वालों को कई बार भारी नुकसान उठाना पड़ जाता है। ऐसी खबरों से स्थानीय अखबार भरे रहते हैं कि जब फल या खेती की अन्य नगदी फसलें तैयार हैं और उनको बेचने का समय है, तब ऐन उसी समय मोटर सड़कें कई-कई दिनों तक अवरुद्ध रहीं। प्रख्यात गांधीवादी व पर्यावरण कार्यकर्ता चण्डी प्रसाद भट्ट चमोली जिले में सड़कों के निर्माण के बाद भूस्खलन में बढ़ोतरी की बात तस्वीरों और आंकड़ों के जरिये बताते रहे हैं। उनका कहना है कि सड़कें कहां और कैसे बनाई जानी चाहिए, इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। भू-वैज्ञानिकों का कहना है कि पहाड़ी सड़कें आधा कटान-आधा भरान की पद्धति से बननी चाहिए और नदी-नालों व खेतों में उनका मलबा बेतरतीब ढहा देने की जगह उसका रचनात्मक उपयोग होना चाहिए।

## आज का राशिफल

### मेष
आज भाग्य में वृद्धि का दिन है। आपको करियर में धन लाभ होगा और कारोबार में अच्छी कमाई होने से आपका मन खुश रहेगा। आपको जबर्दस्त सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। भौतिक विकास के अच्छे योग हैं और आपके लिए कारोबार में अच्छा मुनाफा हासिल होगा।

### वृष
आज दिन सामान्य रहेगा और आपको पार्टनरशिप के काम में लाभ होगा। पार्टनरशिप के बिजनस में लाभ होगा और आपको घरेलू कामों को निबटाने के लिए सुनहरे अवसर प्राप्त होंगे। कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। शाम के वक्त आपको मंगल उत्सव में शामिल होने का मौका मिलेगा। समाज में धन का खर्च करने से आपकी छवि सुधरेगी।

### मिथुन
आज काफी बिजी रहेंगे और दिन भर भागदौड़ करते रहेंगे। पूरा दिन दौड़भाग करनी पड़ेगी। धर्म आध्यात्म में मन लगेगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में रुकावट डाल सकते हैं। रात का समय मांगलिक कार्य में समय बीतेगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### तुला
आज लाभ होगा और कारोबार में मनचाही सफलता प्राप्त होगी। आपकी तरक्की के शानदार योग बन रहे हैं और आपको खुशी होगी। हर काम में आपको सफलता प्राप्त होगी। अधूरे काम निपट जाएंगे और कारोबार से जुड़ी महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में आपके मन के अनुसार खुशी का माहौल रहेगा और आपको सफलता प्राप्त होगी। रात में कहीं समारोह में जाने से आपका मन खुश होगा।

### वृश्चिक
आज दिन सफलता से भरा होगा और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन खुश होगा। आपको खुशी होगी और भाग्य का साथ मिलेगा। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट के मामले में आपके काम सफल हो सकते हैं। पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। आपके ऊपर इन बातों का कोई असर नहीं होगा।

### धनु
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा और आप खुश होंगे। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है वह करने को मिलेंगे और आपकी तरक्की होगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी और ऑफिस में सीनियर से आपको हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। धन में वृद्धि होगी और कारोबार में सफल होंगे।

### कर्क
आज लाभ और सफलता प्राप्त होगी और आपका दिन आनंद में बीतेगा। खानपान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन लाभ से भरा होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझकर करें, वरना नुकसान हो सकता है। किसी काम में मन नहीं लगेगा और दौड़भाग अधिक करनी पड़ेगी।

### सिंह
आज लाभ होगा और कारोबार में सफलता के योग बन रहे हैं। कारोबार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य से सुलझाएं तो आपको लाभ होगा। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप सब कुछ अपने हित में कर सकते हैं। आप यदि किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की मदद करें तो अच्छा होगा। कई काम एक साथ हाथ में लेने से आपकी बेचैनी बढ़ सकती है।

### कन्या
आज आपसी व्यवहार में संयम से काम लेने की सलाह है। आसपास के लोगों से किसी मामले में उलझने से बचें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात के समय आपकी योजनाएं सफल होंगी और आपके शुभ कार्य की योजनाएं पूर्ण होंगी।

### मकर
आज लाभ होगा और आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। दिन काफी मजबूत है और आपको दिन भर कमाई के अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता लाएं तो आपको अच्छा लगेगा और लाभ होगा। काम में नई जान आएगी। आपके पास पैसा कमाने के कई मौके आएंगे और आपको लाभ होगा।

### कुंभ
आज दिन सावधानी और सतर्कता से भरा होगा और आपको बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाने से बड़ा लाभ होगा। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए काम में हाथ डालने से आपको नुकसान हो सकता है। किसी अपने के लिए कुछ आर्थिक मदद करनी पड़ सकती है। नए मौके को पहचानना आपके हाथ में है। आपके सुख में वृद्धि होगी।

### मीन
आज लाभ होगा और आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने से आपको खुशी होगी और आपकी तरक्की होगी। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी और आपके लिए स्थान परिवर्तन की बात हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा और आपका मन काफी खुश रहेगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5512

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | 9 | | 2 | |
| | | 9 | 2 | 1 | 6 | | | 5 |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | |
| | 6 | | | | | 4 | | |
| 3 | 7 | | | 4 | | | 6 | 1 |
| | | 2 | | | | | 5 | |
| | | | 9 | | | | | 3 |
| 7 | | | 3 | 8 | 5 | 2 | | |
| | 3 | | 4 | | 1 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5511

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 4 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 3 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली 5512



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. भारत के इस राज्य की सीमा एक ओर चीन से तथा दूसरी ओर पाकिस्तान से मिलती है (5)
4. इस देश की राजधानी मेड्रिड है (2)
6. विनाथ या विध्वंस करने वाला (4)
7. देवस्थान, मंदिर वह स्थान जहां ईश्वर का निसास हो (4)
9. रदपट, अधर, ओंठ (2)
10. शत्रुता रखने वाला (4)
13. सात महाडियों का नगर कहलाने वाला यह नगर, देह के बाल (2)
14. न्यायाधीश को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
16. जलता हुआ, प्रदीप्त, चहल-पहल (3)
19. एक बहुमुल्य रत्न, नर-रत्न (2)
20. संग, समेत, के साथ, युक्त (3)
21. श्रीराम के भाई भरत के ज्येष्ठ का नाम जिन्होंने गांधार में तक्षशिला नगरी स्थापित की थी (2)
22. यह यशस्वी मुगल सम्राट अकबर के प्रसिद्ध रत्न थे (4)

**ऊपर से नीचे**
1. प्रसिद्ध कृति गीत गोविंद के रचयिता (4)
2. ट्रेजिडी क्वीन केनाम से प्रसिद्ध रही अभिनेत्री के पति (7)
3. भास्कर, दिनपति, दिनकर (2)
4. विशेष, खास (3)
5. दीवार में छेद करके होने वाली चोरी (5)
8. जिस समय, जहां, जब (2)
11. भार, बोझ, भार का परिणाम, तौल (3)
12. प्रत्येक पक्ष की तीसरी तिथि, तृतीया (2)
15. विश्व में दुग्ध उत्पादन के लिए इस देश का प्रथम स्थान है (3)
17. अति मद्यपान करने वाला (2)
18. किनारा, तट (3)
20. सकल, समस्त, वर्तमान दौर का एक प्रसिद्ध मनोरंजक टीवी चैनल (4)

### वर्ग पहेली 5511 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | श्चि | म | बं | गा | ल | | रा |
| क्ष | | न | | धि | ग | | ह |
| ध | न | वा | न | | भ | ग | त |
| र | म | ना | | न | ग | ज | |
| | क | | ब | दी | | ब | द |
| से | ह | त | | म | द | द | |
| ह | रा | र | त | | म | न | न |
| रा | म | | वा | म | न | | बी |

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा डी.बी. कॉर्पो. लि., प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, थाना-रातू, जिला-रांची (झारखंड) में मुद्रित एवं 204, निर्मला इन्कलेव अपार्टमेंट, रानी बागान, बरियातु, रांची (झारखंड) से प्रकाशित | संपादक- साकेत कुमार, मो.-9934957121, 7766886433 | E-mail : svvjh123@gmail.com | website : www.sonvarshavani.com

**संक्षिप्त समाचार**

## दीवार बनवाने को लिए थे 40 हजार, सीपी ने लिया एक्शन

### जंसा थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

**वाराणसी , एजेंसी।** पैसे के लेनदेन का वीडियो वायरल होने के बाद वाराणसी के पुलिस आयुक्त ने जंसा थानाध्यक्ष बैद्यनाथ सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस आयुक्त ने जंसा थाने का नया थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर दुर्गा सिंह को बनाया है। सब इंस्पेक्टर बैद्यनाथ सिंह के खिलाफ विभागीय जांच भी चल रही है। सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर गत दिनों एक




वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो के अनुसार, जंसा थानाध्यक्ष बैद्यनाथ सिंह और एक सिपाही दो लोगों से पैसे के लेनदेन की बात कर रहे थे।

आरोप है कि एक बाउंड्री वॉल बनवाने के लिए जंसा थानाध्यक्ष बैद्यनाथ सिंह और सिपाही ने एक व्यक्ति से 40 हजार रुपये लिए थे। किन्हीं कारणों से बाउंड्री वॉल का निर्माण नहीं हो पाया तो सिपाही ने पैसा देने वाले व्यक्ति को 26 हजार रुपये वापस कर दिया और 14 हजार देने से मना कर दिया। उसी के बाद वीडियो वायरल हुआ तो उसकी जांच कमिश्नरेट के गोमती जोन के एडीसीपी आकाश पटेल ने की। उधर, इस संबंध में पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि सब इंस्पेक्टर बैद्यनाथ सिंह के खिलाफ विभागीय जांच भी चल रही है। आगे की कार्रवाई विभागीय जांच की रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।

## फंदे पर लटकता मिला खून से लथपथ युवक

### दुकान पर पत्नी गई थी खाना खिलाने; शटर उठाते ही उड़े होश

**जौनपुर , एजेंसी।** जौनपुर के जफराबाद नगर पंचायत के मोहल्ला शेखवाड़ा में स्थित हाजी हरमैन की दरगाह के पास बीती रात घर से थोड़ी दूर दुकान में फंदे पर लटकते हुए युवक की लाश मिली। शरीर और कपड़े के खून लगा मिला। मामला संदिग्ध बताया जा रहा है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ले गई। जांच पड़ताल की जा रही है। उक्त मोहल्ला निवासी शमशेर घर के पास स्थित अपने किराने की दुकान में था। पत्नी सोनी बीती रात करीब 11 बजे खाना लेकर दुकान पर गई। दुकान का शटर अंदर से बंद था। बाहर से आवाज लगाने लगी। अंदर से कोई आवाज नहीं आई। संदेह पर मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। शटर तोड़कर देखे तो दुकान के छत में लगे पंखे से काले गमछे में फांसी पर लटक रहा था। शर्ट में खून लगे हुए थे। सूचना पर चौकी इंचार्ज मनोज राय मौके पर पहुंचे गए। चौकी इंचार्ज ने बताया कि शमशेर की दिमागी स्थिति ठीक नहीं चल रही थी। चौकी इंचार्ज से कपड़े में लगे खून के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि फांसी के फंदे पर लटकने से कभी-कभी नाक की नस फट जाती है, जिससे ब्लीडिंग हो जाता है। पोस्टमार्टम के बाद सही स्थिति तय हो पाएगी। घटना के कुछ समय पहले मोहल्ले में किसी युवक के साथ शमशेर की मारपीट की घटना की चर्चा है।

# जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 300 लोगों की समस्याएं

### अधिकारियों को दिए ये निर्देश

**गोरखपुर , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया कि जिन जरूरतमंद लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उनके इलाज का खर्च सरकार उठाएगी। इसके लिए अस्पताल से इलाज खर्च का इस्टीमेट बनाकर उनके कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद की जाएगी।

शारदीय नवरात्र के पहले दिन, गुरुवार दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। सभी लोगों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

हर बार की भांति शुक्रवार सुबह के जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता संबंधी प्रार्थना पत्र लेकर आए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबको मदद का भरोसा दिया। इस दौरान एक महिला की समस्या जानते ही उन्होंने अफसरों से कहा कि उक्त महिला को हॉस्पिटल में भर्ती कराकर इलाज का इस्टीमेट मंगाइए। पैसा सरकार देगी। सीएम ने लोगों से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें ताकि इलाज के लिए किसी को परेशान न होना पड़े।

जनता दर्शन में सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।



### बच्चों से मिले सीएम, खूब पढ़ने को किया प्रेरित

शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों के साथ मंदिर आए बच्चों को प्यार, दुलार और आशीर्वाद दिया। बच्चों को अपने पास बुलाकर उनसे बातचीत की। उनसे नाम पूछने के साथ पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को सीएम ने चॉकलेट गिफ्ट कर विदा किया। गोसेवा में वक्त बिताया मुख्यमंत्री नेगोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान पारंपरिक दिनचर्या में शुक्रवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने गोसेवा में कुछ व्यतीत किया। सीएम योगी ने गोवंश को अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, एक वर्ष पहले ही हुई थी शादी

### घायल पुलिसकर्मी की हालत गंभीर

**वाराणसी , एजेंसी।** वाराणसी के चौबेपुर थाना क्षेत्र में पहाड़िया-बलुआ मार्ग पर स्थित लखरांव प्रह्लादपुर में बटाऊबीर बाबा मंदिर के सामने बीती रात करीब 9 बजे दो बाइक सवारों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें एक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया।

ग्राम पंचायत गौरा कलां के आराजी नेवादा गांव निवासी वकील कुमार (27) पुत्र गोपाल चिकित्सालय में भर्ती अपने रिश्तेदार को खाना लेकर बाइक से चन्द्रा चौराहे की ओर जा रहा था। वह बटाऊबीरबाबा मंदिर के सामने पहुंचा विपरीत दिशा से बाइक से आ रहे पुलिसकर्मी से आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई।

दोनों सड़क पर गिर कर छटपटाने लगे। दोनों को गम्भीर चोटें आई थीं। ग्रामीणों ने दोनों को सड़क किनारे करने के बाद पुलिस कंट्रोल रूम 112 नंबर पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को लेकर सीएचसी नरपतपुर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने वकील कुमार को मृत घोषित कर दिया।

वहीं गंभीर रूप से घायल पुलिस कर्मचारी रमेश यादव को ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। मृतक दो भाइयों में दूसरे स्थान पर था। वह ठेला लगाने के काम के साथ मजदूरी कर जीवकोपार्जन करता था। उसके पिता व बड़े भाई भी मजदूरी करते हैं। मृतक की एक वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसके पास तीन माह की एक लड़की है।

घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता और पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। घटना में दूसरा घायल व्यक्ति रमेश यादव चन्दौली जनपद के बलुआ थाने पर दिवान बताया जा रहा है।

## अमेठी हत्याकांड पर मंत्री का अजीब बयान

# बोले- इसमें पांच हत्याएं होतीं...खुद ही बताया पांचवां कौन होता




**अमेठी , एजेंसी।** यूपी के अमेठी में एक शिक्षक के परिवार में चार लोगों की हत्या के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार सुबह यूपी सरकार में राज्य मंत्री व स्थानीय विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि योगी सरकार अपराध व अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। इस मामले में भी अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। अपराधी कहीं भी होगा उसे ढूंढकर निकाल लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि घटना को देखकर लगता कि इस तरह की वारदात विक्षिप्त मानसिकता के लोग करते हैं। आगे उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों में चार नहीं बल्कि पांच हत्याएं होती हैं। फिर खुद ही बताया कि पांचवा व्यक्ति वह खुद ही होता जिसने वारदात को अंजाम दिया है। परिवार की हत्या के बाद आरोपी खुद भी गोली मारकर आत्महत्या कर लेता है।

मंत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले हैं। मामले की जांच की जा रही है और अभी इस पर कुछ और कहना सही नहीं होगा। मंत्री ने पुलिसकर्मियों के साथ शिक्षक के घर का निरीक्षण करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

### दो चिकित्सकों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम

जिले के शिवरतन गंज थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की रात शिक्षक व उसके परिवार के तीन लोगों की सामूहिक हत्या के बाद चारों मृतकों का पोस्टमार्टम देर रात हुआ। दो चिकित्सकों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। दोनों बच्चों के पोस्टमार्टम पहले किए गए। उसके बाद शिक्षक और उनकी पत्नी का पोस्टमार्टम हुआ। मौके पर सीओ सिटी व दो थानों की पुलिस मौजूद रही। इसके अलावा इलाके की भारी भीड़ मौजूद रही। बाकी तीन शवों का पोस्टमार्टम हो गया है। शिक्षक का पोस्टमार्टम हो रहा है। शिक्षक को तीन गोलियां लगीं, जबकि दो गोलियां पत्नी को लगी हैं। एक-एक गोली बच्चों से निकाली गई हैं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ शव रायबरेली के लिये रवाना कर दिए गए हैं।

### अमेठी हत्याकांड पर मायावती ने दिया बयान-

## दोषियों के साथ ही पुलिसकर्मियों पर भी सख्त कदम उठाए सरकार

**लखनऊ, एजेंसी।** अमेठी में बृहस्पतिवार को एक शिक्षक व उसके दो बच्चों की हत्या के मामले में बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी बयान दिया है। उन्होंने एक्स पर दिए गए अपने बयान में घटना को अति दुखद और चिंताजनक करार दिया है और मांग की है कि सरकार दोषियों के साथ ही पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए। उन्होंने कहा कि यूपी के अमेठी जिले में एक दलित परिवार के चार लोगों की एक साथ की गयी निर्मम हत्या की घटना अति-दुखद व चिन्ताजनक है। सरकार दोषियों व वहां के पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए ताकि अपराधी बेखौफ न रहें।



### शिक्षक के शरीर से मिलीं तीन गोलियां

अमेठी के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की रात शिक्षक परिवार की हुई चार लोगों की सामूहिक हत्या के बाद चारों मृतकों का पोस्टमार्टम देर रात हुआ। दो चिकित्सकों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। दोनों बच्चों के पोस्टमार्टम पहले किए गए। उसके बाद शिक्षक और उनकी पत्नी का पोस्टमार्टम हुआ। मौके पर सीओ सिटी व दो थानों की पुलिस मौजूद रही। इसके अलावा इलाके की भारी भीड़ मौजूद रही। बाकी तीन शवों का पोस्टमार्टम हो गया है। शिक्षक का पोस्टमार्टम हो रहा है। शिक्षक को तीन गोलियां लगीं, जबकि दो गोलियां पत्नी को लगी हैं। एक-एक गोली बच्चों से निकाली गई हैं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ शव रायबरेली के लिये रवाना कर दिए गए हैं।

### जाति के आधार पर कैदियों में काम का बंटवारा अनुचित

बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक अन्य बयान में कहा कि देश की जेलों में भी क्रूर जातिवादी भेदभाव के तहत कैदियों से जातियों के आधार पर उनमें काम का बंटवारा कराने को अनुचित व असंवैधानिक करार देकर इस व्यवस्था में जरूरी बदलाव करने का सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भरपूर स्वागत है। उन्होंने कहा कि परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के जातिविहीन, मानवतावादी व धर्मपिरपेक्ष संविधान वाले देश में इस प्रकार की जातिवादी व्यवस्था का जारी रहना यह साबित करता है कि सरकारों का रवैया संवैधानिक न होकर लगातार जातिवादी है। अत : मजलूमों के लिए अब सत्ता प्राप्त करना जरूरी है।

## मॉर्निंग वॉक पर निकला था शख्स, अचानक सामने आ गई मौत, तीन बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

**बिजनौर , एजेंसी।** बिजनौर जनपद के रेहड़ में मार्निंग वॉक पर गए युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया है। नौशाद (40) पुत्र महबूब सलमानी निवासी रेहड़ शुक्रवार की सुबह हाईवे किनारे टहलने गया था, जहां अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी ।दुर्घटना में नौशाद गंभीर घायल हो गया ।दुर्घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर जाकर घायल को पीएचसी कासमपुरगढ़ी पर भर्ती कराया गया जहां चिकित्सको ने उसे मृतक घोषित कर दिया। उधर थाना निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया गया। परिजनों से तहरीर प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फरार वाहन की तलाश के लिए हाईवे किनारे लगें सीसीटीवी कैमरो की फुटेज खंगाली जा रही हैं। मृतक के भाई इरशाद अहमद के मुताबिक नौशाद शुक्रवार की सुबह हाईवे 74 की किनारे टहलने गया था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेहड़– बादीगढ़ के बीच संत रविदास पेट्रोल पंप के निकट अज्ञात वाहन टक्कर लगने से नौशाद की मौत हो गई। टक्कर मारकर वाहन चालक वाहन सहित फरार हो गया। मृतक नौशाद जसपुर (उत्तराखंड) में अपना निजी क्लीनिक चलाता था। नौशाद अपने पीछे तीन मासूम बेटियों सहित परिवार को बिलखता छोड़ गया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

# आंखों के डॉक्टर की नजर खराब, जूनियर से फिर की छेड़छाड़

### धमकाया- चेहरे पर डाल दूंगा तेजाब, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में उर्सला के आंख के डॉक्टर की नजर गंदी हो गई है। महिला जूनियर डॉक्टर से छेड़छाड़ के मामले में हाथ जोड़कर लिखित में माफी मांगने के बाद भी दुस्साहस किया। फोनकर धमकाया। कहा कि तुम मेरी नहीं हुई तो किसी और की भी नहीं होने दूंगा। चेहरे पर तेजाब डाल दूंगा।

महिला जूनियर डॉक्टर ने तहरीर दी है। तहरीर पर स्वरूपनगर पुलिस ने आंख के डॉक्टर के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।मेडिकल कॉलेज में नेत्र विभाग में एमएस तृतीय वर्ष की छात्रा ने बताया कि डिस्ट्रिक रेजीडेंसी प्रोग्राम के तहत अक्तूबर 2023 में तीन महीने के लिए उर्सला अस्पताल में ड्यूटी लगी थी। वहां नेत्र रोग विभाग में तैनात आवास विकास कल्याणपुर निवासी डॉ. केएन कटियार उन्हें परेशान करते थे। डांटने पर उनके व्यवहार में परिवर्तन आया, लेकिन पोस्टिंग समाप्त होने के बाद फोन व व्हाट्सएप पर मैसेज करके परेशान करने लगे। उन्होंने डॉक्टर को सारे माध्यमों पर ब्लॉक कर दिया।

**छात्रावास अधीक्षक व मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य से की शिकायत–** इसके बाद आठ व 13 अगस्त को नशे में धुत होकर डॉ. कटियार ने मेडिकल कॉलेज परिसर के न्यू मैरिड छात्रावास स्थित उनके




कमरे के बाहर आकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर छात्रावास के गार्ड ने डॉ. कटियार को धक्का देकर बाहर निकाला। पूरे प्रकरण की शिकायत छात्रावास अधीक्षक व मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को दी।

**अपना मोबाइल नंबर भी बदल दिया था–** प्राचार्य ने उनके शिकायती पत्र को कार्रवाई के लिए स्वरूपनगर थाने भेजा था। इसके बाद आरोपी डॉक्टर ने परिवार और बच्चों की दुहाई देकर हाथ जोड़कर माफी मांगी। साथ ही भविष्य में दोबारा ऐसी हरकत न करने का आश्वासन भी दिया था। तब उन्होंने अपनी शिकायत वापस ले ली थी। उन्होंने अपना मोबाइल नंबर भी बदल दिया था।

**आरोपी डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज–** डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि महिला जूनियर डॉक्टर की तहरीर पर उर्सला अस्पताल के नेत्र रोग विभाग के सर्जन डॉ. केएन कटियार के खिलाफ महिला का बार-बार पीछा करने, अभद्र भाषा का प्रयोग करने, धमकी देने व अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। स्वरूपनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पोस्टमार्टम के संविदा कर्मी का निकला फोन नंबर–** पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला कि डॉ. केएन कटियार ने महिला जूनियर डॉक्टर को जिस मोबाइल नंबर से फोन किया था। वह पोस्टमार्टम हाउस में तैनात एक संविदा कर्मी का पाया गया। कर्मचारी ने कहा कि डॉ. कटियार ने उसका फोन लेकर बात की थी। विवेचक मामले में अब संविदा कर्मी के बयान भी दर्ज करेंगे।

**महिला जूनियर डॉक्टर के होंगे कलमबंद बयान–** महिला जूनियर डॉक्टर से पुलिस ने अभी घटना को लेकर फौरी पूछताछ की है। विवेचक जल्द ही महिला जूनियर डॉक्टर के खुद बयान दर्ज करेंगे। इसके बाद कोर्ट में उनके कलमबंद बयान दर्ज कराए जाएंगे।

### दहशत के 15 मिनट

## मां मुझे बचा लो, पुलिस मुझे न छोड़ेगी..., 10 कॉल पर बेटी की आवाज सुनाकर धमकाते रहे अपराधी

**आगरा , एजेंसी।** मां मुझे बचा लो, पुलिस मुझे छोड़ेगी नहीं...। सहायक शिक्षिका मालती वर्मा को साइबर अपराधियों ने 15 मिनट तक बेटी की आवाज सुनाकर इतना दहशत में डाला कि उनकी जान चली गई। परिवार सदमे में है। अंतिम संस्कार के चार दिन बाद पुलिस के पास पहुंचे। बेटे दीपांशु ने कहा कि उनकी मां को जान गंवानी पड़ी। किसी और के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए। पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। दीपांशु सिविल इंजीनियर हैं। उन्होंने बताया कि बहन वंशिका बीफार्मा कर रही है। उसके ही स्कैंडल में पकड़ जाने का डर दिखाकर मां को दहशत में डाला गया। मां ने जब उन्हें बताया तो +92 नंबर देखकर ही समझ गया कि पाकिस्तान के नंबर से फर्जी कॉल किया गया है। इस पर बहन से वीडियो कॉल पर बात करके मां की भी कराई। मगर उनकी दहशत कम नहीं हुई। 15 मिनट तक साइबर अपराधियों ने उन्हें धमकाया था। घर आने पर वह ज्यादा नहीं बता सकीं। दीपांशु का कहना है कि मां पर घर की जिम्मेदारी थी।

### कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क बनी है। इन पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। मगर, पुलिस मामला साइबर सेल में भेज देती है। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper





## अभिनय के मास्टर हैं केके मेनन, थिएटर से दर्शकों के दिल तक का तय किया सफर

जब भी बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकारों का नाम लिया जाएगा, उस लिस्ट में केके मेनन का नाम जरूर आएगा। अपने शानदार और जीवंत अभिनय के लिए मशहूर अभिनेता केके मेनन ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक कई बेहतरीन फिल्में की हैं। अभिनेता अपने कौशल के दम पर लाखों दिलों पर राज करते हैं। उन्होंने अपने किरदारों के माध्यम से बड़े पर्दे पर कभी ना मिटने वाली छाप छोड़ी है। वह अपना 58वां जन्मदिन मना रहे हैं। आइए इस खास मौके पर उनसे जुड़ी कुछ बातें जानते हैं।

केके मेनन ने अभिनय की शुरुआत थिएटर से की थी। उन्होंने पहली बार थिएटर में दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के साथ काम किया। एक लंबा समय थिएटर को देने के बाद साल 1995 में फिल्म 'नसीम' से उन्हें पहला ब्रेक मिला। हालांकि, इस फिल्म में उनका किरदार छोटा था, लेकिन इस फिल्म के बाद उन्होंने कई शानदार फिल्में की और अपने अभिनय कौशल के दम पर दर्शकों के दिल पर छा गए।

सिर्फ फिल्मों में ही नहीं अभिनेता टीवी शोज में भी अपने अभिनय का कमाल दिखा चुके हैं। अभिनेता ने 'प्रधान मंत्री', 'लास्ट ट्रेन टू महाकाली', 'जेबरा 2' जैसे शोज में भी अपना जलवा दिखाया है। अभिनेता ने बॉलीवुड की कई मशहूर और दर्शकों की पसंदीदा फिल्मों में काम किया, जिसमें ब्लैक फाइडे, गुलाल, लाइफ इन एक मेट्रो, हैदर, बेबी, गाजी अटैक, वोडका डायरीज और सरकार जैसी कल्ट फिल्में शामिल हैं।

अभिनेता जब थिएटर कर रहे थे, उसी दौरान उन्होंने अभिनेत्री निवेदिता भट्टाचार्य से शादी की। अभिनेत्री उनके संघर्ष के दिनों से ही साथ है। बता दें कि निवेदिता टीवी के दुनिया में सक्रिय रहती हैं। केके मेनन की पत्नी अभिनेत्री निवेदिता ने कुंडली और सात फेरे जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया है।



# 41 साल के एक्टर को डेट करने की अफवाहों पर भड़कीं तारा सुतारिया

तारा सुतारिया भले ही बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री है, लेकिन इस समय उनके हाथ में प्रोजेक्ट्स की कमी नजर आ रही है। प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोरने वाली तारा पिछले दिनों अपने कथित एक्स बॉयफ्रेंड आदर जैन की सगाई को लेकर चर्चा में थीं। हालांकि, इसके बाद तारा का नाम अभिनेता अरुणोदय सिंह के साथ जुड़ने लगा। अब अभिनेत्री ने खुद चुप्पी तोड़ इन सभी अफवाहों पर विराम लगाया है। बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया ने हाल ही में अभिनेता अरुणोदय सिंह के साथ डेटिंग की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है। कुछ दिनों पहले अफवाह आई थी कि वह अभिनेता के साथ रिश्ते में हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते को आधिकारिक नहीं किया था और यह पहली बार है जब तारा ने डेटिंग अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है।

बातचीत के दौरान तारा ने अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि वह सिंगल हैं। अभिनेता के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए तारा ने कहा, अरुणोदय मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं और मैं सिंगल हूं। इससे पहले सामने आई एक रिपोर्ट ने पुष्टि की कि तारा अरुणोदय को डेट कर रही हैं और यह भी दावा किया कि दोनों डेढ़ साल से एक साथ हैं। वही, कथित तौर पर तारा इससे पहले रणबीर कपूर के चचेरे भाई अदार जैन को डेट कर रही थीं और दोनों ने अपने रिश्ते को आधिकारिक भी कर दिया था, हालांकि यह रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चला। वर्कफ्रंट की बात करें तो तारा ने करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में डेब्यू किया था, जिसमें उनके साथ अनन्या पांडे और टाइगर श्रॉफ भी थे। फैंस तारा को फिर से स्क्रीन पर देखने के लिए बेताब हैं।




## वेब सीरीज दलदल में अपने किरदार के बारे में बोलीं भूमि

मि पेडनेकर ने अपनी आगामी वेब सीरीज दलदल की शूटिंग आधिकारिक तौर पर पूरी कर ली है। अमृत राज सिंह द्वारा निर्देशित इस सीरीज में भूमि एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी, जिसे वह अब तक के अपने सबसे मुश्किल किरदारों में से एक मानती हैं। अभिनेत्री ने इस प्रोजेक्ट के बारे में अपने विचार सोशल मीडिया पर व्यक्त किए और इसे चुनौतियों और जीत से भरा एक साल का सफर बताया। इंस्टाग्राम स्टोरी पर भूमि ने भावुक नोट लिखा। भूमि ने दलदल को जीवंत करने के लिए आवश्यक समर्पण को दर्शाया। उन्होंने परियोजना के प्रति अपने जुनून को बनाए रखते हुए मुंबई के मानसून से जूझने सहित कठिन परिस्थितियों पर काबू पाने में टीम के प्रयासों के बारे में बात की। उन्होंने लिखा, बेशक, मेरे सबसे मुश्किल पात्रों में से एक है यह, मैं नर्वस हूं। मुझे शो में ऐसे शानदार कलाकारों और रचनाकारों के साथ काम करने का अवसर मिला। हमने मुंबई के मानसून का सामना किया, सबसे कठिन परिस्थितियों में शूटिंग की और फिर भी हमारा उत्साह कभी कम नहीं हुआ। हम सभी को बधाई। इससे पहले एक इंटरव्यू में भूमि ने रीता के रूप में अपनी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया था, जो एक पुरुष-प्रधान क्षेत्र में बाधाओं को तोड़ती हुई एक पुलिस अधिकारी है। भूमि ने एएनआई से कहा, रीता एक सुपर अचीवर, एक ग्लास-सीलिंग ब्रेकर और पुरुषों की दुनिया में नियमों को फिर से लिखने वाली है। वह महत्वाकांक्षी है, अपने काम के प्रति जुनूनी है और आगे बढ़कर नेतृत्व करती है। ये ऐसी महिलाएं हैं, जिन्हें मैं अपना आदर्श मानती हूं। यह सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है. हालांकि रिलीज की तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है।

## बॉर्डर 2 में सुनील शेट्टी के बेटे अहान की एंट्री पक्की


वर्ष 1997 में आई फिल्म बॉर्डर का सीक्वल आ रहा है। निर्माता बॉर्डर 2 की तैयारियों में व्यस्त हैं और नए-नए सितारों का नाम इस फिल्म से जुड़ता जा रहा है। इस फिल्म में सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी के होने की चर्चा तेज थी। आज इन चर्चाओं पर मुहर लग गई है। खुद सनी देओल ने सोशल मीडिया पोस्ट साझा कर बॉर्डर 2 बटालियन में अहान का स्वागत किया है। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा किया है। इसके साथ लिखा है, फिल्म बॉर्डर 2 बटालियन में फौजी अहान शेट्टी का स्वागत है। सनी देओल ने फिल्म का टीजर वीडियो भी जारी किया है। जिसे पार नहीं कर पाता दुश्मन, वह न तो कोई लकीर है, न दीवार न खाई। और क्या है यह? बस एक फौजी और उसके भाई। अहान शेट्टी ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा किया है। इसके साथ लिखा है, बॉर्डर सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह इससे कहीं अधिक है। यह एक विरासत है, एक भावना है। और इसी के साथ एक सपना सच हुआ है। अहान ने लिखा है, अब फिल्म बॉर्डर 2 का हिस्सा बनने का मौका मिलना एक सम्मान है। मेरा हाथ थामे रखने के लिए जेपी अंकल आपका बहुत शुक्रिया। मुझे उम्मीद है कि मैं आपको गर्व महसूस कराऊंगा।



## अपनी फिल्मों को दर्शक की तरह देखती हैं अनन्या पांडे

अभिनेत्री अनन्या पांडे अपनी फिल्मों और स्टाइलिश लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। अनन्या पांडे ने हाल ही में इम्पोस्टर सिंड्रोम से ग्रसित होने की बात कही है। अनन्या पांडे ने बताया कि खुद को पोस्टर या बिलबोर्ड पर देखकर वो भूल जाती हैं कि वो खुद उस पोस्टर में हैं। एक बातचीत के दौरान अनन्या पांडे ने कहा कि वह किस तरह से अपने स्टारडम और प्रसिद्धी को अपनाती हैं। अनन्या ने कहा, ये सिंड्रोम किसी साधारण सी बात से शुरू होती है, जैसे कि जब कोई मेरा नाम लेता है। इंटरव्यू और अन्य चीजों के दौरान, मुझे लगता है कि मेरा नाम वास्तव में मेरा नहीं है, और यह मुझे तीसरे व्यक्ति जैसा महसूस कराता है। जब ऐसा होता है तो मुझे अचानक किसी और की तरह बनने का मन करता है। अनन्या ने कहा कि जब मैं खुद को किसी बिलबोर्ड में देखती हूं तो मुझे लगता है कि ये मैं नहीं हूं। कई बार ऐसा फिल्मों को देखकर भी लगता है। मैं इसे एक दर्शक की तरह ही देखती हूं। मैं भूल जाती हूं कि सामने मैं ही नजर आ रही हूं। अनन्या पांडे इन दिनों आगामी फिल्म कंट्रोल में दिखाई देने वाली हैं। उनकी ये फिल्म एक साइबर थ्रिलर होने वाली है, जो कि चार अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।





## विजय सेतुपति की मूक फिल्म गांधी टॉक्स पर आया बड़ा अपडेट

विजय सेतुपति अपनी अगली मूक फिल्म गांधी टॉक्स को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसे 54वें भारत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित किया गया था। फिल्म में अदिति राव हैदरी, अरविंद स्वामी और सिद्धार्थ जाधव जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। अब बुधवार को गांधी जयंती के मौके पर मेकर्स ने फिल्म को लेकर एक खास अपडेट जारी किया है। गांधी टॉक्स एक आगामी तमिल फिल्म है जिसमें विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में हैं। बुधवार को गांधी जयंती के दिन फिल्म के निर्माताओं ने एक विशेष बीटीएस वीडियो जारी किया, जिसमें फिल्म के निर्माण, अभिनेताओं द्वारा फिल्म के अलग-अलग भाग की शूटिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन के अन्य पहलुओं को दिखाया गया है। अंत में, हम एआर रहमान को गाने के लिए संगीत बनाते हुए देखते हैं।

### मूक डार्क कॉमेडी फिल्म है गांधी टॉक्स


एक मूक डार्क कॉमेडी फिल्म के रूप में प्रस्तुत गांधी टॉक्स तमिल, तेलुगु, मराठी, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषा में रिलीज की जाएगी। गांधी टॉक्स की रिलीज डेट की घोषणा अभी तक निर्माताओं द्वारा नहीं की गई है। हालांकि, टीजर के अनुसार ऐसा लग रहा है कि टीम जल्द ही तारीख की घोषणा करेगी।

### गांधी टॉक्स का निर्माण

गांधी टॉक्स का निर्देशन किशोर पी बेलेकर द्वारा किया गया है और यह जी स्टूडियोज, क्यूरीयस और मूवीमिल द्वारा संयुक्त रूप से समर्थित है। एआर रहमान ने फिल्म के लिए संगीत दिया है जिसके संपादक आशीष म्हात्रे हैं। करण बी रावत ने कैमरा क्रैंक किया है। मणिरत्नम की चेक्का चिवंता वनम के बाद यह दूसरी बार है जब अरविंद स्वामी, अदिति राव हैदरी और विजय सेतुपति एक साथ आए हैं। गांधी टॉक्स की शूटिंग पूरी हो चुकी है।

### विजय सेतुपति का वर्कफ्रंट

इस बीच, विजय को आखिरी बार निथिलन समीनाथन द्वारा निर्देशित महाराजा में देखा गया था। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। दूसरी ओर, अरविंद स्वामी को हाल ही में रिलीज हुई मियाझागन में कार्थी के साथ देखा गया था। फिल्म सिनेमाघरों में लगी हुई है।



## खतरों के खिलाड़ी 14 के विजेता करण वीर मेहरा पर भड़के आसिम रियाज?

कलर्स टीवी के शो बिग बॉस 13 में अपने बेबाक अंदाज से प्रसिद्धि हासिल करने वाले आसिम रियाज ने खतरों के खिलाड़ी 14 से बाहर होने के बाद सुर्खियां बटोरीं। यह शो एक छोटे अंतराल के बाद टेलीविजन पर उनकी वापसी का प्रतीक था। आसिम अपने साथी प्रतियोगियों अभिषेक कुमार और शालीन भनोट और मेजबान रोहित शेट्टी के साथ एक झगड़े में पड़ गए थे। इस दौरान उन्होंने होस्ट रोहित शेट्टी पर भी अपना आपा खो दिया था, जिसके बाद उन्हें शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। वहीं, अब आसिम की नई पोस्ट लोगों का खासा ध्यान आकर्षित कर रही है। उन्होंने ये पोस्ट करण वीर मेहरा के जरिए खतरों के खिलाड़ी 14 का खिताब जीतने के बाद किया।

बॉलीवुड लाइफ के साथ एक हालिया इंटरव्यू में खतरों के खिलाड़ी 14 की ट्रॉफी उठाने वाले करणवीर मेहरा ने कहा कि आसिम को चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि आसिम बहुत कम उम्र में मिली प्रसिद्धि को संभाल नहीं सकते और उन्हें यह समझने की जरूरत है कि एक अच्छा इंसान बनना महत्वपूर्ण है। अभिनेता ने कहा, हो सकता है वो मुझे हरा देते, हो सकता है वो इंटरव्यू दे रहे होते। लेकिन वो कहते हैं ना कि तुम इतनी बड़ी बाइट मत लो कि चबाओ ना कर सको। बहुत कम उम्र में उन्हें बहुत कुछ मिला और यह उनके परिवार, दोस्तों की जिम्मेदारी है कि वे उन्हें जमीनी हकीकत बताएं कि वह आज प्रसिद्धि हैं लेकिन प्रसिद्धि कल यह नहीं होगी। एक अच्छा अभिनेता बनना, बॉडी बिल्डर बनना, अच्छा खतरों का खिलाड़ी बनना, ये सब आसान है। अच्छा इंसान बनना ये सबसे ज्यादा मुश्किल है, इसलिए आसिम को उस पर काम करने की जरूरत है और जो कुछ भी हुआ है, उन्हें चिकित्सा सहायता की जरूरत है।

ऐसा लगता है कि, यह बात आसिम रियाज को अच्छी नहीं लगी, जिसके बाद उन्होंने अपने एक्स हैंडल से करणवीर पर परोक्ष रूप से कटाक्ष किया। आसिम ने करणवीर को गालियां दीं और कहा कि करण को यह दिखाने के लिए उन्हें बदनाम करना पड़ा कि वह आखिरकार 40 साल की उम्र में कुछ कर सकते हैं। आसिम ने लिखा, इस घटिया इंसान को यह दिखाने के लिए मुझे बदनाम करना पड़ा कि हारे हुए व्यक्ति ने आखिरकार 40 साल की उम्र में अपने जीवन में कुछ किया। यूं तो आसिम रियाज ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, ना ही किसी को टैग किया, लेकिन नेटिजन्स का मानना है कि वह इस पोस्ट में करण वीर मेहरा की बात कर रहे हैं।

## वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन में होगा सलमान का कैमियो?

वरुण धवन अपनी अगली फिल्म बेबी जॉन को लेकर लाइमलाइट में हैं। अभिनेता पहली बार साउथ के सफल फिल्म निर्माता एटली के साथ काम कर रहे हैं।

बेबी जॉन में वरुण धवन का एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। वहीं, अब फिल्म को लेकर आई नई रिपोर्ट ने फैंस के उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया है। जानकारी के अनुसार, वरुण धवन की फिल्म की सलमान खान एक कैमियो भूमिका निभाएंगे हालांकि, अब तक न तो निर्माता और न ही अभिनेता ने इस खबर की आधिकारिक पुष्टि की है।





# तुलसी की माला और रुद्राक्ष को एक साथ पहना जा सकता है

**हिन्दू धर्म में कई तुलसी और रुद्राक्ष माला का महत्व होता है। मन को शांत रखने और जीवन में सुख-समृद्धि बनाए रखने के लिए हम कई उपाय करते हैं। वहीं हम गले में रुद्राक्ष या तुलसी की माला पहनते हैं। हालांकि कुछ लोग इसके ब्रेसलेट भी बनवाकर गले में पहनते हैं। इन दोनों ही माला को गले में धारण करने के अनेक फायदे होते हैं। वहीं यह भी कहा जाता है कि इन दोनों को एक साथ में नहीं पहनना चाहिए। तो आइये जानते हैं क्या तुलसी की माला और रुद्राक्ष को एक साथ में पहनना चाहिए या नहीं**

## तुलसी की माला और रुद्राक्ष को क्यों पहना जाता है

तुलसी की माला और रुद्राक्ष को हिन्दू धर्म में महत्त्व अधिक होता है। तुलसी के पौधे की पूजा भी की जाती है। वहीं तुलसी को मां लक्ष्मी का प्रतीक भी माना जाता है। रुद्राक्ष की माला पहनने से मन को शान्ति मिलती है। इन दोनों को पहनने के कई नियम भी होते हैं, जिनका पालन करना बेहद जरूरी होता है। मानसिक तनाव से लेकर जीवन में सुख-समृद्धि को बनाए रखने के लिए तुलसी की माला और रुद्राक्ष को धारण करना शुभ माना जाता है। रुद्राक्ष आपके शरीर में सकरात्मक उर्जा को बरकरार रखने में भी मदद करता है।

## क्या है एक्सपर्ट की राय

सेलिब्रिटी एस्ट्रोलॉजर प्रदुमन सूरी के अनुसार, भगवान शिव का एक रूप होता है, जिसे हरिहर के नाम से जाना जाता है। इस रूप में भगवान नारायण और भगवान शिव दोनों हीविराजमान होते हैं। कहा जाता है कि हरिहर में इनकी छवि नजर आती है। हरिहर रूप के आधार पर आप तुलसी की माला और रुद्राक्ष को एक साथ में पहन सकते हैं। इसमें किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं है।



# कलयुग में इस रूप में अवतार लेंगे भगवान गणेश, पुराणों में मिलता है वर्णन

**मान्यता है कि भगवान विष्णु के कल्कि अवतार लेने के बाद कलयुग का अंत हो जाएगा। इतना ही नहीं, भगवान विष्णु के साथ-साथ भगवान गणेश का भी नए अवतार में जन्म होगा। भगवान गणेश का कलयुग में जो अवतार होगा, उसका नाम 'धूम्रकेतु होगा। वे अपनी सेना के साथ पापियों का नाश करेंगे।**

धर्म ग्रंथों के अनुसार, जब-जब संसार में अन्याय और अधर्म फैलने लगा, तब-तब भगवान विष्णु ने नया अवतार लेकर धर्म की पुनः स्थापना की। इनमें से श्रीहरि का 'कल्कि अवतार' अभी होना बाकी है। इसी तरह जब पृथ्वी पर पाप, अत्याचार और अधर्म अपने चरम पर पहुंच जाएंगे, तब भगवान गणेश मनुष्यों को धर्म का मार्ग दिखाने के लिए अवतार लेंगे।

## पहले भी अवतार ले चुके हैं भगवान गणेश

पुराणों के अनुसार, जब पृथ्वी पर कलयुग अपने चरम पर होगा और हर तरफ बुराई का साम्राज्य होगा, तब गणपति जी पृथ्वी पर अवतरित होंगे। इससे पहले भी भगवान गणेश कई अवतार ले चुके हैं। वे हर युग में अवतरित हुए हैं और उन्होंने दुष्टों का नाश किया है। सतयुग में वे महोत्कट विनायक के रूप में प्रकट हुए, त्रेतायुग में वे मयूरेश्वर के नाम से जाने गए और द्वापर युग में वे शिवपुत्र गजानन के नाम से जाने गए।

## अन्याय का नाश करने के लिए जन्म लेंगे भगवान गणेश

गणेश पुराण में वर्णन किया गया है कि जब ब्राह्मणों का मन वेदाध्ययन की बजाय अन्य कार्यों में लगने लगेगा। जब वे तप, यज्ञ और शुभ कर्म करना बंद कर देते हैं। जब लोग बारिश न होने के कारण नदी के किनारे खेती करने लगेंगे, तब भगवान गणेश कलयुग में अवतार लेंगे। जब लोग लालच के कारण एक-दूसरे को धोखा देने से नहीं हिचकिचाएंगे। विद्वान और धार्मिक लोग भी लोभ के कारण धन कमाने के प्रयास में मूर्ख बन जाएंगे। उनके पास जो कुछ भी है वह भी खो जायेगा। जब लोग पराई स्त्रियों पर बुरी नजर रखेंगे और ताकतवर लोग कमजोर को परेशान करेंगे, तब इस धरती से अन्याय का नाश करने के लिए भगवान गणेश का जन्म होगा। जब कलयुग में लोग धर्म का मार्ग छोड़कर अधर्म के मार्ग पर चलने लगेंगे या लोग अपने लालच को पूरा करने के लिए देवताओं की जगह आसुरी शक्तियों की पूजा करने लगेंगे। ब्राह्मण अपने अच्छे कर्म छोड़कर लालच के कारण अपना पेट भरने लगेंगे।

## 'धूम्रकेतु' रूप में अवतार लेंगे गणेश जी

जब वैश्य समाज के लोग मेहनत से धन कमाने की बजाय बुरे आचरण से धन कमाने लगेंगे, स्त्रियां अपने पति की भक्ति छोड़कर पाप का मार्ग अपना लेंगी। लोग अपने माता-पिता और बड़ों का अपमान करने लगेंगे, ऐसे में भगवान गणेश को धरती पर आना होगा और अवतार लेना होगा। कलयुग में भगवान गणेश के अवतार को 'धूम्रकेतु' कहा जाएगा। भगवान गजानन इस अवतार में लोगों को ज्ञान देने और कलयुगी समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए अवतरित होंगे। यह भविष्यवाणी गणेश पुराण में की गई है।



# नवरात्रि के 9 दिनों में क्या-क्या खरीदें

क्या आप जानते हैं कि नवरात्रि के पवित्र त्योहार पर ऐसी कौन-कौन-सी चीजें खरीदें जिससे सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाए। अगर नहीं तो आप भी जानिए और अवश्य खरीदें नवरात्रि में इन चीजों को.

- आरोग्य पाना चाहते हैं तो नवरात्रि के प्रथम दिन से लेकर अंतिम दिन तक कभी भी गाय का घी लाकर रखें।
- अपना घर चाहते हैं तो मिट्टी का छोटा सा घर लाकर पूजा स्थल में रखें।
- अगर विदेश यात्रा करना चाहते हैं तो 9 दिनों में कभी भी पताका (ध्वजा या परचम) खरीद कर नौ दिनों तक पूजा करें और नवमी के दिन किसी देवी मंदिर में अर्पित करें।
- आर्थिक कष्टों से मुक्ति के लिए चांदी की कोई भी शुभ सामग्री लाकर देवी को समर्पित करें।
- नौकरी में पदोन्नति चाहते हैं तो 3 नारियल लाकर पहले घर में रखें और नवमी के दिन मंदिर में चढ़ाएं।
- आकर्षण बढ़ाना चाहते हैं तो धूप, सुगंध, अगरबत्ती, रूई या चमकीली सफेद सामग्री खरीदें।
- नवरात्रि के दिन मौली खरीद कर उस पर नौ गांठ लगा कर देवी को समर्पित करें और फिर उसे सदा अपने पास रखने से हर कार्य में सफलता मिलती है।
- अपार धन संपत्ति के लिए इन नौ दिनों में किन्नर से पैसा लेकर तिजोरी या पर्स में रखें।
- सौभाग्य में वृद्धि के लिए समस्त सुहाग श्रृंगार सामग्री (कांच, काजल, कुमकुम, मंगलसूत्र, चूड़ी, कंघी, बिछिया, चुनरी) खरीदें और काली मां को नवमी के दिन चढ़ाएं।

# नागकेसर पौधे की पूजा किस विधि से करनी चाहिए

**हिंदू धर्म में सभी पेड़-पौधे की पूजा के बारे में विस्तार से बताया गया है। ऐसी मान्यता है कि पेड़-पौधों में देवता वास करते हैं। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि नागकेसर पौधे की पूजा किस विधि से करनी चाहिए।**

हिंदू धर्म में पेड़-पौधों को सदियों से पवित्र माना जाता है और इनकी पूजा की जाती है। पेड़-पौधे पंचतत्वों - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश का प्रतिनिधित्व करते हैं। इनकी पूजा करने से व्यक्ति को ग्रहदोष से छुटकारा मिल सकता है। कई पेड़ों को देवी-देवताओं का वास माना जाता है। जैसे पीपल का पेड़ भगवान विष्णु से, तुलसी का पौधा माता लक्ष्मी से और बरगद का पेड़ शिवजी से जुड़ा हुआ है। इनकी पूजा करके हम देवी-देवताओं को प्रसन्न करते हैं। बता दें, नागकेसर पौधे का संबंध भगवान शिव से है। नागकेसर पौधे की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। अब ऐसे में नागकेसर पौधे की पूजा किस विधि से करनी चाहिए और इस पेड़ की पूजा करने का महत्व है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य  विस्तार से जानते हैं।

## नागकेसर पौधे की पूजा कैसे करें

- नागकेसर पौधे की पूजा करने के लिए ब्रह्म मुहूर्त सबसे उत्तम माना जाता है।
- नागकेसर पौधे की पूजा करने से पहले स्नान-ध्यान करें और पूजा की तैयारी करें।
- पूजा से पहले नागकेसर के पौधे को साफ पानी से धो लें।
- पौधे को एक साफ स्थान पर रखें और उसे रोली से तिलक लगाएं।
- पौधे के सामने एक दीपक जलाएं।
- धूपबत्ती जलाएं।
- नागकेसर के फूलों को तोड़कर भगवान शिव को अर्पित करें। जल, दूध, शहद और चंदन का लेप लगाएं।
- नमः शिवाय मंत्र का जाप करें।
- भगवान शिव की आरती करें।



- आखिर में पूजा करने के बाद भगवान के चीलासी का पाठ एक आसन पर बैठकर करें।
- नागकेसर पौधे की पूजा करने का महत्व क्या है
- नागकेसर को भगवान शिव का प्रिय माना जाता है। इसलिए इसकी पूजा करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। नागकेसर की पूजा करने से मन शांत होता है। यह व्यक्ति को मानसिक शांति और स्थिरता प्रदान करता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, नागकेसर का पौधा घर में रखने से वास्तु दोष दूर होते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। नागकेसर पौधे की पूजा करने से पारिवारिक शांति बनी रहती है। इसके अलावा नागकेसर पौधे की पूजा करने से व्यक्ति की कुंडली में स्थित ग्रहदोष से भी छुटकारा मिल जाता है।



# शनिवार के दिन दीपक जलाने के दौरान जरूर डालें ये एक चीज, शनिदोष से मिल सकता है छुटकारा

**शनिवार, हिंदू धर्म में न्याय के देवता शनिदेव को समर्पित दिन है। शनिदेव, र्यदेव के पुत्र हैं और उन्हें कर्मफलदाता के नाम से भी जाना जाता है। शनिवार का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इस दिन शनिदेव की पूजा करने से सुख-समृद्धि, आरोग्य और मोक्ष की प्राप्ति होती है।**

शनि की साढ़े साती के दौरान शनिवार का दिन विशेष महत्व रखता है। इस दिन शनि देव को प्रसन्न करने के लिए उपाय किए जाते हैं। अब ऐसे में किसी जातक की कुंडली में शनिदोष है, तो शनिवार के दिन संध्या के समय दीपक में तिल डालकर जलाना शुभ माना जाता है। आइए इस लेख में इस उपाय के बारे में विस्तार से जानते हैं।

## शनिवार के दिन दीपक में डालें काला तिल

हिंदू धर्म में, शनिवार का दिन शनि देव को समर्पित होता है। शनि देव न्याय, कर्म और भाग्य के देवता माने जाते हैं। शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि शनिवार को दीपक में काला तिल डालकर जलाने से शनि देव प्रसन्न होते हैं। शनि देव की दशा, साढ़े साती या कुंडली में शनि का अशुभ प्रभाव होने पर शनिवार को दीपक में काला तिल डालकर जलाने से शनि की पीड़ा कम होती है। काले तिल में नकारात्मक ऊर्जा को सोखने की क्षमता होती है। माना जाता है कि शनिवार को दीपक में काला तिल डालकर जलाने से घर-परिवार से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मकता का संचार होता है।


## शनिवार के दिन इस विधि से जलाएं दीपक

- शनिवार को सूर्यास्त के बाद स्नान करके स्वच्छ वस्त्र पहनें।
- एक दीपक लें और उसमें तिल का तेल भरें।
- दीपक में 7, 14, 21 या 28 काले तिल डालें।
- दीपक को शनि देव की प्रतिमा के सामने या घर के पूजा स्थान पर रखें।
- दीपक जलाकर शनि देव का मंत्र जाप करें या शनि चालीसा का पाठ करें।
- दीपक को पूरी तरह जलने दें।

## दीपक जलाने के दौरान इन नियमों का करें पालन

दीपक का तेल तिल का तेल ही होना चाहिए। काले तिल स्वच्छ और बिना टूटे हुए होने चाहिए। दीपक को दक्षिण दिशा की ओर रखना चाहिए। दीपक को श्रद्धा भाव के साथ जलाएं। साथ ही जब तक पूरी तरह से न जल जाएं, उसे बूझने न दें। दीपक जलाने के दौरान शनिदेव के मंत्रों का जाप विशेष रूप से करें। साथ ही शनि चालीसा का पाठ करना उत्तम फलदायी साबित हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार



### नागार्जुन ने मंत्री कोंडा सुरेखा के खिलाफ दर्ज कराया मानहानि का केस

**हैदराबाद, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय अभिनेता नागार्जुन ने तेलंगाना सरकार में मंत्री कोंडा सुरेखा के खिलाफ गुरुवार को मानहानि का मामला दर्ज कराया। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि मंत्री कोंडा सुरेखा का आम लोगों के बीच बड़ा प्रभाव है। राजनीति में अच्छा खासा दबदबा है। ऐसे में उनके द्वारा दिए गए किसी भी बयान का दूरगामी प्रभाव होता है। लेकिन बीते दिनों जिस तरह से उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में अभिनेत्री समांथा रुथ प्रभु के निजी जीवन के संबंध में बयान दिया, उसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। अभिनेता ने अपने शिकायत पत्र में कहा कि मंत्री ने गांधी जयंती के दिन पत्रकारों से बातचीत के दौरान नागा चैतन्य और समांथा के निजी जिंदगी को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने अपने पब्लिक प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किसी की निजी जिंदगी के संदर्भ में बेबुनियाद बयान देने के लिए किया है, जो उचित नहीं है। नागार्जुन ने अपनी शिकायत में कहा, मंत्री ने अपने बयान में कहा था कि नागा चैतन्य का तलाक केटीआर की वजह से हुआ। बीआरएस अध्यक्ष केटी रमा राव ने नागार्जुन अक्किनोनी के एन कन्वेंशन सेंटर गिराने से बचाने के लिए समांथा की मांग की। मंत्री ने दावा किया कि केटीआर ने एन कन्वेंशन सेंटर को ना गिराने के बदले में समांथा को भेजने के लिए कहा। नागार्जुन ने समांथा को केटीआर के पास जाने के लिए मजबूर किया। लेकिन, उन्होंने मना कर दिया। इसी वजह से दोनों के बीच तलाक हो गया। कोंडा सुरेखा के बयान की चौतरफा आलोचना हुई। इसके बाद सुरेखा ने कहा कि मैं अपने कहे हुए शब्दों को वापस लेती हूं। मेरा मकसद किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। मैं तो व्यक्तिगत तौर पर अभिनेत्री समांथा की तारीफ करती हूं। जिस तरह से उन्होंने अपने पति से अलग होने के बाद अपनी जिंदगी की नई शुरुआत की, उससे कई लोग प्रभावित होते हैं। वहीं, केटीआर के संदर्भ में मंत्री का सख्त रुख दिखा। उन्होंने कहा कि केटीआर ने महिलाओं का अपमान किया है। मैं उन्हें कानूनी रूप से ही जवाब दूंगी।

### हरियाणा में कांग्रेस की रैली में करंट लगने से युवक की मौत, दीपेंद्र हुड्डा भी थे मौजूद





**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की रैली के दौरान बड़ा हादसा हो गया। हिसार जिले के नारनौंद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जस्सी पेटवाड़ की रैली में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बास बादशाहपुर निवासी 26 वर्षीय युवक वीरभान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रैली में काफी भीड़ ?थी और धक्का-मुक्की होने से युवक बिजली की तारों में फंस गया। करंट लगने से उसकी जान चली गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हांसी के सिविल अस्पताल में रखवा दिया है। रैली में कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा भी पहुंचे थे। नारनौंद अनाज मंडी में वीरवार को कांग्रेस ने नारनौंद हलके से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जस्सी पेटवाड़ के समर्थन में रैली की थी। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा पहुंचे थे। रैली में स्टेज के पास युवाओं ने धक्का-मुक्की शुरू कर दी, जिसके कारण कुछ युवक बिजली की तारों में फंस गए। इनमें से एक युवक वीरभान को करंट लग गया और वह इसी समय अचेत अवस्था में जमीन पर गिर गया। पहले उसे नारनौंद के सामान्य अस्पताल में ले जाया गया।

# सुक्खू सरकार का फैसला- हिमाचल में अब हर टॉयलेट सीट पर लगेगा टैक्स

**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार अब राज्य में टॉयलेट सीट टैक्स वसूल करने की तैयारी में है। लोगों पर अब उनके घरों में मौजूद टॉयलेट सीट्स की संख्या के आधार पर टैक्स चुकाना होगा। दरअसल, वित्तीय संकट से जूझ रही राज्य सरकार ने हाल ही में इस संबंध में अधिसूचना जारी की है।

सीवरेज और पानी के बिल से जुड़ी सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपने घर में बने टॉयलेट की हर एक सीट के लिए 25 रुपये का शुल्क देना होगा। सीवरेज बिल के साथ यह अतिरिक्त शुल्क जल शक्ति विभाग के खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि सीवरेज बिल पानी के बिल का 30 प्रतिशत होगा।

नोटिफिकेशन के अनुसार, जो लोग अपने सोर्स से पानी का उपयोग करते हैं



और केवल सरकारी विभाग से सीवरेज कनेक्शन का उपयोग करते हैं, उन्हें हर महीने प्रति टॉयलेट सीट 25 रुपये का शुल्क देना होगा। विभाग ने इसे लेकर आदेश सभी मंडल अधिकारियों को जारी कर दिए हैं। इससे पहले पहाड़ी राज्य में पानी के बिल जारी नहीं किए जाते थे।

बीजेपी सरकार ने घोषणा की थी कि अगर वह सत्ता में आई तो मुफ्त पानी दिया जाएगा। लेकिन हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने अब हर कनेक्शन पर 100 रुपये महीने पानी का बिल जारी करने का आदेश दिया है। इसकी शुरुआत अक्टूबर से हो गई है। शहरी क्षेत्रों में रहने वालों को इन नए सरकारी शुल्कों का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

ऐसा इसलिए है क्योंकि आमतौर पर लोग अपने घरों में कई टॉयलेट बनवाते हैं और अब प्रत्येक टॉयलेट सीट पर शुल्क लगाया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में कुल 5 नगर निगम, 29 नगर पालिकाएं और 17 नगर पंचायतें हैं, जिनमें कुल मिलाकर लगभग 10 लाख लोग रहते हैं। सरकार के नए आदेश से राज्य की एक बड़ी आबादी पर असर पड़ने की उम्मीद है।

टॉयलेट टैक्स को लेकर बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, जहां भी कांग्रेस आई, वहां महंगाई लाई, बर्बादी लाई। अब हिमाचल प्रदेश में, अपने वादों से राज्य को दिवालिया बनाने के बाद, हम देख रहे हैं कि कैसे लोगों पर लगातार टैक्स लगाया जा रहा है। यहां तक कि कांग्रेस पार्टी ने टॉयलेट को भी नहीं बख्शा। कांग्रेस पार्टी बहुत सारे वादे करती है, लेकिन वे कभी उन्हें पूरा नहीं करते। वे बस राज्यों को दिवालिया बनाते हैं और इस तरह के टैक्स लगाते हैं।

### भारत से कैसा दिखता है पवित्र कैलाश पर्वत, पहली बार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** पहली बार भारत से ही पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन किए गए। गुरुवार को श्रद्धालुओं ने पुराने लिपुलेख दर्रे से कैलाश पर्वत का नजारा लिया। ओल्ड लिपुलेख पास उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में व्यास घाटी में है। इससे पहले कैलाश के दर्शन करने के लिए लोगों को तिब्बत तक जाना पड़ता था। यह भारत से ही कैलाश के दर्शन करने वाला श्रद्धालुओं का पहला जत्था है। पिथौरागढ़ जिले के पर्यटन अधिकारी कृति चंद्र आर्या ने कहा, पुराने लिपुलेख दर्रे से पांच श्रद्धालुओं ने कैलाश पर्वत के दर्शन किए हैं। बुधवार को वे गुंजी कैंप पहुंचे थे। इसके बाद कैलाश के दर्शन करने के लिए उन्हें ढाई किलोमीटर पैदल चलकर पुराने लिपुलेख दर्रे तक पहुंचना था। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी विभागों को कैलाश का दर्शन सुलभ बनाने के लिए धन्यवाद दिया है।

### जीसस पर भाजपा विधायक की टिप्पणी से उबले ईसाई, 130 किलोमीटर लंबी चेन बना दी चेतावनी

**जशपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर की भाजपा विधायक रायमुनि भगत की ईसा मसीह को लेकर की गई टिप्पणी से ईसाई समुदाय में भारी आक्रोश है। समुदाय के लोगों ने विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए जशपुर के सभी पुलिस थानों में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर सड़क उतरकर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में ईसाई समुदाय के लोगों ने बृहस्पतिवार को लगभग 130 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाकर ईसा मसीह के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए भाजपा विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। ईसाई आदिवासी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार किस्पोट्टा ने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने पत्थलगांव से लोदाम गांव तक एक-दूसरे का हाथ पकड़कर लगभग 130 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला तैयार बनाई और विरोध प्रदर्शन किया। किस्पोट्टा ने कहा कि विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया गया। इस दौरान ईसा मसीह के बारे में जशपुर की भाजपा विधायक रायमुनि भगत की आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई। भगत ने जिले के आस्ता पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढेंगनी गांव में एक कार्यक्रम के दौरान स्थानीय बोली में कथित तौर पर ईसा मसीह और धर्मांतरण के बारे में टिप्पणी की थी। बाद में उनके बयान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद ईसाई समुदाय के लोगों ने विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए जशपुर के सभी पुलिस थानों में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। किस्पोट्टा ने कहा कि भगत के बयान को लेकर ईसाइयों में भारी आक्रोश है। इस संबंध में शिकायत करने के बावजूद अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, इसलिए हमने मानव श्रृंखला बनाकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया। उन्होंने चेतावनी दी कि इसके बाद भी यदि विधायक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### यमुना एक्सप्रेसवे पर सफर 12 प्रतिशत तक हुआ महंगा

**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा से आगरा तक यमुना एक्सप्रेसवे पर गुरुवार से सफर अब और महंगा हो गया है। इस बार टोल दरों में 5 से 12 फीसदी तक की वृद्धि की गई है। बढ़ी हुई नई टोल दरें बुधवार रात 12 से लागू कर दी गई हैं। नई दरें दोपहिया से लेकर सभी प्रकार के हल्के और भारी वाहनों पर लागू होंगी।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे की टोल दरों में वर्ष 2021-22 के बाद इजाफा किया गया है। टोल दरों में वृद्धि के लिए जेपी इंफ्राटेक ने वर्ष 2022-23 में ही दरें बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन तीन वर्षों तक दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया। अब जेपी इंफ्राटेक द्वारा 2022-23 में दिए गए प्रस्ताव की दरों को ही वर्ष 2024-25 में तीन अक्टूबर से लागू कर दिया गया है।

नई टोल दरों के अनुसार, अब मोटरसाइकिल, तीन पहिया व ट्रैक्टर के लिए ग्रेटर नोएडा से आगरा तक 247.5 रुपये टोल लगेगा। वहीं कार व जीप जैसे वाहनों को 486.75 रुपए। हल्के वाहन जैसे छोटे हाथी व अन्य टेम्पो को 759 रुपये, बस व ट्रक जैसे वाहनों को 1542.75 रुपये, भारी निर्माण कार्य मशीनों के लिए 2351.25 रुपये का टोल लगेगा, भारी निर्माण कार्य की मशीनों के लिए 2186.25 रुपये और विशाल आकार के वाहन के लिए 3027.75 रुपये अदा करने होंगे। बता दें कि, 26 सितंबर को हुई यमुना विकास प्राधिकरण की बोर्ड की बैठक के बाद यमुना एक्सप्रेसवे पर नई टोल दरें लागू करने का फैसला किया गया था। इससे पहले वर्ष 2021-22 में टोल की दरें बढ़ाई गई थीं। ग्रेटर नोएडा से आगरा तक यमुना एक्सप्रेसवे की लंबाई 165 किलोमीटर है, जिससे हर रोज 35 हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। वीकेंड में वाहनों की संख्या प्रतिदिन 50 हजार तक पहुंच जाती है।

# शातिर महिला ने फर्जी आईबी अफसर बन पुलिस को ही धमकाया, ऐप से करती थी कॉल; पुलिस रिमांड में खुलासा

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा सेक्टर-142 पुलिस द्वारा 20 दिन पहले गिरफ्तार की गई फर्जी महिला आईबी अधिकारी जोया खान ने पुलिस कस्टडी रिमांड में एक बड़ा खुलासा किया। उसने बताया कि एक केस की पैरवी के लिए वह पुलिस को धमका रही थी। उसने विवेचक, कोतवाली प्रभारी और डीसीपी को भी कॉल की थी।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आरोपी महिला की पहचान जोया खान निवासी तिवारी कैंपस थाना सदर बाजार मेरठ के रूप में हुई है। वह सेक्टर-142 थाने में दर्ज एक मुकदमे की पैरवी करने के लिए फर्जी अधिकारी बनकर पुलिस अधिकारियों को कॉल कर दबाव बना रही थी। आरोपी महिला ने खुद को आईबी और रॉ का अधिकारी बताकर पुलिस अधिकारियों को कॉल की थी। उसने पुलिस को मुकदमे में जल्द से जल्द चार्जशीट लगाने के लिए धमकाया था। इस प्रकरण के वादी के पास भी महिला ने कॉल की थी। वादी की



शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण की जांच की और करीब 20 दिन पहले महिला को गिरफ्तार किया था। अब पुलिस ने कोर्ट से रिमांड पर लाकर महिला से पूछताछ की है।

डीसीपी के मुताबिक, सेक्टर-142 थाना क्षेत्र में हाल ही में बैंक मैनेजर ने सातवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली थी। इस मामले में मैनेजर की पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपी महिला जोया खान द्वारा इस प्रकरण में पैरवी की जा रही थी। आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई किए जाने और चार्जशीट लगाए जाने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस अधिकारियों ने संदेह होने पर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि उसने यूपीएससी की तैयारी की थी, लेकिन उसका सिलेक्शन नहीं हो पाया था। इसके बाद से वह खुद को पुलिस अधिकारी बताकर लोगों और पुलिस अधिकारियों पर रौब झाड़ती थी। इसके अलावा रुपये भी वसूलती थी। उसके पास से नीली बत्ती लगी कार भी बरामद हो चुकी है। ग्रेटर नोएडा पुलिस ने वर्ष 2019 में आरोपी महिला जोया खान को गिरफ्तार किया था। उस दौरान आरोपी महिला ने फर्जी आईएफएस अधिकारी बनकर पुलिस को कॉल की थी। वह पुलिस एस्कॉर्ट के साथ तत्कालीन एसएसपी से मिलने पहुंची थी। तत्कालीन एसएसपी वैभव कृष्ण ने संदेह होने पर महिला की जांच करवाई थी। इसके बाद इसका खुलासा हुआ था। महिला के साथ इसके एक तथाकथित पति को भी गिरफ्तार किया गया था। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पकड़ी गई आरोपी महिला ने वॉट्सऐप की डीपी पर अपनी डीआईजी की वर्दी पहने हुए फोटो लगा रखी थी। पुलिस द्वारा इसकी जांच की गई तो पता चला कि एक बार दिल्ली में डीआईजी द्वारा पीसी की गई थी। इसमें महिला शामिल हुई थी। इसके बाद डीआईजी की वर्दी को देखकर इसने फोटो एडिट कर खुद की फोटो तैयार की थी।

# गौ-पालन पर सब्सिडी में गुजरात, मप्र से आगे निकला महाराष्ट्र, खजाने पर 230 करोड़ रुपए बढ़ेगा बोझ

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में महायुति सरकार ने गौशालाओं में देसी गायों के लिए सब्सिडी की घोषणा की है। इस सब्सिडी के तहत रजिस्टर्ड गौशालाओं को प्रति देसी गाय के लिए हर दिन 50 रुपए की सब्सिडी मिलेगी। महाराष्ट्र में जारी हुई यह सब्सिडी अन्य भाजपा शासित राज्यों से कहीं ज्यादा है। गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान में गौशालाओं को हर दिन प्रति देसी गाय 20 से 40 रुपए की सब्सिडी दी जाती है। वैसे इस नई योजना से महाराष्ट्र सरकार पर हर साल 230 करोड़ रुपए का आर्थिक बोझ भी बढ़ा है। गौरतलब है कि गौशालाओं को आर्थिक मदद मुहैया कराने के लिए यहां पर पहले ही दो योजनाएं चल रही हैं। प्रदेश के वित्त विभाग ने किसी नई सब्सिडी के लिए मना किया था, लेकिन महाराष्ट्र सरकार ने उसकी सलाह को दरकिनार कर दिया है। गौरतलब है कि कुछ ही दिन पहले महाराष्ट्र में गाय को राज्यमाता बनाने का ऐलान किया गया था।

पशुपालन विभाग ने रजिस्टर्ड गौशालाओं के लिए प्रति गाय 30 रुपए प्रतिदिन का प्रस्ताव महाराष्ट्र कैबिनेट के पास भेजा था। इसका मकसद प्रदेश में कम हो रही देसी गायों के संरक्षण को बढ़ावा देना था। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक प्रस्ताव में पहले से जारी योजनाओं का लाभ ले रही गौशालाओं को इससे अलग रखने की बात भी कही गई थी। लेकिन प्रस्ताव पर विचार करने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने हर दिन 50 रुपए प्रति गाय सब्सिडी देने का फैसला किया। यह प्रस्तावित सब्सिडी से 66 फीसदी ज्यादा है। इससे सालाना व्यय 135 करोड़ से बढ़कर 233 करोड़ हो गया है।

सूत्रों के मुताबिक यह बदलाव पशुपालन मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल के कहने पर किया गया है। महाराष्ट्र में कुल 824 पंजीकृत गौशाला हैं। अनुमान के मुताबिक इनमें 1,23,389 गाएं हैं। सब्सिडी के लिए प्रस्ताव मांगने वाले प्रस्ताव में पशुपालन विभाग ने कहा कि प्रदेश में 2012 में देसी गायों की संख्या 50.5 लाख थी जो 2019 में घटकर 46 लाख रह गई। इसमें यह भी कहा गया कि गौशालाओं में एक गाय के रख-रखाव पर हर दिन 80 रुपए का खर्च आता है। ऐसे में उनकी आर्थिक मदद की जानी चाहिए। हालांकि वित्त विभाग और योजना विभाग ने योजनाओं के दोहराव और नॉन-मेरिट सब्सिडी पर रोक की बात कही थी।

### हरियाणा विधानसभा चुनाव: कहीं बिगाड़ेंगे खेल, तो कहीं त्रिकोणीय मुकाबले में निर्दलीय उम्मीदवार

**चंडीगढ़ , एजेंसी।**
हरियाणा विधानसभा चुनाव का प्रचार खत्म होने के बाद सभी की नजरें निर्दलीय उम्मीदवारों पर टिकी हुई है। कहीं ये आमने-सामने की टक्कर में नजर आ रहे तो कहीं पर त्रिकोणीय मुकाबला बना रहे। फरीदाबाद मंडल की 12 विधानसभा क्षेत्रों में से छह विधानसभा सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार राष्ट्रीय दलों के उम्मीदवारों को टक्कर देते नजर आ रहे हैं। पृथला विधानसभा क्षेत्र में भी दो निर्दलीयों पर नजर है। यहां से निवर्तमान विधायक नयनपाल रावत फिर से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में हैं। डागर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। जजपा-आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी द्वारा कांग्रेस को समर्थन देने के बाद जजपा-आजाद समाज पार्टी ने दीपक डागर को समर्थन दिया है। इससे पृथला विधानसभा क्षेत्र में मुकाबला दिलचस्प बना हुआ है। तिगांव विधानसभा क्षेत्र में भी कांग्रेस पार्टी द्वारा टिकट काटे जाने से नाराज होकर पूर्व विधायक ललित नागर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भाजपा उम्मीदवार राजेश नागर और कांग्रेस उम्मीदवार रोहित



नागर को कड़ी चुनौती पेश कर दी है। उधर, बल्लभगढ़ में कांग्रेस पार्टी ने बल्लभगढ़ सीट पर शारदा राठौर के स्थान पर पराग शर्मा को टिकट दी। टिकट कटने के बाद वह निर्दलीय चुनाव मैदान में कूद गईं। अब वे यहां से भाजपा उम्मीदवार मूलचंद शर्मा को टक्कर दे रही हैं। उधर, पुन्हाना विधानसभा सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार एवं पूर्व विधायक रहीश खान ने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार मोहम्मद इलियास के सामने कड़ी चुनौती पेश कर दी है। हथीन विधानसभा सीट पर पूर्व विधायक केहर सिंह रावत भाजपा से टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

# पीएम इंटर्नशिप योजना में लागू होगा आरक्षण, पहली बार प्राइवेट कंपनियों में कोटे से एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
केंद्र सरकार की ओर से गुरुवार को पीएम इंटर्नशिप योजना की शुरुआत कर दी गई है। दिवाली से पहले देश के एक लाख युवाओं के लिए मोदी सरकार ने यह बड़ा तोहफा दिया है। इसके तहत देश की टॉप 500 कंपनियों में इन लोगों को इंटर्नशिप का मौका दिया जाएगा और उन्हें 66,000 रुपये की आर्थिक मदद भी इस दौरान सरकार की ओर से दी जाएगी। कंपनियों के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अनुसार 500 कंपनियों के नाम तय किए गए हैं, जिनमें युवाओं को प्रशिक्षण का मौका दिया जाना है। यह मौका 21 से 24 साल के युवाओं को दिया जाएगा।

इसके लिए कॉरपोरेट मिनिस्ट्री ने एक पोर्टल भी बनाया है। अब तक इस पोर्टल पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, मैक्स लाइफ समेत 111 कंपनियों ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है। इसके



अलावा 1079 इंटर्नशिप प्रोग्राम ऑफर भी किए हैं। अब तक ये उत्तराखंड, तेलंगाना, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों में ही दिए गए हैं। इन कंपनियों में मुख्य तौर पर प्रोडक्शन और मेंटनेंस डिपार्टमेंट में इंटर्नशिप प्रोग्राम ऑफर किए हैं। अहम बात यह है कि पीएम इंटर्नशिप योजना में एससी,एसटी और ओबीसी आरक्षण को भी लागू किया जाएगा। यह पहला मौका है, जब निजी सेक्टर को लेकर बनी किसी स्कीम में आरक्षण की व्यवस्था लागू की जाएगी। हालांकि इसमें एक तरह से क्रीमीलेयर का नियम भी जोड़ा गया है।

प्रावधान तय किया गया है कि सालाना 8 लाख रुपये या उससे कम की पारिवारिक आय वाले लोगों को ही इसमें आवेदन का मौका मिलेगा। इसी लिमिट के भीतर ही 50 फीसदी आरक्षण का नियम भी लागू किया जाएगा। इस स्कीम में डॉक्टर, सीए, आईआईटी, आईआईएम से ग्रैजुएट लोग भी आवेदन कर सकेंगे। सरकार का कहना है कि इस स्कीम के तहत युवाओं को उनके होम डिस्ट्रिक्ट या फिर पास के किसी जिले में इंटर्नशिप का मौका दिया जाएगा। सरकार इस स्कीम को 2 दिसंबर तक अमल में ले आना चाहती है।

सरकारी अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में 800 करोड़ रुपये इस योजना में खर्च होंगे। इसके तहत हर महीने युवाओं को 5000 रुपये मिलेंगे और एक बार अतिरिक्त 6000 की सहायता राशि दी जाएगी। अब तक मिली जानकारी के अनुसार 1 लाख युवाओं को इंटर्नशिप की योजना को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लॉन्च किया गया है। इसके बाद इसका अध्ययन किया जाएगा और 5 साल में एक करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण का मौका देने का प्रयास किया जाएगा। उस स्कीम के लिए पायलट प्रोजेक्ट की स्टडी की जाएगी।

### पश्चिम बंगाल में लोग पुरानी कीमतों पर बीयर और अन्य शराब खरीद सकेंगे

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में 16 अगस्त से शराब की कीमतें बढ़ चुकी हैं। हालांकि, शराब पीने के शौकीन लोगों के लिए एक राहत भरी खबर है। पूजा से ठीक पहले कोलकाता के लोग पुरानी कीमतों पर बीयर और अन्य शराब खरीद सकेंगे। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कई खुदरा विक्रेता और दुकानें 16 अगस्त से पहले पुरानी कीमत वाली शराब का स्टॉक कर रहे थे। वे शराब को नई कीमत पर तब तक नहीं बेच पाएंगे जब तक कि पूरी शराब और बीयर नहीं बिक जाती। ऐसे में पूजा के दौरान कई जगहों पर पुरानी कीमतों पर ही शराब बेची जाएगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगले 6-7 दिनों तक शराब और बीयर के कई ब्रांड पुरानी कीमतों पर ही बाजार में उपलब्ध रहेंगे।

## सार समाचार

### आईओए : विवाद के बीच पीटी उषा ने बुलाई विशेष आम सभा, 25 अक्तूबर को होगी बैठक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस बैठक का आह्वान तब किया गया है जब 26 सितंबर को उषा का कार्यकारी परिषद के साथ एक बार फिर सीईओ को लेकर टकराव हुआ था। कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति पर अपना विरोध दोहराया था। सीईओ की नियुक्ति को अभी कार्यकारी परिषद की मंजूरी नहीं मिली है।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति को लेकर संगठन में मचे घमासान के बीच 25 अक्तूबर को विशेष आम सभा (एसजीएम) बुलाई है। बैठक में सीईओ रघुराम अय्यर की नियुक्ति, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव पर भ्रष्टाचार के आरोपों की शिकायत और कई परिषद सदस्यों की पद संभालने की कथित अपात्रता के मुद्दों पर चर्चा होगी।

**आईओए भवन में होगी एसजीएम**

इन विषयों को लेकर आईओए अध्यक्ष उषा और परिषद के कई सदस्यों के बीच तनातनी चल रही है। खासतौर पर सीईओ की नियुक्ति को लेकर कार्यकारी परिषद के सदस्य विरोध कर रहे हैं। सीईओ की मोटी पगार और पद के लिए उनकी उपयुक्तता को लेकर विरोध किया जा रहा है। पूर्व स्टार एथलीट पीटी उषा ने अधिकारियों को भेजे ई-मेल में कहा कि ये सभी मुद्दे असाधारण और आकस्मिक हैं और ऐसे में प्रभावी निर्णय लेने की जरूरत है और मैं विशेष आम सभा 25 अक्तूबर को आईओए भवन में सुबह 11 बजे बुला रही हूं। जो लोग एसजीएम में खुद उपस्थित नहीं हो सकते वे वेबेक्स के जरिए इसमें शामिल हो सकते हैं, इसके लिए आईओए की वेबसाइट पर लिंक उपलब्ध होगा।

**उषा बोलीं- संघ के सुचारू संचालन के लिए सीईओ महत्वपूर्ण**

इस बैठक का आह्वान तब किया गया है जब 26 सितंबर को उषा का कार्यकारी परिषद के साथ एक बार फिर सीईओ को लेकर टकराव हुआ था। कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति पर अपना विरोध दोहराया था। सीईओ की नियुक्ति को अभी कार्यकारी परिषद की मंजूरी नहीं मिली है। उषा ने चेतावनी दी है कि संघ के सुचारू संचालन के लिए सीईओ महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा, कार्यकारी परिषद के कुछ सदस्यों द्वारा इस नियुक्ति को स्वीकार करने में देरी और इनकार से हमारे शासन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर असर पड़ रहा है।

### अंगद चीमा 10 अंडर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेलकर शीर्ष पर



**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** चंडीगढ़ के गोल्फर अंगद चीमा ने बृहस्पतिवार को यहां एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि के विजाग ओपन के दूसरे दौर में 10 अंडर 61 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष पर पहुंच गये। पीजीटीआई रैंकिंग में अभी चौथे स्थान पर चल रहे चीमा का दो दौर के बाद कुल स्कोर 12 अंडर 130 का है जिससे वह चार शॉट की बढ़त बनाए हैं। इस सत्र में अभी तक छह बार शीर्ष 10 में रह चुके चीमा ने पहले दौर में 69 का कार्ड खेला था।

टॉम मूडी ने साधा हार्दिक पांड्या पर सीधा निशाना

# क्या वह 18 करोड़ का खिलाड़ी है?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में कुछ दिन पहले इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें संस्करण के लिए खिलाड़ी नियम जारी किए हैं। नियमों के तहत एक फ्रेंचाइजी छह खिलाड़ियों को साथ रख सकती है। इनमें दो खिलाड़ियों को 18 करोड़ रुपए की स्लैब में रखा गया है जबकि कुछेक को 14 करोड़ रुपए मिलेंगे। एक खिलाड़ी को 11 करोड़ मिलेंगे। इन स्लैब पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई और सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व मुख्य कोच टॉम मूडी ने अपने विचार रखे। मूडी ने बातों ही बातों में कहा कि जिस तरह से आईपीएल के पिछले संस्करण में चीजें हुईं, मुझे लगता है कि वह (रोहित शर्मा) पिछले 6-12 महीनों में जो कुछ हुआ उससे थोड़ा निराश होंगे। मेरे लिए 18 करोड़ की स्लैब में बुमराह और सूर्यकुमार यादव होंगे। जब आप हार्दिक पंड्या के साथ उन सभी क्षेत्रों का विश्लेषण करते हैं, तो क्या वह 18 करोड़ का खिलाड़ी बनने के लायक हैं?

क्या वह लायक है? यदि आपको 18 करोड़ का खिलाड़ी बनना है, तो आपको एक वास्तविक मैच विजेता बनना होगा और यह नियमित रूप से करना होगा। मूडी ने साफ तौर पर हार्दिक की फिटनेस और प्रदर्शन पर सवाल उठाया। आईपीएल 2016 विजेता मुख्य कोच ने उस रणनीति पर भी प्रकाश डाला जो एमआई ने पिछले कुछ संस्करणों में अपनाई है, जिसने उन्हें मुश्किल में डाल दिया। उन्होंने अपनी बात को स्पष्ट करने के लिए इशान किशन और जोफ्रा आर्चर के निश्चित मामले प्रदान करके अपनी राय को सही ठहराया। मूडी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उन्हें नीलामी की मेज पर थोड़ी समस्या हुई है।

वे कुछ मामलों में बहुत अधिक वफादार हो गए हैं और खिलाड़ियों को अपनी टीम में बनाए रखने या वापस लाने की कोशिश की है, जो उन्हें महंगा पड़ रहा है। क्लासिक उदाहरण ईशान किशन और जोफ्रा आर्चर थे, दोनों भारी कीमत पर आ रहे थे? मैंने ईशान किशन को देखा और मुझे लगता है कि देखो, वह एक शानदार खिलाड़ी है और बहुत रोमांचक भी है। लेकिन आगामी नीलामी में उन्हें कुछ कठोर निर्णय लेने होंगे।

# टी20 वर्ल्ड कप की जीत ने मेरी लाइफ को बदल दिया: रोहित शर्मा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले दिनों रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप जीता. भारतीय टीम ने फाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर दूसरी बार टाइटल अपने नाम किया. इससे पहले टीम इंडिया ने महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप 2007 जीता था. अब सोशल मीडिया पर रोहित शर्मा का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद अपने अनुभव को साझा कर रहे हैं. साथ ही उन्होंने बताया कि टी20 वर्ल्ड कप जीत ने किस तरह उनकी लाइफ को बदल दिया.



रोहित शर्मा ने कहा कि हमारा सबसे बड़ा लक्ष्य वर्ल्ड कप जीतना था, इस वर्ल्ड कप जीत के बाद मेरी लाइफ में लाइफ आया. रोहित शर्मा मराठी भाषा में अपनी बातें रख रहे थे. इसके बाद लोगों का जोश देखने लायक था. भारतीय कप्तान ने कहा कि इससे बेहतर समय रिटायरमेंट के लिए नहीं हो सकता था, इसलिए मैंने टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद इंटरनेशनल टी20 को अलविदा कह दिया. सोशल मीडिया पर रोहित शर्मा का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं.

वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भारतीय टीम जीतते-जीतते रह गई. टीम इंडिया को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने हराया. इस तरह भारतीय टीम तीसरी बार वनडे वर्ल्ड कप चैंपियन बनने से चूक गई, लेकिन इसके बाद रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 अपने नाम कर लिया. इससे पहले महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2007 जीता था. इस तरह रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बने.

# बबीता फोगाट ने विनेश फोगाट पर लगाया गंभीर आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पहलवानी के राजनीति के मैदान में अपनी किस्मत आजमा रही दिग्गज पहलवान विनेश फोगाट इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं. पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला 50 किलोग्राम कैटेगिरी में सिर्फ 100 ग्राम वजन ज्यादा होने की वजह से मेडल नहीं जीत सकी थीं. इसके बाद उन्होंने संन्यास का ऐलान कर दिया था. अब वह चुनाव के दंगल में हैं. इन सब के बीच विनेश फोगाट की चचेरी बहन बबीता फोगाट ने एक बड़ा आरोप लगाया है. बबीता ने विनेश पर पेरिस ओलंपिक में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद अपने 'धन्यवाद' नोट में चाचा महावीर फोगट का नाम नहीं लेने का आरोप लगाया गया है. विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद ही संन्यास ले लिया था और अपने 'धन्यवाद' नोट में उन्होंने कोच, फिजियो



और अन्य सहयोगी स्टाफ का शुक्रिया अदा किया था. लेकिन इस दौरान उन्होंने अपने पहले कोच महावीर फोगाट का नाम नहीं लिखा था. बबीता फोगाट ने हाल ही में टॉप एंगल विद सुशांत सिन्हा पर बातचीत करते हुए विनेश फोगाट पर ये आरोप लगाया. बबीता ने ये भी बताया कि विनेश फोगाट के अयोग्य घोषित किए जाने के बाद उनके पिता काफी रोए थे. बबीता फोगाट ने कहा, 'मैंने अपने जीवन में सिर्फ तीन बार अपने पिता को रोते देखा है. पहली बार, जब मेरी और मेरी बहनों की शादी हुई थी. दूसरी बार, जब मेरे चाचा की मृत्यु हुई और तीसरी बार, जब विनेश ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दी गई थी. जब मेरे चाचा की मृत्यु हुई, तो विनेश और उसके दोनों भाई-बहनों ने अचानक कुश्ती छोड़ दी. मेरे पिता उनके घर गए और उनकी मां से लड़कर उन्हें कुश्ती में वापस लाने की मांग की. कल्पना कीजिए कि विनेश को बनाने के लिए उन्होंने कितनी मेहनत की होगी. लेकिन उसने अपने गुरु को छोड़कर सभी का शुक्रिया अदा किया.

### विनेश फोगाट की सफलता में महावीर फोगाट का बड़ा हाथ

विनेश फोगाट का जन्म हरियाणा के बलाली गांव में हुआ था. विनेश फोगाट सिर्फ नौ साल की थीं, जब उनके पिता का निधन हो गया था. उनके पिता राजपाल सिंह फोगाट की मौत कैंसर से हो गई थी. इसके बाद विनेश के सपनों को साकार किया उनके पिता के बड़े भाई महावीर सिंह फोगाट ने किया, जिन्होंने अपनी बेटियों गीता, बबीता और संगीता को भी रेसलर बनाया.

## अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने रचाई शादी



**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने शादी कर ली है. राशिद ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में शादी रचाई. अफगानी स्पिनर की शादी पख्तून रीति-रिवाजों के साथ हुई. वायरल हुई तस्वीरों के मुताबिक राशिद ने 03 अक्टूबर, गुरुवार को शादी की. उनकी शादी में अफगानिस्तान के तमाम क्रिकेटर्स ने शिरकत की. राशिद की शादी की तमाम तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक, राशिद के साथ उनके तीन भाइयों की भी शादी हुई.

रिपोर्ट्स में दावा तो ये भी किया जा रहा है कि राशिद ने रिश्तेदारी में ही शादी की. अगर देखा जाए तो उन्होंने शादी करने के साथ ही एक बहुत बड़ा वादा तोड़ दिया. दरअसल कुछ साल पहले राशिद ने अपने इंटरव्यू में कहा था कि वो अफगानिस्तान टीम के वर्ल्ड कप जीतने के बाद शादी करेंगे. हालांकि गौर करने वाली बात यह है कि 2024 में अफगानिस्तान पहली बार टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंची थी.

**शादी में अफगानिस्तान के कई क्रिकेटर्स ने की शिरकत:** राशिद की शादी में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के लिए खेलने वाले उनके तमाम साथी क्रिकेटर्स ने शिरकत की. टीम के दिग्गज ऑलराउंडर मोहम्मद नबी शादी में नजर आए. इसके अलावा ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई भी दिखाई दिए. वहीं नजीबुल्लाह जादरान, रहमत शाह और मुजीब उर रहमान समेत कई और स्टार राशिद की शादी में नजर आए. बाकी अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ नसीब खान ने भी राशिद की शादी में शिरकत की.




## पीएसजी के बेराल्डो ने ब्राजील की फीफा विश्व कप क्वालीफायर टीम में चोटिल ब्रेमर की जगह ली

**ब्रासीलिया, एजेंसी।** पेरिस सेंट-जर्मेन के डिफेंडर लुकास बेराल्डो ब्राजील की टीम में चोटिल ग्लीसन ब्रेमर की जगह लेंगे, जो 2026 फीफा विश्व कप के क्वालीफायर में चिली और पेरू का सामना करेगी।

जुवेंटस के डिफेंडर ब्रेमर, जिन्हें बुधवार को बुल लिपजिग के खिलाफ चैंपियंस लीग मैच के दौरान बाएं घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट की चोट लगी थी, आने वाले दिनों में सर्जरी से गुजरेंगे। कोच डोरिवल जूनियर ने कहा, दुर्भाग्य से, हमें एथलीट ब्रेमर के गंभीर रूप से घायल होने की खबर मिली है, वह व्यक्ति जो हमारे सभी सम्मान, विचार, स्नेह और समर्थन का हकदार है, ताकि वह जल्द से जल्द वापस आ सके। उसकी जगह, हम पीएसजी से बेराल्डो को बुला रहे हैं। ब्राजील को चिली की राजधानी में नैशनल डी सैंटियागो में 10 अक्टूबर को क्वालीफायर के नौवें दौर में चिली का सामना करना है, इसके बाद 15 अक्टूबर को ब्रासीलिया में पेरू के साथ उनका मुकाबला होगा। आठ मैचों के बाद दस अंकों के साथ, ब्राजील कॉनमेबोल तालिका में पांचवें स्थान पर है।

यूरोपा लीग:

## मैन यूनाइटेड और पोर्टो के बीच मुकाबला 3-3 से ड्रॉ, टोटेनहम की जीत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने पोर्टो के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में आखिरी समय में एक अंक बचाया, टोटेनहम ने यूईएफए यूरोपा लीग मैचडे 2 में दो में से दो जीत दर्ज की। हैरी मैगुएर के स्टॉपेज-टाइम हैडर ने पोर्टो के साथ एक रोमांचक मुकाबले में दस खिलाड़ियों वाले यूनाइटेड के लिए एक अंक बचाया।

मार्कस रैशफोर्ड और रैसमस होजलुंड के माध्यम से यूनाइटेड ने 2-0 की बढ़त हासिल की, लेकिन आंद्रे ओनाना द्वारा बचाव करने के बाद पेपे ने मेजबानों के लिए हैडर से अच्छी प्रतिक्रिया दी और फिर सैमू ने ब्रेक से पहले बराबरी का गोल किया। ब्रूनो फर्नांडीस को दूसरा पीला कार्ड दिखाए जाने से पहले सैमू ने अपना दूसरा गोल नेट की छत पर मारकर पोर्टो को आगे कर दिया। पोर्टो जीत से कुछ ही पल दूर था, लेकिन मैगुएर ने क्रिश्चियन एरिक्सन के कॉर्नर को हेड करके गोल कर दिया। अन्यत्र, पपे सार और इन-फॉर्म ब्रेनन जॉनसन की शानदार फिनिश ने बुडापेस्ट में स्पर्स के लिए अधिकतम अंक सुनिश्चित किए।

पहले हाफ के मध्य में ही मेहमान टीम ने बढ़त बना ली थी, जब सार ने ढीली गेंद पर झपट्टा मारा, जिसके बाद जॉनसन ने लगातार पांचवां गेम खेलने के लिए बेंच से उतरकर स्ट्राइक किया। बरनबास वर्गा की शक्तिशाली वॉली ने एंजे पोस्टेकोग्लू के खिलाड़ियों के लिए एक नर्वस फिनिश स्थापित किया, लेकिन प्रीमियर लीग की टीम ने सभी प्रतियोगिताओं में लगातार पांचवीं जीत दर्ज की।

इंडिया-बांग्लादेश:

# ग्वालियर में 14 साल बाद इंटरनेशनल क्रिकेट की वापसी

### हाई स्कोरिंग मैच होने की उम्मीद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ग्वालियर में 14 साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट होना है। इससे पहले शहर में धारा 163 लागू है। हिंदू महासभा ने बंद बुलाया है। प्रशंसक रविवार (6 अक्टूबर) को तीन मैचों की सीरीज के पहले टी20 मैच में रनों की बरसात की उम्मीद कर सकते हैं। नया बना श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी करेगा।

मध्य प्रदेश लीग के पहले सीजन के स्कोर को देखते हुए भारत-बांग्लादेश टी20 हाई स्कोरिंग मैच होने की उम्मीद है। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के एक अधिकारी ने बताया, जून में यहां खेले गए 12 मैचों में टीमों ने चार बार 200 का आंकड़ा पार किया। यहां की पिचें बल्लेबाजों के लिए मददगार रही हैं और रविवार को भी इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। एमपीएल फाइनल में मालवा पैंथर्स ने ग्वालियर चीताज के खिलाफ एक गेंद शेष रहते 193 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। टूर्नामेंट की शुरुआत जबलपुर लायंस के 4 विकेट पर 249 रन बनाने से हुई। जवाब में भोपाल लेपर्ड्स ने 216 रन बनाए।



टूर्नामेंट के दौरान पहली पारी का औसत स्कोर 171 और दूसरी पारी का 150 रन रहा। अधिकारी ने कहा, औसत स्कोर में गिरावट आई क्योंकि तीन या चार मैच बारिश से प्रभावित थे।

टीम इंडिया के बॉलिंग कोच मोर्ने मोर्कल ने ग्वालियर में पहले नेट सेशन के दौरान ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के साथ समय बिताया। वह पांड्या के रन-अप पर काम कर रहे थे, खासकर तब जब पांड्या अपने बॉलिंग एक्शन की प्रैक्टिस कर रहे थे। पंड्या के स्टंप के करीब बॉलिंग करने से मोर्कल नाखुश लग रहे थे। हर बार जब पांड्या अपने बॉलिंग मार्क पर वापस जाते थे, तो नए बॉलिंग कोच उनके कान में कुछ कहते थे। 10-15 मिनट के बाद, मोर्कल को पांड्या को उनके रिलीज पॉइंट के बारे में कुछ इशारा करते हुए देखा गया।

### ग्वालियर में धारा 163 लागू

बांग्लादेश में हिंदुओं पर कथित अत्याचार के विरोध में हिंदू महासभा ने मैच के दिन ग्वालियर बंद का आह्वान किया है। इसका मुकाबला करने के लिए ग्वालियर की जिला मजिस्ट्रेट रुचिका सिंह ने सोमवार (7 अक्टूबर) तक धारा 163 लागू कर दी है और ग्वालियर पुलिस ने हिंदू महासभा के कम से कम 30 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस तरह, पांच या उससे अधिक लोग कहीं भी इकट्ठा नहीं हो सकते। साथ ही, प्रशासन की अनुमति के बिना जुलूस, प्रदर्शन या सार्वजनिक बैठकें नहीं की जा सकतीं। हिंदू महासभा ने बुधवार को भी विरोध प्रदर्शन किया, जिस दिन दोनों टीमें शहर में पहुंचीं।

## संक्षिप्त समाचार

### सीआरपीएफ जवान ने ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मारकर आत्महत्या की

**रांची, एजेंसी।** सीआरपीएफ के एक जवान ने ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. यह घटना नगड़ी थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित सेंबो स्थित सीआरपीएफ कैंप में गुरुवार सुबह घटी. यहां ड्यूटी पर रहे सीआरपीएफ के जवान ने अपनी इंसास राइफल से खुद को गोली मार ली. मौके पर ही उसकी मौत हो गयी घटना की सूचना मिलने के बाद सीआरपीएफ के वरीय अधिकारी समेत नजदीक के थाना की पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. सीआरपीएफ के जवान ने किस वजह से गोली मारी है, अब तक इसकी आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी सामने नहीं आयी है. बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से वह मानसिक रूप से तनाव में था. मृतक जवान की पहचान राहुल कुमार के रूप में हुई है, वह मूल रूप बोकारो जिले का रहने वाला था. गौरतलब है,कि इससे एक दिन पहले बुधवार की सुबह चाईबासा में एक एएसआई ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी.

**झारखंड में एक साल में 12 से अधिक जवानों ने की आत्महत्या:** झारखंड में बीते एक साल में पुलिस, अर्धसैनिक बल और सेना के 12 से अधिक जवानों ने आत्महत्या की है. इनकी आत्महत्या की मुख्य वजह या तो वर्क प्रेशर है, नहीं तो उनकी निजी जिंदगी में चल रही परेशानियां. बता दें कि ड्यूटी पर तनाव, ओवरटाइम और छुट्टी ना मिलना पुलिसकर्मियों की जिंदगी का हिस्सा बन गया है. इसका असर उनकी लाइफस्टाइल पर भी पड़ने लगा है. काम के दबाव के कारण उन्हें स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं. इन परेशानियों से तंग आकर पुलिसकर्मी आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं. पुलिसकर्मियों द्वारा समय से पहले रिटायरमेंट लेने के पीछे भी शायद यही वजह है।

### ईश्वर का दूसरा रूप है स्वच्छता : अंजनी कुमार

**धनबाद , एजेंसी।** डीवीसी मैथन परियोजना में बुधवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनायी गई. परियोजना प्रधान अंजनी कुमार दुबे ने बापू की तस्वीर पर फूल-माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. साथ ही परियोजना में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि ईश्वर का दूसरा रूप स्वच्छता ही है. आप अपने कार्य स्थल व घर के आसपास स्वच्छ रखें, ताकि आप स्वस्थ रह सकें. वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने पखवाड़े की रूपरेखा प्रस्तुत की. समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों और कार्मियों ने पुष्प अर्पित कर दोनों महापुरुषों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की. कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक (मानव संसाधन) पिंकी ने किया. मौके पर वरिष्ठ महाप्रबंधक राम स्नेह शर्मा, महाप्रबंधक सुरेंद्र साहू, शैलेश गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक दीपनारायण पटेल, संजीव कुमार समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे.

### झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पुलिस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को

**रांची, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड पुलिस को चुनाव मोड में लाने की तैयारी शुरू हो गयी है. जल्द ही झारखंड में आचार संहिता लग सकती हैं. इसे देखते हुए चार अक्टूबर( शुक्रवार) को सभी रेंज के डीआईजी और जिलों के एसपी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. प्रशिक्षण कार्यक्रम चुनाव आयोग के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा हैं. धुर्वा स्थित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम दिन के 11 बजे से शाम के 5.15 बजे तक चलेगा. निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार और आईजी अभियान एवी होमकर पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे.

**निर्वाचन आयोग के मैनुअल के तहत प्रशिक्षण दिया जायेगा:** विधानसभा चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में कराया जाना है. इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग नयी दिल्ली से जारी मैनुअल के तहत ही प्रशिक्षण पर जोर दिया जा रहा है. प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों को मतदानकर्मियों की सुरक्षा से लेकर बूथ की निगरानी तक की रणनीति से अवगत कराया जायेगा।

# झारखंड से दिल्ली के लिए चलेगी नई एक्सप्रेस ट्रेन, उड़ीसा रूट पर बनेंगी 3 रेलवे लाइन

**रांची, एजेंसी।** रेलवे ने दिल्ली रूट के लिए गोड्डा स्टेशन से एक नई एक्सप्रेस ट्रेन का ऐलान किया है। इसकी समय सारिणी भी रेलवे द्वारा जारी कर दी गई है। इसके साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड और ओडिशा की तीन नई लाइन का शिलान्यास कर सकती हैं। उनका 23 अक्तूबर को रायरंगपुर स्थित पैतृक गांव ऊपरबेड़ा में आगमन प्रस्तावित है। इससे ओडिशा मयूरभंज जिला प्रशासन रायरंगपुर स्टेशन से 18 किमी और ऊपरबेड़ा गांव के आधा किमी दूर खेत में हैलीपेड बनवा रहा है।

पिछले महीने प्रधानमंत्री ने भी चाकुलिया-बुरामारा, बादामपहाड़-क्योंझर और गुरुमाहिसानी-बांगडीपोसी नई लाइन को मंजूरी दी है। रेलवे करीब 57 सौ करोड़ से 227 किमी नई चाकुलिया-बुरामारा, बादामपहाड़-क्योंझर व गुरुमाहिसानी-बांगडीपोसी के बीच नई लाइन बिछाएगा। तीनों नए रेल मार्ग पर 18 स्टेशन बनेंगे, जबकि तीन सुरंग के साथ 447 छोटे-बड़े पुल व ओवरब्रिज बनाने की तैयारी है। रेलवे का मानना है कि तीनों नई लाइन शुरू होने से टाटानगर समेत हावड़ा-मुंबई और ओडिशा रेल मार्ग पर लाइन जाम की समस्या खत्म हो जाएगी और यात्री ट्रेनों के परिचालन में भी सुधार होगा।



**गोड्डा से दिल्ली ट्रेन को रेल मंत्रालय की स्वीकृति:** गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस परिचालन को रेल मंत्रालय की स्वीकृति मिल गई है। इस बाबत रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक (कोचिंग) विवेक कुमार सिन्हा द्वारा पत्र जारी किया गया है।

इसमें ट्रेन परिचालन की समय सारिणी दी गई है। ट्रेन परिचालन की तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी।

गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस साप्ताहिक चलेगी। ट्रेन दिल्ली से सोमवार दोपहर 3 बजे (14050) खुलेगी। गोड्डा मंगलवार दोपहर 3 बजकर 45 मिनट पर पहुंचेगी। गोड्डा से यह ट्रेन (14049) बुधवार पूर्वाह्न 10 बजे खुलेगी। गुरुवार सुबह 9 बजकर 10 मिनट पर दिल्ली पहुंचेगी।

**इन जगहों से होकर गुजरेगी ट्रेन दिल्ली गोड्डा एक्सप्रेस :** दिल्ली से खुलकर टुंडला, कानपुर, प्रयागराज, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, गया, कोडरमा, जमुआ, न्यू गिरिडीह, मधुपुर, जसीडीह, देवघर, ककनी और हंसडीहा होते हुए गोड्डा पहुंचेगी। गिरिडीह से ट्रेन का परिचालन लगभग 150 साल पहले शुरू हुआ था। गिरिडीह से मधुपुर या पारसनाथ जाकर ही गिरिडीहवासी दिल्ली के लिए ट्रेन पकड़ पाते थे।

की सवारी कर पाते थे। 150 साल बाद राजधानी दिल्ली के लिए ट्रेन की स्वीकृति मिलने पर गिरिडीहवासियों में हर्ष है। इसके लिए दक्षिण-पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, रेल मंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है।

## टाइगर जयराम महतो का ऐलान, डुमरी विधानसभा सीट से लड़ेंगे विधानसभा चुनाव; 6 और प्रत्याशी घोषित

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले झारखंड क्रांतिकारी लोकतांत्रिक मोर्चा ने छह विधानसभा सीटों से अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी अध्यक्ष जयराम महतो डुमरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने डुमरी, जमुआ, राजमहल, तमाड़, सरायकेला और छतरपुर सीट से प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। गुरुवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी अध्यक्ष जयराम महतो ने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि बुधवार को पारसनाथ में आयोजित केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से छह प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की गई। जयराम ने बताया कि अगले एक-दो दिनों में पार्टी की दूसरी सूची भी जारी की जाएगी। छह प्रत्याशियों में से दो महिलाओं को उन्होंने टिकट देकर आधी आबादी का



भी सम्मान किया है। अपनी दूसरी सीट के बारे में जयराम ने कहा कि वह टुंडी, बाघमारा, मांडू, गोमिया या बेरमो में से किसी एक सीट पर और चुनाव लड़ेंगे।

सिल्ली से अमित को प्रत्याशी बनाने का प्रयास जयराम महतो ने कहा कि सिल्ली को लेकर वह विशेष रणनीति तैयार कर रहे हैं। वहां से पूर्व विधायक अमित महतो को जेकेएलएम से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया है। वह चाहते हैं कि झारखंडी हित की बात करनेवाले नेता मिलकर चुनाव लड़ें तो बेहतर है।

खतियान आधारित नियोजन नीति समेत स्थानीय मुद्दों पर लड़ेंगे जयराम महतो ने कहा कि वह स्थानीय मुद्दे पर लड़ेंगे। झारखंड में खतियान आधारित नियोजन नीति की मांग पार्टी करती आ रही है। इस मुद्दे को वह जनता के बीच में ले जाएंगे। साथ ही विस्थापन, कोल एरिया में मजदूरों की समस्या को लेकर चुनाव में जाएंगे। झारखंड की लगभग सभी पाटियों ने उनसे गठबंधन के लिए ऑफर दिया है,पर वह किसी से गठबंधन नहीं करने वाले हैं। जयराम ने कहा कि संताल में बांग्लादेशी घुसपैठियों का वह विरोध करते हैं। घुसपैठियों की वजह से आदिवासियों की संख्या घट रही है। इससे झारखंड की डेमोग्राफी बदल जाएगी।

**70 सीटों पर लड़ेगी पार्टी, छह पर प्रत्याशी तय:** जयराम ने कहा कि उत्तरी छोटानागपुर की सभी सीटों समेत लगभग 70 सीटों पर पार्टी चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुकी है। बाकी सीटों पर आवेदन आए तो सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। जयराम महतो ने जमुआ से रोहित कुमार दास, राजमहल से मोतीलाल सरकार, तमाड़ से दमयंती मुंडा, सरायकेला से प्रेम मार्डी, छतरपुर से प्रीति राज को जेएलएलएम का प्रत्याशी घोषित किया है।

## कतरास में जनशक्ति दल के कार्यालय के पास झाड़ियों में बम मिलने से सनसनी

**धनबाद/कतरास, एजेंसी।** रामकनाली ओपी क्षेत्र के 8 लाइन सड़क किनारे जन शक्ति दल के प्रधान कार्यालय के समीप झाड़ियों में गुरुवार को एक जिंदा बम बरामद किया गया. जन शक्ति दल व जदयू समर्थकों के बीच जमीन विवाद के बाद बम मिलने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई. मामले को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं. खबर पाकर रामकनाली ओपी प्रभारी मंगल प्रसाद कुजूर मौके पर पहुंचे और बम को डिफ्यूज कराया. इसके बाद लोगों ने राहत की सांसें ली. बताया जाता है कि आठ लेन सड़क के किनारे दल के प्रधान कार्यालय जाने वाले मार्ग की झाड़ियों की साफ-सफाई दल के सुप्रीमो सूरज महतो के भाई करा रहे थे. साफ-सफाई कर रहे मजदूरों ने झाड़ियों में बम देख कर लोगों को जानकारी दी. देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जुट गई.

मालूम हो कि बीते दिनों उदलबनी मौजा की जमीन को लेकर जदयू प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह व जन शक्ति दल के सुप्रीमो सूरज महतो के समर्थकों के बीच मारपीट की घटना हुई थी. इस दौरान गोली चलने की बात भी कही जा रही थी. घटना के बाद एक ओर जहां दल के सुप्रीमो सूरज महतो ने जदयू प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह, उनके भतीजे सूरज सिंह, प्रिंस सिंह सहित अन्य पर हत्या की नियत से गोली चलाने का आरोप लगाया था. वहीं, दीप नारायण सिंह के भतीजे सूरज सिंह ने दल के सूरज महतो को अपराधी बताते हुए कहा था कि खमारगोडा की जमीन के एवज में उन लोगों से 50 लाख की रंगदारी मांग रहे थे. नहीं देने पर जमीन की बाउंड्री वॉल क्षतिग्रसत कर मारपीट की गई।

## दुर्गा पूजा के बीच सेलकर्मियों की हो गई बल्ले-बल्ले, मिलेगा 26,500 रुपये बोनस

**बोकारो, एजेंसी।** सेल कामगारों के बोनस पर एक अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रबंधन व एनजेसीएस नेताओं की वार्ता विफल होने के बाद प्रबंधन ने निर्णय किया है कि संयंत्रकर्मियों को इस मद में 26,500 रुपये तथा प्रशिक्षुओं को 21,200 रुपये देगा। यह राशि दुर्गापूजा से पहले कर्मियों के खाते में भेज दी जाएगी।

गुरुवार को सेल कॉरपोरेट ऑफिस से आदेश जारी कर दिया गया है। इस्को बर्नपुर स्टील प्लांट की तरफ से सर्कुलर भी जारी कर दिया गया है। बोकारो एवं अन्य स्टील प्लांट की ओर से शुक्रवार की सुबह आदेश जारी होने की संभावना है।

हालांकि, सेल प्रबंधन के आला अधिकारी एनजेसीएस के वरीय नेताओं से लगातार संपर्क कर रहे है। गत वर्ष भी समझौता नहीं होने की स्थिति में प्रबंधन ने 23 हजार रुपये का भुगतान कर दिया था।

एनजेसीएस स्टेयरिंग कमेटी के समन्वयक सह सीटू के वरिष्ठ नेता ललित मोहन मिश्र ने साफ कहा कि बोनस के मसले पर प्रबंधन के साथ कोई समझौता नहीं किया है, ना ही समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुआ है। ऐसे में यदि संयंत्रकर्मियों के बैंक खाते में प्रबंधन अपनी ओर से बोनस राशि भेज रहा है तो यह मनमानी है।




पिछले साल भी प्रबंधन ने बोनस के समय ऐसा ही किया था। ऐसे में सेल में नवंबर के बजाय अक्टूबर में ही हड़ताल हो जाएगी जो 30 जून, 2021 की ऐतिहासिक हड़ताल से भी घातक परिणाम देने वाली होगी। प्रबंधन ने बोनस मद में 26,500 रुपये का प्रस्ताव दिया, जबकि हम 52 हजार रुपये की मांग कर रहे है।

इस मुद्दे पर प्रबंधन यदि अगली बैठक बुलाता है तो हम जरूर जाएंगे, लेकिन कर्मचारियों की मेहनत व कंपनी का लाभ देखते हुए 40,500 रुपये से कम बोनस पर समझौता नहीं होगा।

वहीं, इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजीवा रेड्डी ने कहा कि सेल में हड़ताल ही अब एकमात्र विकल्प रह गया है। प्रबंधन यदि कामगारों के बैंक खाते में राशि भेज भी देता है तो हमारा निर्णय नहीं बदलेगा। एनजेसीएस की पांचों यूनियन की ताकत कर्मचारियों को उनका हक दिलाकर रहेगी।

कंपनी के पूर्व अधिकारियों का 11 माह का बकाया पर्क्स तथा सेवारत अफसरों के पीआरपी भुगतान पर पेंच फंस गया है। सेल प्रबंधन कंपनी की वित्तीय स्थिति का हवाला देकर ज्यादा बोनस देने को तैयार नहीं है।

ऐसे में बगैर बोनस समझौता अधिकारियों को पीआरपी व पर्क्स दिया जाना आग में घी का काम करेगा। हालांकि माना जा रहा है कि कर्मचारियों को भुगतान के बाद अधिकारियों को लेकर भी निर्णय होगा।

## चंपई सोरेन का दावा, कहा- अंग्रेजों की तरह बांग्लादेशियों से खाली कराएंगे आदिवासियों की जमीन

**पाकुड़, एजेंसी।** भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बांग्लादेशी घुसपैठ पर हेमंत सोरेन की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने खून बहाकर अंग्रेजों को भगाया और उससे आदिवासियों की जमीन खाली कराई।

इसी तरह हम बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाकर अपनी जमीन खाली कराएंगे। हम आदिवासी बहन और बेटियों के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने देंगे। हमें जाहेर थान और मांझी थान को बचाना है। इसके लिए हमें एक और लड़ाई लड़नी पड़ी तो हम लड़ेंगे।

वे गुरुवार को पाकुड़ के बाजार समिति मैदान में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि संताल परगना में आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण कई गांव ऐसे हैं, जहां आज कोई आदिवासी नहीं बचा।

हम इस मामले में आदिवासी समाज को जगाएंगे। कहा कि हम सम्मेलन के माध्यम से आदिवासियों को जगाने आए हैं। उन्हें यह बताने आए हैं कि किस प्रकार उनके अस्तित्व को मिटाने का काम किया जा रहा है। उनकी सभ्यता, संस्कृति पर हमला किया जा रहा है।

यहां के बाद गांव-गांव जाकर आदिवासियों को जगाने का काम करेंगे। कहा कि आदिवासियों की परंपरागत कानून व्यवस्था के तहत यह काम किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आदिवासी



समाज की जमीन है। जब इस जमीन को बेचने का कोई कानून नहीं है।

एसपीटी एक्ट में कोई इसे खरीद नहीं सकता तो फिर जमीन की बिक्री कैसे हो गई। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा हम एक-एक जमीन वापस लेकर रहेंगे। उन्होंने सीतापहाड़ी, पत्थर घट्टा, नसीपुर आदि गांव का नाम लेते हुए कहा यह आदिवासी गांव था। आज इस गांव में एक भी आदिवासी नहीं बचे।

## पीजी मेडिकल कॉलेज में राज्य कोटा की 117 सीटों पर होगा नामांकन, लिस्ट भी हुई जारी



**रांची, एजेंसी।** राज्य के सरकारी मेडिकल कालेजों में पीजी मेडिकल पाठ्यक्रम के लिए राज्य कोटा की कुल 117 सीटों पर नामांकन होगा। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने नामांकन के लिए उपलब्ध सीटों की कालेजवार एवं विभागवार सूची जारी कर दी है।

इसके तहत रिम्स, रांची में 18 विभागों में कुल 90 सीटों पर नामांकन होगा, जिनमें सभी ओपेन सीटें हैं। एमजीएम, जमशेदपुर के 14 विभागों में कुल 21 सीटों पर नामांकन होगा, जिनमें 19 ओपेन तथा दो इन सर्विस कोटे की सीटें सम्मिलित हैं।

एसएनएमसीएच, धनबाद के दो विभागों में कुल पांच सीटों पर नामांकन होगा जो ओपेन सीटें हैं। रांची सदर अस्पताल के एक विभाग में एक सीट पर नामांकन होगा, जो इन सर्विस श्रेणी के अभ्यर्थी के लिए आरक्षित है।

बताते चलें कि इस बार राज्य के मेडिकल कालेजों में पीजी मेडिकल में नामांकन की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। इसके तहत अब सभी राउंड की काउंसलिंग के लिए एक बार ही आनलाइन पंजीकरण होना है।

पंजीकरण की समय सीमा एक अक्टूबर को खत्म हो चुकी है। आनलाइन पंजीकरण करानेवाले अभ्यर्थियों से राज्य मेधा सूची तैयार होगी, जिसके आधार पर ही पहली, दूसरी तथा तीसरी काउंसलिंग के साथ-साथ स्ट्रे राउंड की काउंसलिंग होगी।

राज्य में संचालित बीएड संस्थानों में बड़ी संख्या में सीटें अभी भी रिक्त हैं। तीन-तीन राउंड की काउंसलिंग के बाद भी सीटें रिक्त हैं। कई संस्थानों में 50 से अधिक सीटों पर अभी तक नामांकन नहीं हो सका है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने कुल 136 संस्थानों में रिक्त सीटों की सूची जारी कर दी है।

## चुनाव से पहले प्लस और मानइस का खेल, भाजपा को भी बनना पड़ेगा खतरों की खिलाड़ी



**रांची, एजेंसी।** राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक दलों में विरोधी को परास्त करने के लिए बैठकों, रैलियों व घोषणाओं के साथ ही उठापटक और कूदफांद भी चल रही है। ऐसे में एक दल को छोड़कर दूसरे दलों में जाने वाले नेताओं की संख्या भी बढ़ गई है।

सबसे ज्यादा नेता फिलहाल भाजपा की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि, इससे भाजपा के सामने भी एक मुश्किल आकर खड़ी हो गई है। चुनाव से पहले अन्य दलों से प्रभावी नेताओं के आने का क्रम जारी है।

इनके लिए सीटें सुरक्षित होने से पार्टी में पहले से सक्रिय नेताओं और कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है। पलामू में यह सामने भी आया। हुसैनाबाद के एनसीपी विधायक कमलेश कुमार सिंह भाजपा में शामिल होने वाले हैं।

इससे पूर्व से वहां सक्रिय नेताओं ने विरोध में संगठन पर दबाव बनाया। इस्तीफे की धमकी तक दी गई। नेताओं के साथ-साथ उनके समर्थकों के आने से स्थानीय स्तर पर राजनीति भी बड़े पैमाने पर प्रभावित होती है।

अन्य क्षेत्रों से भी इससे संबंधित शिकायतें पार्टी के प्रदेश नेतृत्व को मिल रही है। संभवतः ऐसी ही परिस्थिति से निपटने के लिए कुछ दिन पूर्व पार्टी के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि आने वालों की सूची अधिक है, लेकिन पार्टी विचार करने के बाद ही इस पर निर्णय करेगी।

भाजपा की यही दिक्कत गठबंधन के मोर्चे पर भी है। पार्टी ने जदयू के साथ तालमेल किया है। इस तालमेल से जो सीटें निकल रही हैं, उसपर भाजपा के प्रत्याशी चुनाव लड़ते रहे हैं। सीट जदयू के पाले में जाने का नुकसान दल को उठाना पड़ सकता है।

जदयू का संगठनात्मक ढांचा मजबूत नहीं है। ऐसे में उसकी अधिकाधिक निर्भरता भाजपा पर होगी। अन्य दल के पाले में सीट जाने से पार्टी के कार्यकर्ता शिथिल भी हो सकते हैं। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व को इसका अहसास है। एक वरीय पदाधिकारी ने कहा कि तालमेल के तहत चुनाव लड़ने के अपने फायदे-नुकसान हैं। गठबंधन का निर्णय शीर्ष नेतृत्व के जिम्मे हैं। केंद्रीय नेतृत्व से निर्देश प्राप्त होने के बाद कार्यकर्ताओं से बेहतर समन्वय का प्रयास किया जाएगा।